प्रकाशन का सफलतम 17 वां वर्ष

**सुविचार**

जन्म लेने वाले के लिए मृत्यु
उतनी ही निश्चित है, जितना कि
मृत होने वाले के लिए जन्म लेना
इसलिए जो अपरिहार्य है
उस पर शोक मत करो!

श्रीमद् भगवद् गीता

www.purvanchalsurya.com

आवाज आज की, नज़र कल पर

# पूर्वांचल सूर्य

रांची ➢ दिल्ली ➢ देवघर से प्रकाशित

RNI No.- JHAHIN/2007/24306





वर्ष - 17 | अंक 198 | दैनिक | रांची | शनिवार 02 मार्च 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर्ल परिसर से बटन दबा कर एवं हरी झंडी दिखा कर 35,700 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण

## कहा, पूरी हुई मोदी की गारंटी, भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाले देशों में से एक

**विशेष संवाददाता**

**सिंदरी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को झारखंड के सिंदरी, धनबाद में 35,700 करोड़ रुपये लागत की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। विकास परियोजनाओं में उर्वरक, रेल, विद्युत और कोयला क्षेत्र शामिल हैं। श्री मोदी ने हर्ल मॉडल का निरीक्षण किया और सिंदरी संयंत्र नियंत्रण कक्ष का भी दौरा किया और परियोजना से जुड़े कर्मियों से मिले।

उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज झारखंड में लगभग 37हजार करोड़ रुपये लागत की विकास परियोजनाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने किसानों, जनजातीय लोगों और नागरिकों को इसके लिए बधाई दी।







प्रधानमंत्री ने सिंदरी उर्वरक संयंत्र शुरू करने के अपने संकल्प का स्मरण करते हुए कहा, ÷यह मोदी की गारंटी थी और आज यह गारंटी पूरी हो गई है।÷ प्रधानमंत्री ने वर्ष 2018 में इस उर्वरक संयंत्र की नींव रखी थी और उन्होंने कहा कि इस संयंत्र के शुरू होने से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नये रास्ते खुल जाएंगे। प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत की यात्रा में आज की पहल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हर साल भारत को 360 लाख मीट्रिक टन यूरिया की जरूरत पड़ती है और वर्ष 2014 में भारत में सिर्फ 225 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन हुआ था। इस बड़े अंतर को पाटने कि लिए भारी आयात की आवश्यकता पडती थी। उन्होंने बताया, ÷हमारी सरकार के प्रयासों से पिछले 10 वर्षों में यूरिया का उत्पादन बढ़कर 310 लाख मीट्रिक टन हो गया है।÷ प्रधानमंत्री ने रामागुंडम, गोरखपुर और बरौनी उर्वरक संयंत्रों के पुनरुद्धार के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि सिंदरी को इस सूची में जोड़ा गया है। पीएम मोदी ने बताया कि अगले डेढ़ वर्ष में तालचेर फर्टिलाइजर प्लांट भी शुरू हो जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि वह उस संयंत्र को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री ने बताया कि ये 5 संयंत्र तेजी से 60 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन करेंगे, जो भारत को इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि आज का यह अवसर नई रेल लाइनों की शुरुआत के साथ मौजूदा रेल लाइनों के दोहरीकरण और कई अन्य रेलवे परियोजनाओं की शुरुआत के साथ झारखंड में रेलवे क्रांति के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत का भी प्रतीक है। उन्होंने इस क्षेत्र को नया रूप प्रदान करने वाली धनबाद - चंद्रपुरा रेल लाइन और बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर और मां कामाख्या शक्ति पीठ को जोड़ने वाली देवघर - डिब्रूगढ़ ट्रेन सेवा का उल्लेख किया। पीएम मोदी ने वाराणसी में वाराणसी - कोलकाता - रांची एक्सप्रेस की आधारशिला रखने का स्मरण करते हुए कहा कि इससे चतरा, हजारीबाग, रामगढ़ और बोकारो जैसे स्थानों को जोड़ने एवं पूरे झारखंड में यात्रा समय को कम करने के साथ - साथ पूरे पूर्वी भारत के लिए माल ढुलाई कनेक्टिविटी को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से झारखंड में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र के आर्थिक विकास में तेजी आएगी।

प्रधानमंत्री ने कहा, ÷सरकार ने पिछले 10 वर्षों में जनजातीय समुदाय, गरीबों, युवाओं और महिलाओं के विकास को प्राथमिकता देकर झारखंड के लिए महत्वपूर्ण काम किया है।÷ वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के महत्व पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज विश्व में तेजी से बढ़ती हुई प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। उन्होंने नवीनतम तिमाही के आर्थिक आंकड़ों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने रेखांकित किया कि अक्टूबर से दिसंबर 2023 तक वित्तीय तिमाही के दौरान 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई। यह भारत की बढ़ती क्षमता और विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में तेजी से हो रहे विकास को दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने राज्य को विकसित बनाने के प्रयास में सरकार के सर्वांगीण समर्थन पर प्रकाश डालते हुए कहा, ÷विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित झारखंड बनाना भी समान रूप से महत्वपूर्ण है।÷ पीएम मोदी ने यह विश्वास जताया कि भगवान बिरसा मुंडा की भूमि विकसित भारत के संकल्पों की ऊर्जा स्रोत बनेगी।

प्रधानमंत्री ने संक्षिप्त भाषण दिया क्योंकि उन्हें धनबाद जाना था। उन्होंने कहा कि सपने और संकल्प और अधिक मजबूत होंगे। उन्होंने झारखंड के लोगों को बधाई और शुभकामनाओं के साथ अपना संबोधन समाप्त किया। इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा झारखंड के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री को सुनने के लिए भाजपाईयों के साथ कांग्रेस पार्टी की झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, जेएमएम के जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, रामु मंडल आदि लोग भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री के भाषण को सुनने के लिए बड़ी संख्या में सिंदरी विधानसभा के युवा भाजपा नेता गौरव वक्ष उर्फ लक्की सिंह, सिंदरी नगर अध्यक्ष अरबिंद पाठक, महामंत्री इंद्रमोहन सिंह, राकेश तिवारी, सुमन चौधरी आदि लोग भी मौजूद थे। हर्ल के अधिकारीयों ने पुरे प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को बेहतरीन तरीके से किया, जिसके लिए धन्यवाद के पात्र हैं। सिंदरी वाशियों ने इस अनुपम कार्यक्रम का ब्याख्यान जब लोगों से सुना तो कहा काश हर्ल मैनेजमेंट कुछ एलीड़ी रोड़ाबांध, सहरपुरा, डोमगढ़ आदि में लगा देती तो वो दुर्लभ एवं अनोखा दृश्य के सभी साक्ष हो पाते।

# बंगाल में कुछ बड़ा होने जा रहा! बड़ी है तैयारी

## चुनावी तारीखों के ऐलान से पहले 100 सैन्य टुकड़ियां तैनात, सियासी हलचल तेज

**कोलकाता (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले ही पश्चिम बंगाल में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती शुरू हो गई है। मार्च के पहले हफ्ते में सीएपीएफ की करीब 150 टुकड़ियां राज्य में तैनात हो सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 100 कंपनियां आज यानी 1 मार्च को पहुंच रही हैं। इसके अलावा, 50 और सैन्य टुकड़ियां 7 मार्च को पहुंने वाली हैं। पोल पैनल के एक अधिकारी ने कहा, पश्चिम बंगाल में केंद्रीय बलों की तैनाती शुरू हो चुकी है। वे अभी से अलग-अलग इलाकों में विश्वास बहाली के कदम उठाएंगे। आने वाले दिनों में और भी जवान यहां आने वाले हैं। बंगाल के हर एक जिले में 3-7 सैन्य टुकड़ियों की तैनाती होगी। कोलकाता में करीब 10 कंपनियां



तैनात हो सकती हैं। सीनियर अधिकारी ने बताया कि बशीरहाट में 5 टुकड़ियां तैनात की जाएंगी। संदेशखाली बशीरहाट जिले में ही आता है, जहां यौन उत्पीड़न और भूमि हड़पने के आरोपों को लेकर राजनीति गरमाई हुई है। कई स्थानीय टीएमसी नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए हैं। बताया जा रहा है कि 6 कंपनियां पूर्वी मिदनापुर में तैनात की जाएंगी, जिसे भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी का गढ़ माना जाता है। ममता बनर्जी 2021 के विधानसभा चुनाव में पूर्वी मिदनापुर के नंदीग्राम में अधिकारी से हार गई थीं। सीनियर अधिकारी ने बताया कि मालदा और पूर्वी मिदनापुर में 7-7 सैन्य टुकड़ियां तैनात होंगी। आसनसोल-दुर्गापुर में 6, बशीरहाट-पश्चिमी मिदनापुर में 5 और पुरुलिया, बांकुरा व बीरभूम को 4 कंपनियों को तैनात किया जाएगा। चुनाव आयोग ने अभी तक चुनावों की तारीखों की घोषणा नहीं की है। इससे पहले ही केंद्रीय बलों की तैनाती से राज्य में राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने दी एमसीडी को भंग करने की चेतावनी

## कर्मचारियों के बकाए वेतन-पेंशन से जुड़ा है मामला, एएपी को झटका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एमसीडी कर्मचारियों के बकाए वेतन और पेंशन मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने सख्त चेतावनी दी है। कोर्ट ने कहा कि चार हफ्तों में सैलरी का भुगतान नहीं हुआ तो हम केंद्र को कहेंगे कि वो इसे भंग कर दे। दिल्ली उच्च न्यायालय ने एमसीडी को डिसॉल्व करने की चेतावनी दी है। हाईकोर्ट ने सेवारत कर्मचारियों के वेतन और पूर्व कर्मचारियों की पेंशन और बकाये का भुगतान करने में विफल रहने पर दिल्ली नगर निगम को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा, कर्मचारियों का वेतन–पेंशन उन्हें मिलना चाहिए। अगर दिल्ली नगर निगम इसमें विफल रहती है तो डिसॉल्व करने पर विचार कर सकते हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि कर्मचारियों का मूल वेतन होता है। अगर एमसीडी इसका भुगतान करने में सफल नहीं हो रही है तो इसे भंग किया जा सकता है। कोर्ट ने चार हफ्ते का समय दिया है।

# बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में जबरदस्त धमाका

## एक महिला समेत 5 जख्मी,

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बेंगलुरु के लोकप्रिय रेस्तरां रामेश्वरम कैफे में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। कैफे में आग लग जाने से कम से कम पांच लोग घायल हो गए। संदेह है कि एक सिलेंडर में विस्फोट होने के कारण आग लगी। पुलिस ने यह जानकारी दी है। घायल व्यक्तियों की वास्तविक संख्या के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं है। हालांकि पुलिस ने कहा कि कम से कम पांच लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। कुन्दनहल्ली इलाके में स्थित रामेश्वरम कैफे में विस्फोट होने से आग लग गई। पुलिस और दमकल विभाग के कर्मी स्थिति पर काबू पाने के लिए वहां पहुंच गए हैं। विस्फोट के समय जोरदार आवाज सुनी गई और पड़ोसी दुकानों, फ्रंट ऑफिस और कार्यालयों से लोग मौके पर पहुंचे।

# तंबाकू कंपनी पर रेड 100 करोड़ की कारें मिलीं

## इसमें रोल्स-रॉयस, लैंबोर्गिनी और फेरारी; 5 करोड़ कैश, 100 करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी गई

**कानपुर (एजेंसी)।** कानपुर में आयकर विभाग ने तंबाकू कंपनी बंशीधर एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के हेड ऑफिस पर छापा मारा। कंपनी के दिल्ली, मुंबई, गुजरात समेत 20 ठिकानों पर भी छापेमारी की गई है। 29 फरवरी को शुरू हुई छापेमारी का आज दूसरा दिन है। कंपनी मालिक केके मिश्रा की दिल्ली स्थित कोठी से 100 करोड़ से ज्यादा की कारें मिली हैं। इसमें 60 करोड़ से ज्यादा कीमत की लग्जरी कारें हैं। इनमें 16 करोड़ की रोल्स–रॉयस फैंटम कार, लैंबोर्गिनी, फेरारी, मॅकलारेन कारें शामिल हैं। छापेमारी में 100 करोड़ से ज्यादा की टैक्स चोरी सामने आई है।इसके साथ ही 5 करोड़ रुपए कैश और करोड़ों की बेनामी संपत्ति के डॉक्यूमेंट्स भी मिले हैं। आयकर अफसरों ने बताया कि कंपनी कानपुर की टॉप गुटखा कंपनियों को तंबाकू सप्लाई करती है।

# कुकी के साथ नो अटैक समझौता खत्म करने का प्रस्ताव

## पूरे मणिपुर में अफ्सपा लागू करने की तैयारी, 6 जिलों ने सेना मांगी

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर पुलिस कमांडोज के हथियार सरेंडर करने के बाद राज्य में हालात फिर तनावपूर्ण हो गए हैं। सीएम के साथ बैठक में 6 हिंसाग्रस्त जिलों के कलेक्टरों ने शांति बनाने के लिए असम राइफल्स और सेना की मांग की है। इनमें पहाड़ी जिलों थाउबाल, कांग्पोकपी, चूराचांदपुर, बिष्णुपुर, टेंग्नोपोल शामिल हैं। प्रशासन की मांग है कि यहां 5 मार्च तक सेना को तैनात किया जाए। दूसरी ओर, गुरुवार को मणिपुर विधानसभा ने कुकी उग्रवादियों के साथ जारी सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशन समझौता रद्द करने का प्रस्ताव पारित कर केंद्र को भेज दिया है। इसके तहत सुरक्षा बल और उग्रवादी संगठन एक-दूसरे पर हमले नहीं करते थे, लेकिन अब सुरक्षा बल हमले का जवाब दे सकेंगे। हालांकि, केंद्र अभी भी कुकी संगठनों से बातचीत कर रहा



है। इंफाल वैली और आसपास के इलाकों में बीते कुछ दिनों में हालात बिगड़े हैं।

ये इलाके उन 19 थाना क्षेत्रों में आते हैं, जहां सशस्त्र बल विशेषाधिकार कानून (अफ्सपा) लागू नहीं है। बाकी पहाड़ी जिलों में यह कानून लागू है। इससे सुरक्षा बलों को सीधे कार्रवाई का हक मिल जाता है। जिन 19 थाना क्षेत्रों को अफ्सपा से अलग रखा गया है, उनमें इंफाल, लेंफेल, सिटी, सिंग्जमेई, सेकमई, लामसांग, पत्सोई, वांगोई, पोरोमपट, हेंगेंग, लामलाई, इरिलबुंग, लेमखोंग, थोबुल, बिष्णुपुर, नांबोल, मोइरोंग, काकचिंग और जिरिबम शामिल हैं।

# सबका आयोग है फिर पत्रकारों का क्यों नहीं : विधायक

**वरीय संवाददाता**



**रांची।** सबका आयोग है फिर पत्रकारों का क्यों नहीं ? यह बात खिजरी के विधायक राजेश कच्छप ने कहा। श्री कच्छप झारखंड जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल से बातचीत कर रहे थे।

बताते चलें कि जेजेडब्ल्यूए का एक प्रतिनिधिमंडल खिजरी के विधायक राजेश कच्छप से शिष्टाचार मुलाकात कर पत्रकारों से जुड़े मामले को विधानसभा में उठाए जाने पर उनके प्रति आभार जताया है। बातचीत के दौरान विधायक ने कहा कि पत्रकारों के काम की बखुबी समझ है। वो भी कार्यपालिका , न्यायपालिका एवं विधायिका की तरह मजबूत स्तंभ है। ऐसे में उनके परिवार की चिंता भी स्वाभाविक है। पत्रकारों की सुरक्षा , पत्रकार आयोग समेत अन्य मांगों को सदन के माध्यम से पूरा कराने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि मागों को कैसे मनवाना है उसका तरीका पता है। हम प्रयास में कोई कमी नहीं रखेंगे। जहां तक आयोग गठन की बात है सबका आयोग है। फिर पत्रकार का क्यों नहीं ? आगे उन्होंने कहा कि जो मेरे संज्ञान में पत्रकारों से जुड़ा मामला लाया गया है उस पर हम ठोस पहल करेंगे यह भरोसा दिलाते हैं। उन्होंने कहा कि अन्य प्रदेशों में पत्रकारों को जो सुविधाएं दी जा रही है उसको आधार बनाकर हम उचित पहल करेंगे।

प्रतिनिधिमंडल में झारखंड जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्र ज्योतिष, महामंत्री सुनील पांडेय , संरक्षक नवल किशोर सिंह, प्रदेश प्रेस प्रभारी दीपक कुमार , कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष पुष्कर महतो शामिल थे।

# श्री श्याम मित्र मंडल का 108सदस्यीय दल 11मार्च को खाटू धाम होगा रवाना

● रंग रंगीलो महोत्सव में होंगे शामिल

वरीय संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल का 108 श्याम प्रेमियों का दल (जत्था) 11 मार्च 2024 (सोमवार) को प्रातः 10-30 बजे एयर इंडिया एक्सप्रेस वायुयान से श्री खाटूधाम, राजस्थान के लिए प्रस्थान करेगा। सभी भक्तजन फाल्गुन माह के रंग रंगीला मेला में भाग लेंगे। रांची से विमान द्वारा और दिल्ली एयरपोर्ट से आरामदायक बसों द्वारा एक साथ श्री खाटूधाम प्रस्थान करेंगे।

मंडल के खाटू स्थित विश्राम भवन में प्रवास करेंगे।

श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया उक्त जानकारी देते हुए बताया कि खाटूधाम की अनुपम यात्रा 2024 के लिए मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी को यात्रा का संयोजक एवं राजीव रंजन मित्तल को उप संयोजक मनोनीत किया गया है। पंच




दिवसीय खाटूधाम की अनुपम यात्रा 2024 की सभी तैयारियां बड़े स्तर पर की जा रही है। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष व यात्रा के संयोजक सुरेश सरावगी ने बताया कि 12 मार्च को रिंग्स में भजन संकीर्तन व अखण्ड ज्योति प्रज्वलित करके निशान पूजन किया जाएगा। फिर भक्ति भाव व श्रद्धा के साथ भजन संकीर्तन करते हुए 17 किलोमीटर की पवित्र ध्वज को लहराते सभी भक्तजन पैदल यात्रा कर श्री खाटू धाम के श्री श्याम मंदिर में पवित्र तथा पूजित निशानों को खाटू नरेश को अर्पित कर बाबा श्याम को नमन करके अपनी अपनी हाजिरी दर्ज करेंगे। सभी भक्तजनों एक तरह के पोशाक पहनकर एक कलर का पवित्र निशान लेकर पैदल यात्रा करेंगे। रिंगस से खाटूधाम के मध्य में करणी माता में एक घंटा का विश्राम होगा। यात्रा संयोजक सुरेश सरावगी ने आगे बताया कि 13 मार्च बुधवार को सभी यात्री राजस्थान के लोकप्रिय देव स्थल सालासर धाम और झुंझुनू के श्री रानी सती मंदिर में पूजा अर्चना दर्शन करके देर रात पुनः श्री खाटूधाम पहुंचकर मंडल के विश्राम भवन में विश्राम करेंगे। 14 मार्च गुरुवार को विश्राम भवन के सभागार में श्री श्याम दरबार सजाया जाएगा। अखंड ज्योति प्रज्वलित करके श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का धार्मिक अनुष्ठान होगा। प्रसिद्ध पाठ वाचक मनोज सेन अपनी टीम के साथ खाटूनरेश का लोकप्रिय पाठ श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का वाचन करेंगे।विभिन्न तरह के प्रसाद अर्पित किए जाएंगे होली का रंग बिरंगा उत्सव मनाया जाएगा। खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर में भी भक्तजन हाजरी लगाएंगे। यात्रा में साथ जाने वालों के अतिरिक्त देश-विदेश से भी अनेक भक्तजन मंडल के विश्राम भवन में पधार कर बाबा के उत्सव में शामिल होंगे। विभिन्न कार्यों के लिए 11 अन्य समितियां का गठन कर दायित्व दिया गया है। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, राजीव रंजन मित्तल, स्नेह पोद्दार, स्नेहा पोद्दार, उत्कर्ष लोहिया, साकेत ढानढनिया, कमल लोहिया, राकेश टिबड़ेवाल, रमेश गुप्ता, कविता मित्तल, अन्नपूर्णा सरावगी, रामगोपाल साबू, विजयश्री साबू, संकेत गाड़ोदिया, शिवकुमार बीसा, रतन शर्मा, मदन कोठारी, नेहा ढानढनिया, मनोज खेतावत, नेहा सरावगी, अमित सरावगी, वेदभूषण जैन, पप्पू सुधा अग्रवाल, रंजना जैन, अनीता बिश्नोई, जयप्रकाश मित्तल, सरिता मित्तल, कमल बिश्नोई, विनय सिंघानिया, ज्योति सिंघानिया, प्रकाश कटारूका, कुमुद लखोटिया, भारती चितलांगिया सहित काफी भक्तगण यात्रा में शामिल होंगे। अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि 15 मार्च शुक्रवार को प्रातः 6 बजे आरामदायक बसों से खाटूधाम से दिल्ली एयरपोर्ट के प्रस्थान व दिल्ली से विमान द्वारा रांची पहुंचेंगे।

**102 वां श्री श्याम भंडारा आज**–हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में हर शनिवार को सांय 5 बजे से श्री श्याम भंडारा आयोजित होता है। 02 मार्च को 102 वां भंडारा गीता देवी सरावगी और उनके परिवार द्वारा निवेदित की जायेगी।

## कयामत की रात रही 29 फरवरी



**प्रतिनिधि,सिंदरी।** 2024 लिप ईयर है अर्थात 2024 वर्ष 366 दिन का होगा और फरवरी महीना 29 दिन का हुआ। बीती रात सुरेश मोदक के लिए कभी ना भूलनेवाला कयामत की रात थी। सिंदरी थाना क्षेत्र के सेवन लेक में सुरेश मोदक अपनी बूढी माँ चाइना मोदक, पत्नी एवं बच्चों के साथ मिट्टी का घर बना कर रह रहा था। बीती रात लगभग 10-30 बजे जब लगभग सभी लोग सोने की तैयारी या सो रहे थे, उसी वक्त किसी अनजान तरीके से आग लग गया और देखते - देखते घर का सारा सामान आग के परवान चढ़ गया। जब तक कोई कुछ समझ पाता, आग की लपट ने अपने अंदर घर में रखा चार ट्रंक, पलंग, सोना का गहना, परचून की दुकान का सामान, पंखा आदि लगभग 1 लाख 50 हजार का सामान और कैश 40 हजार के आसपास नगद भी ट्रंक में था। सुरेश मोदक लोगों के घरों में खाना बनाने का काम करता है और बूढी माँ छोटा सा परचून की दुकान चलाती थी। पूरा परिवार का रो - रो कर बुरा हाल है, क्योंकि घर के सामान के साथ घर का छत बांस एवं पुवाल से बना था वो भी जल कर खाक हो गया। इस बाबत गौरव वक्ष उर्फ लक्की सिंह ने दूरभाष पर हुए घटना को दुर्भाग्यपूर्ण कहा और जल्द ही पीड़ित परिवार से मिल कर मदद करने की बात कही। सुनीता मेडिकल के संचालक अजय पाठक ने दूरभाष पर अपना दर्द ब्यक्त करते हुए कहा कि सुरेश बस जिन्दा है अन्यथा उसका सबकुछ आग के हवाले हो गया। देखना होगा कि झरिया सीओ इस मामले को किस तरह देखते हैं और फिलहाल बेघर सुरेश मोदक एवं परिवार को घर कैसे हो, उसका क्या प्रयास होता है। मौके पर एलआईसी के लोग एवं कई अन्य समाजसेवी भी पहुंच कर सुरेश मोदक का दर्द समझने का प्रयास किया।

## जेसीआई रांची द्वारा बच्चों के लिए चेस और ताईक्वानडो क्लास की सुविधा उपलब्ध

**वरीय संवाददाता रांची।** पढ़ाई के साथ बच्चों को अन्य क्षेत्र में जागरूक बनाने की जरूरत को देखते हुए जेसीआई रांची ने 3 मार्च 2024 से प्रत्येक रविवार को जेसीआई रांची ऑफिस ( कॉमर्स हाउस, लाइन टैंक रोड) में 5 वर्ष और उससे अधिक उम्र के बच्चों के लिए चेस और ताईक्वानडो क्लास की सुविधा उपलब्ध होगी। 3 मार्च 2024, रविवार को डेमो क्लास दिया जाएगा फिर जिन बच्चों को ये क्लास चालू रखना है वो रजिस्ट्रेशन करा कर चालू रख सकते हैं। इस क्लास की और अधिक जानकारी के लिए 7631151516 या 8210819924 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। यह जानकारी जेसीआई रांची के प्रवक्ता जेसी अमन पोद्दार ने दी।

## झारखंड को मिले विशेष राज्य का दर्जा : विजय शंकर नायक

**वरीय संवाददाता रांची ।** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी झारखंड,छत्तीसगढ़ विजय शंकर नायक ने कहा कि झारखंड को किसी तोहफे की आवश्यकता नहीं बल्कि झारखंड को विशेष राज्य का दर्जा देने की समय की मांग है।



श्री नायक ने कहा कि झारखंड जब अलग राज्य बना था, तो इसके 14 जिले उग्रवाद प्रभावित थे। अब ये संख्या बढ़कर 21 हो गई है। राज्य में 24 जिले हैं। राज्य सरकार की रिपोर्ट बताती है कि 142 थाने नक्सल प्रभावित हैं। 25 प्रखंड नक्सल गतिविधियों की टॉप सूची में शामिल हैं। इन 23 वर्षों में हजारों नक्सली हत्याएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने भी उग्रवाद की समस्या के समाधान के लिए झारखंड को विशेष राज्य का दर्जा दिया जाने की मांग अपने कार्य काल में 2012 में किया था। उन्होंने तो नेशनल डेवलपमेंट काउंसिल की बैठक में भी प्रधानमंत्री के समक्ष विशेष राज्य का दर्जा दिये जाने की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि झारखंड नक्सल प्रभावित इलाका है। विरासत में इसे बेहतर विकास नहीं मिलने से यह पिछड़ता चला गया है इसलिए इसे विशेष राज्य का दर्जा मिलना ही चाहिए।

राज्य के सभी पार्टी के नेता, पूर्व झाविमो अध्यक्ष एवं वर्तमान भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं आजसुपा नेता सुदेश महतो ने तो कई बार विशेष राज्य का दर्जा दिलाने हेतु आंदोलन भी किया था।

**श्री नायक ने यह भी बताया कि–** 2013 में भाजपा सांसद शांता कुमार की अध्यक्षता वाली संसद की स्थायी समिति ने औद्योगिक रूप से पिछड़े राज्यों जैसे बिहार, ओडिशा, झारखंड तथा ऐसे ही अन्य राज्यों को विशेष श्रेणी के राज्य का दर्जा दिये जाने की सिफारिश की थी, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड को विशेष राज्य का दर्जा देने की घोषणा झारखंडी समाज को सबसे बड़ा तोहफा देने का काम करें।

## महागठबंधन की जन विश्वास महारैली में शामिल होंगी झारखंड प्रदेश राजद (महिला प्रकोष्ठ) की पदधारी व कार्यकर्ता

● सभी जिला कमेटी के पदधारियों को महारैली में शामिल होने का निर्देश

**वरीय संवाददाता रांची।** तीन मार्च को पटना के गांधी मैदान में होने वाले महागठबंधन की जन विश्वास महारैली में झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) के पदधारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस संबंध में राजद महिला प्रकोष्ठ, झारखंड की प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी ने बताया कि महागठबंधन की जन विश्वास महा रैली में शामिल होने के लिए झारखंड प्रदेश के सभी जिलों के जिला अध्यक्ष सहित अन्य पदधारी एवं कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि बिहार एवं झारखंड में महागठबंधन के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है। भाजपा की जन विरोधी नीतियों से आम जनता का मोह भंग हो चुका है। आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को व्यापक जन समर्थन मिलेगा। रानी कुमारी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गैर भाजपा-शासित राज्यों में महागठबंधन की सरकार को बेवजह अस्थिर करने में जुटी है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मनगढ़ंत आरोप के तहत जेल भेज दिया गया है।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जनता इसका करारा जवाब भाजपा को देगी। रानी कुमारी ने कहा कि आगामी तीन मार्च को पटना में महागठबंधन की जन विश्वास महारैली में जनसैलाब उमड़ेगा। उन्होंने महागठबंधन में शामिल सभी सहयोगी दलों से जन विश्वास महारैली में शामिल होकर सफल बनाने की अपील की।

## चौपारण बीईईओ उमाकांत प्रसाद यादव हुए सेवानिवृत्त, बीआरसी कर्मियों ने दी भावविनी विदाई

**प्रतिनिधि, चौपारण।** चौपारण (हजारीबाग)प्रखण्ड में 2022 से पदस्थापित प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी भाग 1 उमाकांत यादव गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति के पश्चात गुरुवार शाम को प्रखण्ड के सभी बीआरसी कर्मियों के द्वारा उन्हें भावविनी विदाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन सीआरपी शैलेंद्र पांडेय ने किया। इससे पूर्व सेवानिवृत्त बीईईओ उमाकांत यादव के द्वारा बीआरसीसी सह चौपारण भाग 2 के बीईईओ राकेश सिंह को प्रभार सौंपा गया। मौके पर बीईईओ राकेश सिंह ने बीआरसी कर्मियों व उपस्थित शिक्षकों के साथ सेवानिवृत्त बीईईओ उमाकांत प्रसाद यादव को बुके,शॉल व गिफ्ट देकर भावभीनी विदाई दी। मौके पर बीईईओ राकेश सिंह सम्बोधित करते हुए रो गए और उन्होंने दुःख ब्यक्त करते हुए कहा कि लगभग डेढ़ वर्षों का साथ



हमलोगों का रहा। इनके यहां रहने से हर काम में मुझे बड़े भाई की तरह मार्गदर्शन देते रहते थे। इनकी सेवानिवृत्त मेरे लिए काफी दुःखदाई है पर मैं ईश्वर से यही प्रार्थना करता हूँ कि सर जहां भी रहे दीर्घायु रहे और हमेशा स्वस्थ रहें। वहीं विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए सेवानिवृत्त बीईईओ उमाकांत प्रसाद यादव के भी आंखों से आंसू छलक गए। उन्होंने आंसू से भरभारते हुए कहा कि आज मुझे ऐसा लग रहा है किसी अपनो से हम दूर हो रहे हैं। उन्होंने विदाई के मौके पर सभी बीआरसी कर्मियों का आभार ब्यक्त किया और सभी के उज्वल भविष्य की कामना की। बतादें कि श्री यादव 1991 में

बेसिक स्कूल मुर्बन्दा, चितरपुर में सर्वप्रथम जॉइन किए थे। फिर वे निश्चितपुर बेसिक स्कूल,चक्रधरपुर में सेवा दिए। इसके बाद 2011 में चांडिल सरायकेला में बीईओ बनकर आए। इसके बरही प्रखण्ड फिर सिमडेगा के उरडेग प्रखण्ड और चौपारण में बीईईओ रहते हुए सेवानिवृत्त हुए। मौके पर शिक्षक जनार्दन प्रसाद वर्मा ने कहा कि सर का पूरा कार्यकाल बेदाग रहा और हमेशा शिक्षकों को मदद के लिए सक्रिय रहते थे।

मौके पर बीआरपी मो सईद,बीआरपी मो सईद, बीपीएम आरिफ,सीआरपी विश्वनाथ साव, शैलेंद्र पांडेय, प्रभाकर अंबुद्धि,प्रदीप यादव, लेखपाल विष्णुनाथ रविदास,एमआईएस प्रभारी पवन कुमार, यशवंत कुमार राणा,बीआरसी स्टाप शशि कुमार,शिक्षक सुरेंद्र दास,जनार्दन प्रसाद वर्मा, राकेश कुमार,उपेंद्र कुमार,ब्रजमोहन कुमार, गोपाल पांडेय,राजेश मेहता, दीपक भारती,जयमंगल सिंह,भागीरथ दास,जया सिंह,प्रदीप पासवान,रूपलाल पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार ने किया पदभार ग्रहण



**प्रतिनिधि,पाकुड़।** जिला जनसंपर्क कार्यालय, पाकुड़ में जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार ने गुरुवार को कार्यभार संभाल लिया। प्रभार ग्रहण करने के बाद जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जिले के सुदूर गांवों में रहने वाले अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता होगी। जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा योजनाबद्ध तरीके से जनसंपर्क का दायरा बढ़ाते हुए व्यापक प्रचार - प्रसार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी सूचना के प्रचार - प्रसार में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी विभागों के साथ समन्वय बनाकर सूचनाओं का आदान - प्रदान करते हुए मीडिया के माध्यम से सभी सूचनाएं जनता के साथ साझा की जाएगी। मौके पर सोशल मीडिया प्रचार पदाधिकारी पवन कुमार सिंह, इकाई लिपिक राजेश कुमार, कम्प्यूटर आपरेटर भूषण कुमार, प्रीतम कुमार एवं प्रसंनजीत मंडल समेत अन्य उपस्थित थे।

## पूर्व सांसद हेमलाल मुर्मू पहुंचे पाकुड़, जिला अध्यक्ष ने पुष्प गुच्छ देकर किया उनका स्वागत




**प्रतिनिधि,पाकुड़।** पूर्व मंत्री सह पार्टी के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य हेमलाल मुर्मू गुरुवार पूर्वाह्न पाकुड़ जिला बीस सूत्री कार्यालय पहुँचे। जिला बीस सूत्री कार्यालय, पाकुड़ पहुँचने पर बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष सह झामुमो जिलाध्यक्ष श्याम यादव ने पुष्पगुच्छ देकर हेमलाल मुर्मू का स्वागत किया। हेमलाल मुर्मू ने जिलाध्यक्ष श्याम यादव से उनका कुशल क्षेम पूछकर वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा की।

मौके पर अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष हबीबुर्रहमान, युवा जिला सचिव उमर फारूक, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मुस्लेउद्दीन शेख़, उपाध्यक्ष दयानन्द भगत, प्रखंड संयुक्त सचिव कमरुद्दीन शेख़, स्वास्थ्य विभाग के सांसद प्रतिनिधि प्रकाश सिंह, नगर उपाध्यक्ष आदित्य तिवारी, आलेकुम आलम, जाकिर शेख़, युसुफ खान, प्रकाश हांसदा, सुभान हांसदा, मोतहर हुसैन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पारस एचईसी अस्पताल की उपलब्धियों में जुड़ा एक नया आयाम

## बिकरस्टॉफ एन्सेफ्लाइटिस का किया गया सफल इलाज

विशेष संवाददाता

**रांची।** राजधानी के एचईसी परिसर स्थित पारस एचईसी अस्पताल चिकित्सा क्षेत्र में नित नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। इन उपलब्धियों में एक नया आयाम जुड़ गया है।

एक 13 वर्षीय युवती जो शारीरिक असंतुलन की शिकार थी, वह ठीक से चल भी नहीं पा रही थी और पिछले 5-6 दिनों से काफी असहज महसूस कर रही थी। अपने दोनों आंखों से देखने में भी उसे परेशानी हो रही थी। वह इतनी लाचार हो चुकी थी कि दो लोगों के सहारे भी खड़ी नहीं हो पा रही थी।

पारस एचईसी अस्पताल के चिकित्सकों के मुताबिक युवती के परिजनों ने उसे असंतुलित अवस्था में रांची के पारस एचईसी अस्पताल में आपातकालीन स्थिति में भर्ती कराया था। मरीज की स्थिति को देखते हुए अस्पताल में उसे




न्यूरोलॉजी विभाग में भर्ती कराया गया।

पारस एचईसी अस्पताल के डॉ. संजीव कुमार शर्मा (सलाहकार न्यूरोलॉजी) ने आपातकालीन स्थिति में मरीज को देखा और उपचार की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी। मरीज की जांच करने के बाद डॉ संजीव कुमार शर्मा ने बिकरस्टाफ एन्सेफलाइटिस डायग्नोस किया, जो काफी रेयर बीमारी है। पारस एचईसी अस्पताल में बिकरस्टाफ के आधार पर मरीज़ को 15 दिनों तक उपचार मिला। जिसके बाद मरीज में काफी सुधार हुआ। अब वह सामान्य जीवन जी रही है।

डॉ.संजीव ने बताया कि बिकरस्टाफ एन्सेफलाइटिस बीमारी का लक्षण आंखों को न घुमा पाना, पूरे शरीर का असंतुलित होना और ठीक से बात न कर पाना होता है। जिसमें एमआरआई 70 प्रतिशत लोगों में नॉर्मल आता है। इसमें रीढ़ का पानी का जांच होता है और इम्युन एंटीबॉडी का सैंपल भेजा जाता है। साथ ही साथ इंफेक्शंस को भी रोलआउट किया जाता है। यह बीमारी रेयर बीमारी है, जो कि दो करोड़ लोगों में एक को ही होता है। इस संबंध में पारस एचईसी अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ. नीतेश कुमार ने बताया कि मरीज काफी लाचार स्थिति में अस्पताल आई थी और उसका सफल इलाज हुआ। पारस एचईसी अस्पताल जटिल और असाध्य बीमारियों का इलाज करने में सक्षम है। अस्पताल के अनुभवी चिकित्सक, सजग टीम और मार्डन इक्यूप्मेंट के सहयोग से बीमारियों का सटीक विश्लेषण और उनका सफल इलाज करने में सक्षम हैं। अब झारखंड के मरीजों के लिए बेहतर इलाज पारस एचईसी हॉस्पिटल में उपलब्ध है।

## सेवानिवृत्ति के मौके पर शिक्षक मोश नुरुल हक को किया गया सम्मानित

**प्रतिनिधि,पाकुड़।** सदर प्रखंड के नया फरसा नव प्राथमिक विद्यालय परिसर में सहायक शिक्षक मो नुरुल हक के सेवानिवृत्ति के मौके पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उत्क्रमित विद्यालय शहवाजपुर के प्रधान अध्यापक अनामुल हक, आजसू जिला प्रवक्ता शेकसादी राहमातुल्ला और जिला मीडिया प्रभारी अहमादुल्ला मौजूद रहे। अनामुल हक ने कहा की नुरुल हक नव प्राथमिक विद्यालय नया फरसा में पठन पाठन का कार्य कर सेवानिवृत्ति हुए। आज इस क्षण को विदाई समारोह के रूप में नम आंखों से विदाई दिया गया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष बादशा शेख ने शॉल ओढ़ाकर तथा दर्जनों अतिथिगण एवं छात्र -



छात्राओं ने डायरी, बुके, गुलदस्ता आदि भेंट किया तथा फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। बादशा शेख ने कहा कि नुरुल हक योगदान लेने के बाद शिक्षा व छात्र छात्राओं तथा शिक्षकों के प्रति जो व्यवहार और शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने में रहा उसे कदापि भुला नहीं जा सकता। प्रवक्ता शेकसादी ने कहा कि समाज में ऐसे अनुभवी योग्य शिक्षक से शिक्षा जगत और समाज दोनों में एक बेहतर संदेश जाता है। जो सरकारी सेवा में है उनका सेवानिवृत्ति होना स्वाभाविक प्रक्रिया है। वहीं युवा हबीबुर रहमान ने कहा कि शिक्षक अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए बच्चे के चौमुखी विकास करने में कितना योगदान रहा ये शब्दों से बयां नहीं किया जा सकता। साथ ही नुरुल हक के सेवानिवृत्ति के बाद जीवन के सुखद हो इसके लिए बहुत सारी शुभकामनाएं। मौके पर प्रधान अध्यापक अनजरूल इस्लाम, प्रधान अध्यापक मैनुल हक, सहायक अध्यापक आशिक हुसैन, मो अबुल कलाम आजाद, सहायक अध्यापक रफीकुल इस्लाम, अध्यक्ष सफीकुल शेख, बीआरपी मो साहिर हुसैन, अध्यापक मो सहाबुद्दीन, पलास, जर्मन सहित दर्जनों समाजसेवी और बुद्धिजीवी लोग मौजूद थे।

## मीरजहान विश्वास बने शिक्षा विभाग के विधायक प्रतिनिधि

**प्रतिनिधि, पाकुड़।** झारखंड सरकार के गठन के बाद मंत्री आलमगीर आलम ने अपने विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए है। पाकुड़ जिला के पाकुड़ प्रखंड अंतर्गत शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की निगरानी हेतु उन्होंने एक आदेश पत्रांक-26 (काश), दिनांक- 27/02/2024 को आदेश जारी कर मीरजहान विश्वास, पिता स्वश अमूल्य विश्वास वार्ड नंबर 08 ,ग्राम + पंचायत संग्रामपुर को अपना विधायक प्रतिनिधि बनाया। इससे क्षेत्र की जनता काफी खुश है। नवनियुक्त विधायक प्रतिनिधि मीरजहान विश्वास ने कहा कि मंत्री द्वारा मुझे जो पदभार दिया गया है मैं उसमें पूरी तरह के खरा उतरने का प्रयास करूंगा।



# शिव महिमा मंडल महिला समिति की पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अनूठी पहल

**● घरों और मंदिरों से पूजन सामग्री फूल-हार आदि संग्रहित कर नदी में विसर्जित करने का सिलसिला जारी**

**● शहर के विभिन्न मंदिरों से पूजन सामग्री फूल-हार आदि एकत्रित करने में समिति सक्रिय**




**विशेष संवाददाता रांची।** सीहोर ( मध्य प्रदेश ) में पर्यावरण और आस्था को बचाने की विठलेश सेवा समिति के भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा की पहल से प्रेरित होकर आस्था पर आघात न हो, इसके लिए शिव महिला मंडल चुटिया रांची की महिलाओं ने शहर में ऐसे वाहन शुरू किए हैं, जो डोर टू डोर कचरा गाड़ी की तर्ज पर मंदिर और घर से निकलने वाली पूजन सामग्री संग्रहित कर के विसर्जन करेगी। समिति ने निर्माल्य पूजन सामग्री वाहन का संचालन शुरू किया है। अभी तक निर्मल्य एवं पूजा सामग्री को कुएं, नदी, तालाबों में विसर्जित करने की प्रथा रही है, जिससे पर्यावरण को नुकसान होता था। शिव महिला मंडल चुटिया, रांची की महिलायें प्रत्येक रविवार को श्रीराम मंदिर ,काली मंदिर, महादेव मंदिर, शिव मंदिर, शनि मंदिर , देवी मंडप समेत अपने छेत्र में स्थित अन्य मंदिर जाकर पूजन सामग्री एकत्रित करते हैं और स्वर्णरेखा नदी के किनारे एक गढ़ा में विसर्जन करती हैं। शिव महिला मंडल चुटिया, रांची के मीरा देवी, कांति देवी , सुनीता देवी , रीना सिंह , प्रज्ञा चौबे , नीतु चौबे , विद्या देवी ,रेणु देवी एवं उषा देवी द्वारा यह कार्यक्रम पिछले वर्ष मई महीना से चलाया जा रहा है।

# मां वैष्णो देवी मंदिर का 16 वें वार्षिकोत्सव पर निकाली गई कलश शोभायात्रा



**वरीय संवाददाता रांची।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां वैष्णो देवी मंदिर पूजा समिति के तत्वावधान मे माँ वैष्णो देवी मंदिर,बांस टोली ईटकी रोड हेहल,रांची का 16 वां वार्षिकोत्सव समारोह के अवसर पर कलश शोभायात्रा आयोजन कमिटी के अध्यक्ष सरयु शर्मा की अध्यक्षता में निकाली गई।कलशशोभा यात्रा का प्रारंभ पुजा अर्चना के बाद मां वैष्णो देवी मंदिर से हुई जो नाचते गाते विश्वनाथ शिव मंदिर पिस्का मोड़,काली मंदिर उपहार,हनुमान मंदिर माउंट मोटर,रानी सती मंदिर,पहाड़ी मंदिर,दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर रातु रोड भ्रमण करते हुए वापस बांस टोली इटकी रोड मां वैष्णो देवी मंदिर पहुंची।मशहूर पुजारी सुबोध कुमार मिश्रा जी द्वारा पुजा अनुष्ठान कराई गई।

**कलश शोभायात्रा को भ्रमण के क्रम में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भव्यरूप से स्वागत किया।-** इस शोभायात्रा में मुख्यअतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश,रांची विधायक सीपी सिंह सिंह,विशिष्ट अतिथि झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज रांची जिला अध्यक्ष संतोष कुमार,छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा समाजसेवी कृष्णा सिंह,कन्हैया सिंह,राजेश शर्मा, के.पी.यादव,शिव कुमार पांडेय आदि मौजूद थे। इस महोत्सव को सफल बनाने में मुख्यरूप से सरयु शर्मा,विष्णु प्रताप राणा,स्वीटी शर्मा,रामजनम शर्मा, शिवनाथ शर्मा,पुष्पा देवी,ब्यूटी शर्मा,सुदर्शन शर्मा,माधुरी देवी, रामाकांत शर्मा,सत्या शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सीआईएल इंटर कम्पनी चेस टूर्नामेंट 2023-24



**रांची।** सीएमपीडीआई के ''रबीन्द्र भवन'' में तीन-दिवसीय कोल इंडिया अंतर कम्पनी चेस टूर्नामेंट 2023-24 के दूसरे दिन कुल 24 बोर्ड पर पूरे कोल इंडिया तथा सिंगरैनी कोलियरीज कम्पनी लिमिटेड से आए 51 खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट में भाग लिया। बोर्ड नं0-1 पर एन स्वामीनाथन ने देव कुमार को पराजित किया। बोर्ड नं0-2 पर बी शंकर एवं महेन्द्र बारी के बीच खेले गए मैच बराबरी पर रही जबकि बोर्ड नं-3 पर प्रमोद बेहरा ने एसएन सिंह को हराया। बोर्ड नं0-4 पर अशोक पवार ने गणेश राम पटेल को पराजित किया जबकि बोर्ड नं0-5 पर रजा मोहम्मद ने केजेड अंसारी को हराया। चार चक्र के बाद दो खिलाड़ी 4 अंक लेकर शिखर ( टाप ) पर रहने वाले एन स्वामीनाथन और प्रमोद बेहरा रहे वहीं 3.5 ( साढ़े तीन ) अंक पाने वाले 3 खिलाड़ी हैं। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला कल सम्पन्न होगा। इसके साथ ही, अंतर्राष्ट्रीय मास्टर एवं इंडियन चेस टीम कोच नीरज कुमार मिश्र ने 16 बच्चों के साथ एक ही समय पर ( साइमलटेंनियेसली ) मैच खेला। मौके पर उन्होंने बच्चों को चेस के प्रति रूची पैदा करने एवं खेल में कैरियर बनाने का गुरूमंत्र दिया और प्रेरित किया। इस टूर्नामेंट का संचालन अंतर्राष्ट्रीय आर्बिटर ( प्रमुख प्रचालक ) असित वरण चौधरी एवं उनकी टीम की देखरेख एवं मार्गदर्शन में हो रहा है।

# सीओ के आश्वासन के बाद पहले ही दिन समाप्त हुआ एआईएमआईएम का धरा, शामिल हुए मो क्यूम

**● न्याय नहीं मिला तो सप्ताह दिन बाद फिर किया जाएगा आंदोलन : सूरज दास**



**प्रतिनिधि, बरही।** मसोमात सुदामा को न्याय दिलाने के उद्देश्य से प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष एआईएमआईएम ने अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया। जिसका नेतृत्व विस प्रभारी सूरज दास कर रहे थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए सीओ रामनारायण खलखो ने धरना के पहले ही दिन प्रदर्शनकारियों की मांगों को एक सप्ताह के अंदर पूरा करने का आश्वासन दिया। सीओ के बात से संतुष्ट होने के बाद प्रदर्शनकारियों ने धरने को पहले ही दिन समाप्त कर दिया। विस प्रभारी सूरज दास ने कहा कि यदि एक सप्ताह के अंदर मसोमात वृद्धा को हक नही मिला तो पुनः आंदोलन चलाया जायेगा। गौरतलब है कि मलकोको की उक्त अंबेडकर आवास की पहली राशि और अंचल कार्यालय द्वारा जमीन उपलब्ध करवाने के बाद भी आवास नही बना पा रही है। आवास निर्माण के लिए उपलब्ध करवाए गए भूखंड को स्थानीय व्यक्ति अपना बता कर काम करने से रोक रहे है। इस संबंध में विधवा ने कई बार अधिकारियो को सूचित करते हुए न्याय की गुहार लगाई है परंतु किसी भी प्रकार की कारवाई नही मिली है। विधवा को न्याय दिलाने के उद्देश्य से ही एआईएमआईएम ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का आयोजन किया था। धरना प्रदर्शन में एआईएमआईएम के प्रदेश महासचिव नदीम खान सहित अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के विस अध्यक्ष मो कयूम अंसारी सहित पीड़िता मसोमात सुदामा देवी, गुलाब कुमार दास, शंकर दास, रामसुंदर दास, कांशी दास, दासो तुरी, नेपाली सिंह, बिनोद दास, रंजीत यादव, शमशेर अंसारी, मनोहर मिर्धा, सकुना देवी, जमुनी देवी, देवन्ति देवी, तेतरी देवी, कविता देवी, मीणा देवी, चंदा देवी, सुदामा देवी, मुंद्रिका देवी, बासो देवी, राखी देवी, आशा देवी आदि कई लोग शामिल हुए।

# महाशिवरात्रि पूजा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**प्रतिनिधि, बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड में महाशिवरात्रि पूजा शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता बीडियो जितेंद्र कुमार मंडल एवं संचालन जीप प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम ने किया। बैठक में उपस्थित लोगों ने महाशिवरात्रि को लेकर विशेष चर्चा की गई एवं शांति पूर्वक पूजा करने पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान बड़कागांव महुदी पहाड़ बुढ़वा महादेव में मेला एवं पूजा पर विशेष चर्चा हुई। मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने सभी लोगों से आपसी मतभेद दूर कर महाशिवरात्रि पूजा में एक दूसरे का सहयोग करते हुए पूजा धूमधाम से मनाने की अपील की है। कहा की एकता बनाकर चलें, बड़कागांव को बदनामी का टीका नहीं लगने दे। वही थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि डीजे साउंड का उपयोग करें पर अश्लील या भड़काऊ गाना नहीं बजाएं अन्यथा शिकायत मिलने पर निश्चित ही कार्रवाई होगी इसके अलावा किसी भी प्रकार का कोई गंभीर मामला हो तो इसकी जानकारी तुरंत थाना को दें ताकि उस पर त्वरित कार्रवाई हो सके। बीडियो जितेंद्र कुमार मंडल एवं सीओ बालेश्वर राम ने प्रखंड के तमाम पूजा समिति के लोगों को सुझाव देते हुए कहा कि जुलूस एवं कार्यक्रम की जानकारी थाना प्रभारी को दें ताकि शांति व्यवस्था के लिए आपके लिए काम किया जा सके मौके पर उपस्थित लोगों ने मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, वीडियो जितेंद्र कुमार मंडल, अंचलाधिकारी बालेश्वर राम, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, उप प्रमुख बच्चन देव कुमार, मध्य जिप सदस्य सुनीता देवी, डॉक्टर बालेश्वर महतो, जिप सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम, मुखिया पारसनाथ प्रसाद सह जिला उपाध्यक्ष मुखिया संघ,कांग्रेस नेता सुरेश महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह ,दामोदर मेहता, खेमलाल महतो, जय शंकर मेहता, कुंजबिहार साव, जगतनंदन प्रसाद गुप्ता,पंचायत समिति रंजीत चौबे, प्रभू राम ,जय शंकर महतो, बिंदू दांगी , इंद्रभुसन,रामधनी महतो, शशि कुमार महतो, सुबोध जयसवाल, दामोदर मेहता, सहेश कुमार, राजकुमार साव, जानेसार आलम, कामेश्वर महतो, सुरेश महतो, झमन महतो, रामबिलश साव, सोनू इराकी, एस आई अशीष कुमार भगत, छोटू उराव एवं अन्य दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# लोअपा नेता कुंजबिहारीसाहु ने थाना प्रभारी से की औपचारिक मुलाकात



**प्रतिनिधि,बड़कागांव।** लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश मंत्री सह हजारीबाग लोकसभा प्रभारी कुंज बिहारी साहू एवं रामविलास साहू ने बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह को गुलदस्ता भेंट कर औपचारिक मुलाकात करते हुवे कहा कि बड़कागांव क्षेत्र में प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ रखने, ट्रैफिक व्यवस्था, ग्रामीण क्षेत्रों में विस्थापित असहाय लोगों पर कंपनी द्वारा किसी प्रकार शोषण नहीं होने की मांग की।

# महाशिवरात्रि स्नेहिल सह महाशिवरात्रि द्वादस जोयतिलिंगम मेला का उदघाटन कल



**प्रतिनिधि, रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय नव।टोली पिठौरिया के तत्वावधान में 12 दिवसीय महाशिवरात्रि द्वादश ज्योतिर्लिंग म मेला सह शिव समर्पण अलौकिक विवाह समारोह का उदघाटन कल धूम धाम से किया जाएगा। इस अवसर पर शिव भक्ति के लिए विशेष 12 ज्योतिर्लिंग का प्रदर्शनी लगाया जाएगा साथ ही साथ विशेष पूजा अर्चना, कीर्तन आदि कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।इस महोत्सव में भारी संख्या में शिव भक्त हजारी लगाएंगे। महोत्सव की पूरी तैयारी कर ली गई है।

इस अवसर पर संस्था की संचालिका बी के राजमती, अशोक उरांव,रवि रंजन मिश्रा,स्वामी दिव्यज्ञान, संपति देवी, आशुतोष द्विवेदी, राजू पोद्दार,राजीव रंजन अपनी सेवा दे रहे है।

# लोकसभा चुनाव में विस्थापित का मुद्दा गरमाएगा : भुवनेश्वर प्रसाद मेहता

**● अदानी का कोल ब्लॉक रद्द करने की मांग**



**प्रतिनिधि, हजारीबाग।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता और हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने विस्थापित प्रभावित को लेकर गंभीर दिख रहे है। पूरे झारखंड में प्रत्येक दिन हजारों की संख्या में लोग विस्थापित हो रहे हैं लेकिन इन विस्थापित पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार अनदेखी कर रही है जिसके कारण आज हजारीबाग और चतरा जिले के हजारों ग्रामीण आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। 2013 में भूमि अधिग्रहण कानून लाया गया लेकिन पूरे झारखंड में इस कानून का पालन कहीं नहीं किया जाता है बल्कि जिनकी जमीन होती है उनका शोषण कंपनी से लेकर सरकार तक और जिला प्रशासन के लोग जमकर करते हैं। जिसका ताजा उदाहरण हजारीबाग जिला अंतर्गत बड़कागांव प्रखंड के गोंदलपुरा और चतरा जिला के सिमरिया प्रखंड है। गोंडलपुरा गांव में पांच गांव के ग्रामीण लगभग एक वर्ष से धरना प्रदर्शन आमरण अनशन अन्य तरह का कार्यक्रम कर रहे हैं लेकिन राज्य सरकार से लेकर केंद्र सरकार तक इन ग्रामीण से मुंह फेरने का कार्य कर रही है। सरकार ने अदानी ग्रुप को गोंदलपुरा कॉल ब्लॉक आवंटन कर दिया है जिससे हजारों की संख्या में ग्रामीण अपनी जमीन देने से इनकार कर रहे हैं क्योंकि उनकी उपजाऊ जमीन चली जाएगी और बदले में कुछ मिलेगा नहीं। बड़कागांव प्रखंड कार्यालय में हजारों की संख्या में ग्रामीण आमसभा में पहुंचे जहां जिला प्रशासन और ग्रामीण मौजूद थे लेकिन जिस कंपनी को कोयला खनन का कार्य आवंटन हुआ है उसके कोई भी पदाधिकारी नहीं थे। इससे साफ जाहिर होता है कि आगामी लोकसभा चुनाव में विस्थापित का मुद्दा जमकर गर्म होगा जिस पर झारखंड की जनता और हजारीबाग के आम आवाम सरकार के खिलाफ जोरदार मोर्चा खोलेंगे। ठीक इसी प्रकार का आंदोलन चतरा जिला अंतर्गत सिमरिया प्रखंड के लोग कर रहे हैं जिस पर सरकार की नजर ओझल है। ऐसे में जनता के पास कोई विकल्प नहीं है कि उन्हें कोई न्याय दिला सके इसलिए अपना हक अधिकार का इस्तेमाल 2024 के लोकसभा चुनाव में करे।

# हरली पंचायत में हो रहे विकास कार्यों में अनियमितता व मनमानी का आरोप मुखिया पर लगाया

**प्रतिनिधि,बड़कागांव।** प्रखंड के ग्राम पंचायत हरली के मुखिया कविता देवी के द्वारा हो रहे विकास कार्यों में अनियमितता व मनमानी का आरोप हरली पंचायत के उप मुखिया सुनील कुमार ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जांच करने कि मांग की है। हरली पंचायत के उप मुखिया ने पंचायत सचिव खुशनारायण मेहता एवं मनरेगा कर्मी मनमाने 15 वें वित्त से हार्ले उच्च विद्यालय के पास जल मीनार बना भी नहीं और रूपए अवैध तरीके से निकासी कर लिया गया, सती विद्या मंदिर के पास जल मीनार में 20 लोगों को दिखाकर अवैध तरीके से पैसा निकासी कर लिया गया, हरली श्मशान घाट घेराव में घटिया सामग्री उपयोग के कारण पिलर उखाड़ रहे हैं, 15वें वित्त प्रखंड समन्वय आशीष कुमार पासवान पर भी 20त कमीशन मांगने का आरोप, हार्ले में एक भी चापानला रिपेयरिंग नहीं हुआ और 75000 रुपए अवैध निकासी हो गया, हार्ली में प्रेम कुमार भारती के जमीन में 80 *100 * 10 का निर्माण में 35290 रुपया निकासी किया गया है जिसे जेसीबी मशीन से खोदा गया है, जिसका कोड संख्या 7080902608764 है, गरीब-गुरबा लोगों को अंबेडकर आवास ना देकर दो मंजिलें संपन्न लोगों को अम्बेदकर अवास योजन दिया गया, जनवितरण प्रणाली के संचलक प्रखंड डीलर संघ के प्रखंड सचिव बालेश्वर महतो के द्वारा मुखिया का धौंस दिखाकर जबरन कार्डधारियों से राशन में कटौती करके देता है। इत्यादि शिकायत करते हुए उपमुखिया सहित अन्य वार्ड सदस्यों ने मुखिया को निरस्त करने की कार्रवाई कि मांग की है। या तो फिर वार्ड सदस्यो ने सदस्यता निरस्त से निरस्त किया जाए ताकि जनता के नजरों में मान सम्मान बना रहे। आवेदन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री सहित मनरेगा आयुक्त महोदया राजेश्वरी बी झारखंड सरकार रांची एवं उपायुक्त हजारीबाग को भी प्रेषित किया गया है। आवेदन में मुख्य रूप से उपमुखिया सुनील कुमार ,वार्ड सदस्य खुशबू कुमारी राणा 12 ,सुनीता देवी 07, रेणु देवी 08, सरिता देवी 09, वीणा देवी 13,रेखा कुमारी 05,पुनीता देवी का संयुक्त रूप से हस्ताक्षर है। वहीं इस मामले पर हरली पंचायत मुखिया कविता देवी से पूछे जाने पर कहा कि उप मुखिया के द्वारा जो भी आरोप लगाया जा रहा है वह बिल्कुल निराधार है और कुछ वार्ड सदस्यों को विकास संबंधित योजना कार्य कागज में कहकर साइन कराया है।

# विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर- घाघरा डैम का होगा जीर्णोद्धार



**प्रतिनिधि, केरेडारी।** विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर घाघरा डैम का जीर्णोद्धार होगा। विधानसभा में प्रश्न उठाने पर घाघरा डैम व नहर का जीर्णोद्धार कराने के लिए जल संसाधन विभाग ने मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग हजारीबाग से प्रस्ताव मांगा है।

विधायक ने सदन को अवगत कराते हुए कहा कि हजारीबाग जिला अंतर्गत केरेडारी प्रखंड में घाघरा डैम व नहर बना हुआ है जो जर्जर स्थिति में है। केंद्र से डैम सुरक्षा के संबंधित अधिकारियों के द्वारा स्थल का दौरा किया गया था जिसके उपरांत डैम की सुरक्षा के लिए रिपोर्ट में कई आवश्यक कार्य करने का परामर्श दिया था। इसी को लेकर विधायक अंबा प्रसाद ने डैम व नहर का जीर्णोद्धार कराने की मांग सदन में की। विधायक ने कहा कि पूरा प्रयास करूँगी जल्द ही जीर्णोद्धार का काम शुरू हो जाये।

# कोल इंडिया व सीसीएल के सीवीओ ने किया ढोरी क्षेत्र का दौरा



**प्रतिनिधि,बेरमो।** कोल इंडिया के सीवीओ ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, सीसीएल के सीवीओ पंकज कुमार ने विभिन्न विभाग के अधिकारियों के साथ ढ़ोरी क्षेत्र के एएडीओसीएम (अमलो) परियोजना का निरीक्षण किया। इस दौरान, वे ढोरी, बीएंडके और कथारा क्षेत्रों के जीएम व अधिकारियों के साथ चपरी गेस्ट हाउस मे क्षमता निर्माण प्रोग्राम एवं नयू रोड सेल गाइड लाइन के वर्कशॉप में शामिल हुए। सतर्कता विषय पर इस दौरान कोल इंडिया सीवीओ और सीसीएल सीवीओ पेशेवर जीवन के सभी पहलुओं में सतर्कता के महत्व को रेखांकित किया। सीसीएल सीवीओ ने विभाग का संक्षिप्त विवरण प्रदान कि?या। विभाग द्वारा की गई निवारक सतर्कता गतिविधियों का विवरण दिया एवं 2009 के रोड सेल गाइड लाइन के कर्मियो को दूर करते हुए 2023 के गाइड लाइन का संक्षिप्त विवरण दिया। कोल इंडिया के सीवीओ ने सीसीएल सतर्कता विभाग द्वारा की गई गतिविधियों की सराहना की। सुधार के लिए कई सुझाव दिए गए। कार्यक्रम का संचालन श्री ज्ञानदीप व डाक्टर श्वेता शरण ने किया। कार्यक्रम आयोजन की मुख्य भूमिका मोहम्मद तौकीर आलम, अभिषेक सिंहा, आशीष अंचल एवं अच्युतानंद जी ने निभाई। इस अवसर पर कोल इंडिया व सीसीएल के सीवीओ सहित ढ़ोरी जीएम एम के अग्रवाल ने बैटरी और मैन्युअल व्हीलचेयर 7 दिव्यांगों को प्रदान किया गया। बैठक मे ढ़ोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल, बीएंडके जीएम के रामाकृष्णा और कथारा जीएम दिनेश कुमार गुप्ता, एसओ माइनिंग अमिताभ तिवारी,एसओ पी प्रतुल कुमार,पीओ के आर सत्यार्थी, रंजीत कुमार, शैलेश प्रसाद, मनोज कुमार सिंह व के एस गैवाल ,एसओ सिविल उज्जवल कुमार सिंह, एसओ एक्स यू के पासवान, एएफएम राजीव रंजन, एसओईएंडएम जयशंकर प्रसाद, सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार, आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

# सीएमपीडीआई एवं सीआईपीईटी के बीच समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर




**रांची।** सीएमपीडीआई (मुख्यालय), रांची के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत ''सीआईपीईटी के माध्यम से झारखंड के 80 वंचित/बेरोजगार/अर्द्ध-बेरोजगार युवकों को मशीन ऑपरेटर ( छह माह का पाठ्यक्रम ) का ''कौशल विकास प्रशिक्षण'' देने के लिए सेन्ट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीच्यूट लिमिटेड (सीएमपीडीआई) एवं सेन्ट्रल इंस्टीच्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआईपीईटी) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किया गया। सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (एचआरडी/सीएसआर) आरके महापात्रा तथा सीआईपीईटीःसीएसटीएस के संयुक्त निदेशक/प्रमुख प्रवीण बी बछव के बीच इस समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया।

इस समझौता ज्ञापन के तहत सीआईपीईटी, हेहल में झारखंड के 40 लाभुकों को मशीन ऑपरेटर-प्लास्टिक प्रोसेसिंग (एमओ-पीपी) तथा 40 लाभुकों को मशीन ऑपरेटर-इंजेक्शन मोल्डिंग टेक्नोलॉजी का प्रशिक्षण दिया जाएगा। नेशनल स्कील क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुरूप पाठ्यक्रम छह महीने की अवधि का होगा जिसमें भोजन और आवास भी शामिल होगा। उक्त कोर्स नेशनल स्कील क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) से जुड़ा है तथा नेशनल स्कील्स क्वालिफिकेशन कमिटी (एनएसक्यूसी)-नेशनल स्कील डेवलपमेंट एजेंसी (एनएसडीए), कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार से स्वीकृत है। सीएमपीडीआई ने इस परियोजना के निमित्त सीएसआर के तहत 68 लाख रूपये का निधि स्वीकृत किया है।

कौशल विकास कार्यक्रम युवाओं के कौशल को उन्नत करने और औद्योगिक अनुभव और विशेषज्ञता प्राप्त करने में सक्षम बनाता है जिसके परिणामस्वरूप प्लास्टिक इंजीनियरिंग क्षेत्र में नौकरियां सुरक्षित होती हैं।

# ज़िप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने अयोध्या जा रही बस को दिखाई हरी झंडी

## श्री रामलला दर्शन को लेकर गांव से लेकर शहर तक उत्साह का माहौल- श्री तिवारी

## जय श्री राम के जयकारों से राममय हुआ ऊँटा



**प्रतिनिधि, चतरा।** श्रीरामलला के दर्शन को लेकर गांव से लेकर शहरों में उत्साह का माहौल है। ज़िप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने आज ऊँटा से रामभक्तों के एक जत्थे को अयोध्या धाम लेकर जा रही बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री तिवारी ने श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रभु श्री रामलला के दर्शन करना लोगों के जीवन का एक अविस्मरणीय पल है। वे लोग बहुत सौभाग्यशाली हैं जो प्रभु के दर्शन का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। अयोध्या धाम जा रहे प्रत्येक श्रद्धालुओं में खुशी है कि वह अयोध्या जाकर वहां 500 सालों के बाद बने राम मंदिर में प्रभु श्री रामलला का दर्शन कर आशीर्वाद लेंगे।

# ताजपुर बाजार के चार दुकानों में चोरी, दहशत में व्यवसायी

**प्रतिनिधि, चौपारण।** चौपारण (हजारीबाग) प्रखंड के जीटी रोड पर अवस्थित ताजपुर बाजार इन दिनों चोरों के आतंक के कारण दुकानदारों में खौफ बढ़ने लगा है। एक ही रात में चोरों ने चार-चार दुकानों पर अपना हाथ साफ कर दिया। बिते बुधवार के रात चोरों ने कर दुकानदारों के दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया। भुक्त भोगियों में पिंटू साव, रमेश बरनवाल, सीताराम साव, गोलु बरनवाल शामिल है। इनके दुकान में चोरों ने चोरी कर लिया। चोरी की घटना से दुकानदारों में दहशत का वातावरण बन गया है। दुकानदारों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से चोरी की घटना पर अंकुश लगाने की मांग किया।

# भारतीय जनता पार्टी मंडल के लाभार्थी संपर्क अभियान की महत्वपूर्ण बैठक कृषि फार्म में हुई संपन्न



**प्रतिनिधि, इटखोरी।** इटखोरी (चतरा) प्रखंड भाजपा मंडल लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर गुरुवार को भाजपाइयों की बैठक कृषि फार्म में संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड उपाध्यक्ष संतोष कुमार दांगी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से केंद्र सरकार द्वारा संचालित कई अहम योजनाओं के बारे में सभी बूथों के पदाधिकारी तथा बुथ अध्यक्षों को विस्तार रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिमरिया विधानसभा विस्तारक मुन्ना रजक, जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा सुधीर राय, पूर्व मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण सिंह, मंडल उपाध्यक्ष संतोष कुमार दांगी, ज्ञानी यादव, नगीन सिंह, नागेंद्र सिंह, रामाधार राम, महिला मंडल मंत्री काजल देवी, राजेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि ब्रह्मदेव कुमार यादव, सुकेश कुमार, खुशी यादव, महेंद्र कुमार सिंह, राजू कुमार यादव, सुभाष कुमार सिंह और राजेंद्र राणा, मण्डल महामंत्री अनुज दांगी, युवा मोर्चा के महामंत्री आशीष मिश्रा समेत भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चौपारण दौरे पर पहुंचे सांसद जयंत सिन्हा, की कई बड़ी घोषणाएं

**प्रतिनिधि, चौपारण।** बुधवार को हजारीबाग के सांसद सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थाई समिति जयंत सिन्हा के द्वारा प्रखण्ड के पश्चिमी मण्डल के कई क्षेत्रों का दौरा किया गया। और लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान सांसद जयंत सिन्हा ने कई बड़ी घोषणाएं की। सांसद जयंत सिन्हा के द्वारा चोरदाहा मे दस लाख का सामुदायिक भवन, दनुवा हाई स्कूल मे पांच लाख का भवन,

ताजपुर के कात्यानी मंदिर स्तिथ तालाब मे छठ घाट में सीढ़ी निर्माण के लिए दस लाख, बेला मे आंगनवाड़ी मरमति के लिये सात लाख और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, मानगढ़ मे बॉउंड्री वाल निर्माण करने की घोषणा के साथ सौगात दी गई। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू, जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, पश्चिमी मण्डल आध्यक्ष मुकेश सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साहू व राजेन्द्र चंद्रवंशी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष भरत सिंह, अशोक गुप्ता, मुखीया अर्जुन सिंह, रंजीत सिंह, पूर्व मुखिया सुखदेव पासवान, शम्भू नारायण सिंह, रामस्वरूप पासवान, गजाधर साव, शशि शेखर, दयानन्द केशरी, गणेश यादव, जनार्दन सिंह, अरबिंद सिंह, परमेश्वर यादव, बिनोद साव, कृष्णा पासवान, सतेंद्र सिंह, उपेंद्र प्रजापति, शशि सिंह, योगेंद्र सिंह, सन्तोष केशरी, पवन बर्नवाल, सुधीर केशरी, संजय विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# रुद्र महायज्ञ सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा के कलश यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए ज़िप परिषद् उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी

**प्रतिनिधि, चतरा।** सदर प्रखंड अंतर्गत मरमदेरी में श्री श्री 1008 श्री सप्तदिवसीय रुद्र महायज्ञ सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा की कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि चतरा के ज़िप परिषद् उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी सम्मिलित हुए। भव्य कलश यात्रा से पूरे गांव का माहौल धर्ममय हो गया। श्रद्धालुओं द्वारा हर हर महादेव का जयकारों से पूरा गांव गुंजायमान हो गया। कलश पूजन के बाद मंदिर से कलश यात्रा का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि ने कलश धारीयों के बीच कलश वितरण कर किया। जिसका जल मरमदेरी के नदी से उठाकर पूरे ग्राम का भ्रमण कर कलश स्थापन किया गया। वहीं माननीय ज़िप परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि इस तरह के भक्ति कार्यक्रम और पूजन समारोह में सम्मिलित होने से मन और मस्तिष्क की शुद्धि होती है, साथ ही एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार पूरे शरीर में होता है। उन्होंने कहा कि भगवान् की कथा के अनुसरण से भक्तों का कल्याण होता है और जीवन में सुख व शांति का अनुभव होता है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है वह तीर्थ स्थल कहलाता है। इस पावन अवसर पर हजारों भक्त जन समेत कई गणमान्य उपस्थित थे।

# छात्रों में मानसिक तनाव एवं बचाव पर शैक्षिणिक एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**प्रतिनिधि, मेराल (गढ़वा)।** नेसा फाउंडेशन के तत्वाधान में छात्रों में मानसिक तनाव के कारण एवं बचाव प्रकरण पर शैक्षिनिक एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेराल ब्लॉक प्रमुख दीपमाला कुमारी के कर कमलों द्वारा कार्यक्रम की शुभारम्भ की गई। इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि मानसिक तनाव पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम करना वर्तमान समय में काफी प्रासंगिक है। जिस समय समान मनुष्य में भी मानसिक तनाव का होना आम बात है। मानसिक तनाव से बचाव जागरूकता ही है। इसलिए समाज को जागरूक होने की जरूरत है। मानसिक तनाव के कारण समाज में निरंतर नई- नई घटनाएं सुनने को मिल रही है जो शैक्षिनिक एवं सामाजिक दृष्टिकोण से बिल्कुल उचित नहीं है। वहीं नेसा फाउंडेशन द्वारा इस प्रकार के किये जा रहे प्रयास काफी सराहनीय है। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सचिव प्रो. प्रवीण सिंह कुशवाहा नेसा फाउंडेशन ने शिक्षकों एवं अभिभावकों को अपने विद्यार्थियों एवं बच्चों के प्रति सजग एवं जिम्मेवार रहने की बात कही। शिक्षक एवं अभिभावक के समन्वय अभाव में बालकों में अध्ययन एवं शैक्षिनिक उपलब्धि को लेकर द्वंद एवं तनाव पाया जाता है, जो उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए अनुचित है। शिक्षकों एवं अभिभावकों को अपने बालकों की अधिगम क्षमता एवं व्यक्तिगत विभिन्नता को ध्यान में रखते हुए उनके अधिगम एवं उपलब्धि में रुचि एवं अभिप्रेरणा देने की आवश्यकता है। इसके बिना छात्रों के ऊपर बेहतर परिणाम का दबाव उनमें तनाव की स्थिति उत्पन्न करती है, जो चिंता का विषय है। बालकों के सर्वांगीण विकास के लिए अध्यापक, शिक्षक एवं समाज सबको संयुक्त रूप से जिम्मेवारी लेनी होगी। आज संपूर्ण विश्व में बाल- केंद्रित शिक्षा होने के बावजूद बालकों को तनाव से गुजरना पड़े तो यह चिंता का विषय है। इसके लिए शिक्षक- अभिभावक को सामाजिक जागरूकता एवं उनके व्यक्तिगत विभिन्नता के आधार पर उनकी आवश्यकताओं को पूर्ति करते हुए बालकों को तनाव मुक्त करने का प्रयास करना चाहिए। वहीं इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राम सागर मेहता ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को भी इसके प्रति प्रयास करने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में मेराल प्रखंड के पूर्व जिला परिषद सदस्य संजय भगत ने अपने विचार को रखते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रकरण पर सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम प्रखंड में बड़े स्तर पर करने की आवश्यकता है। इस पर मुखिया रामसागर मेहता ने होली से पूर्व करने पर सहमति जताई है। वहीं पूर्व मुखिया सुषमा देवी ने अभिभावकों को अपने बालकों के प्रति सचेत रहने एवं अभिप्रेरणा देने की बात कही।

जिससे बालक में तनाव की स्थिति उत्पन्न न हो। शैक्षिणिक एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का संचालन नेसा फाउंडेशन के वरिष्ठ सदस्य डॉ. लालमोहन ने किया। जबकि तकनीकी सहयोग में आनंद कुमार ने अपनी भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों सहित अभिभावक, नेसा फाउंडेशन से संतोष कुमार आनंद कुमार, देवव्रत मेहता एवं विद्यालय के विद्यार्थी एवं ग्रामीण उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा किया गया।

# चौपारण बीईईओ उमाकांत प्रसाद यादव हुए सेवानिवृत्त, बीआरसी कर्मियों ने दी भावविनी विदाई




**प्रतिनिधि, चौपारण।** चौपारण (हजारीबाग) प्रखण्ड में 2022 से पदस्थापित प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी भाग 1 उमाकांत यादव गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति के पश्चात गुरुवार शाम को प्रखण्ड के सभी बीआरसी कर्मियों के द्वारा उन्हें भावविनी विदाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन सीआरपी शैलेंद्र पांडेय ने किया। इससे पूर्व सेवानिवृत्त बीईईओ उमाकांत यादव के द्वारा बीआरसीसी सह चौपारण भाग 2 के बीईईओ राकेश सिंह को प्रभार सौंपा गया। मौके पर बीईईओ राकेश सिंह ने बीआरसी कर्मियों व उपस्तिथ शिक्षकों के साथ सेवानिवृत्त बीईईओ उमाकांत प्रसाद यादव को बुके, शॉल व गिफ्ट देकर भावभीनी विदाई दी। मौके पर बीईईओ राकेश सिंह सम्बोधित करते हुए रो गए और उन्होंने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि लगभग डेढ़ वर्षों का साथ हमलोगों का रहा। इनके यहां रहने से हर काम में मुझे बड़े भाई की तरह मार्गदर्शन देते रहते थे। इनकी सेवानिवृत्त मेरे लिए काफी दुःखदाई है पर मैं ईश्वर से यही प्रार्थना करता हूँ कि सर जहां भी रहे दीर्घायु रहे और हमेशा स्वस्थ रहें। वहीं विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए सेवानिवृत्त बीईईओ उमाकांत प्रसाद यादव के भी आंखों से आंसू छलक गए। उन्होंने आंसू से भरभारते हुए कहा कि आज मुझे ऐसा लग रहा है किसी अपनो से हम दूर हो रहे हैं। उन्होंने विदाई के मौके पर सभी बीआरसी कर्मियों का आभार व्यक्त किया और सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बतादें कि श्री यादव 1991 में

बेसिक स्कूल मुर्बन्दा, चितरपुर में सर्वप्रथम जॉइन किए थे। फिर वे निश्चितपुर बेसिक स्कूल, चक्रधरपुर में सेवा दिए। इसके बाद 2011 में चांडिल सरायकेला में बीईओ बनकर आए। इसके बरही प्रखण्ड फिर सिमडेगा के उरडेग प्रखण्ड और चौपारण में बीईईओ रहते हुए सेवानिवृत्त हुए। मौके पर शिक्षक जनार्दन प्रसाद वर्मा ने कहा कि सर का पूरा कार्यकाल बेदाग रहा और हमेशा शिक्षकों को मदद के लिए सक्रिय रहते थे।

मौके पर बीआरपी मो सईद, बीआरपी मो सईद, बीपीएम आरिफ, सीआरपी विश्वनाथ साव, शैलेंद्र पांडेय, प्रभाकर अंबुद्दि, प्रदीप यादव, लेखपाल विष्णुनाथ रविदास, एमआईएस प्रभारी पवन कुमार, यशवंत कुमार राणा, बीआरसी स्टाप शशि कुमार, शिक्षक सुरेंद्र दास, जनार्दन प्रसाद वर्मा, राकेश कुमार, उपेंद्र कुमार, ब्रजमोहन कुमार, गोपाल पांडेय, राजेश मेहता, दीपक भारती, जयमंगल सिंह, भागीरथ दास, जया सिंह, प्रदीप पासवान, रूपलाल पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

# प्रखंड कार्यालय समीप आवास का निरीक्षण कर जन-प्रतिनिधियों ने जताई नाराजगी

## कहा, चारदीवारी के निर्माण में घटिया सामग्री का किया जा रहा उपयोग



**प्रतिनिधि, पत्थलगड़ा (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय समीप ग्रामीण पथ विभाग के द्वारा लगभग 6 करोड़ की लागत से हो रही आवास व चारदीवारी निर्माण में अनियमित बरती जानी शुरू हो गई है। उक्त बातें पत्थलगड़ा के बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष बैजू यादव, मुखिया प्रतिनिधि संजय दांगी, उप मुखिया प्रतिनिधि भोला दांगी, वार्ड सदस्य संतोष रजक, राजेश दांगी, भीम दांगी, प्रदीप कुमार, मोहम्मद इसराइल सहित अन्य ने हो रहे आवास व चारदीवारी निर्माण स्थल पर पहुंच निरीक्षण कर कही है। इस दौरान कहा गया कि चारदीवारी की नींव भी कम गहराई में खोदी गई है जबकि यह बात सुनकर संवेदक मुकेश शाह के द्वारा बताया गया कि ये खुदाई पूरी हुई है और इसमें 3 इंच बालू, 3 इंच ईंट और 3 इंच ढलाई किया गया है। वहीं सभी जनप्रतिनिधियों सहित अन्य ग्रामीणों ने इस पर कहा कि यह तो जांच का विषय है अगर जांच करवाएं तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। सभी के द्वारा आगे गिट्टी, बालू व बन रहे मसाले को भी देखा गया। निरीक्षण कर सभी जनप्रतिनिधियों ने बन रहे मसाले, कॉलम की खुदाई व ढलाई, बालू में पूरी तरह मिट्टी का अंश और गिट्टी को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए संवेदक मुकेश शाह को चारदीवारी व आवास निर्माण कार्य में गुणवत्ता युक्त सामग्री में किसी भी प्रकार की कटौती नहीं करते हुए निर्माण कार्य करने की बात कही है। इस पर जब पत्रकारों के द्वारा स्थल पर मौजूद लोगों से पूछा गया तो जमुना प्रसाद व रितेश कुमार के द्वारा बताया गया कि हम लोग दोनों ही इंजीनियर हैं, उनसे आगे जब पूछा गया तो जमुना प्रसाद ने कहा हम पेटीदार हैं और रितेश कुमार करने ने कहा कि हम यहां साइट इंचार्ज है। उनके द्वारा आगे कहा गया कि हम यहां पर पेटीदार व साइट इंचार्ज हैं हम लोग ही सारा काम करवा रहे हैं क्योंकि हम लोगों के पास इतनी जानकारी है। चहारदीवारी का निर्माण जब से हुआ है तब से अभी तक है यहां जई नहीं पहुंचे हैं आपको जो भी बात करनी है वह आप संवेदक से करें। जबकि जिला परिषद सदस्य के द्वारा संवेदक मुकेश शाह से दूरभाष पर बरती जा रही अनियमित को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जल्द ही गिरी हुई घटिया किस्म की बालू को उठाव करवा दिया जाएगा, बाकी सारे जनप्रतिनिधि लोगों से हमारी यह मामला को लेकर बात पूरी हो चुकी है। आपको बताते चलें की देखरेख के अभाव में यहां सरकारी धन का दुरुपयोग होता दिखाई देने लगा है। वही निर्माण स्थल पर निर्माण से संबंधित अभी तक कोई बोर्ड भी नहीं लगाई गई है।

# शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई नौवीं बोर्ड की परीक्षा, तीन छात्र रहे अनुपस्थित

**प्रतिनिधि, बिशुनपुरा (गढ़वा)।** बिशुनपुरा प्रखन्ड मुख्यालय के राजकीय मध्य विद्यालय बिशुनपुरा में चल रही नौवीं बोर्ड की परीक्षा मे शुक्रवार को हिन्दी, अंग्रेजी, गणित एवं विज्ञान विषय की हुई परीक्षा। जहाँ कुल 310 छात्र- छात्राओं में से 3 छात्र अनुपस्थित रहे। वही 307 छात्र - छात्राओं ने परीक्षा में लिया भाग। वही शान्ति पूर्ण परीक्षा को सम्पन्न करने को लेकर केन्द्राधिक्षक अजित कुमार पांडेय, वीक्षण कार्य में शिक्षक कमलेश यादव, अनिल कुमार गुप्ता, राम राज पांडेय, मेराज अली, इन्द्र देव राम, शिक्षिका निलू कुमारी, सविता पांडेय, शिक्षक कृष्ण कुमार, कमलेश कुमार, नवनित तिवारी, रविन्द्र कुमार, उपेन्द्र गुप्ता, अखिलेश प्रजापति, आनन्द देव आदि का रहा योगदान।



# चतरा को बनाएंगे अपराध मुक्त, नहीं बनने देंगे उड़ता पंजाब -एसपी

- करेंगे नक्सलवाद, टेरर फंडिंग व गैंगवार पर कठोर कार्रवाई
- 31वें पुलिस अधीक्षक के रूप में विकास पांडेय ने ग्रहण किया पदभार, महिला हिंसा पर रोक व उत्थान की कही बात



**प्रतिनिधि, चतरा।** जिले के नव पदस्थापित पुलिस कप्तान विकास पांडेय ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने जिले में बढ़ते अपराध के ग्राफ को कम करने की दिशा में ठोस एवं कारगर कदम उठाने की बात कही। अफीम तस्करी और ब्राउन शुगर के काले कारोबार के लिये बदनाम चतरा जिले की पहचान बदली जाएगी। इसे किसी भी स्थिति में उड़ता पंजाब नहीं बनने देंगे। चतरा के 31वें पुलिस अधीक्षक के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद जिले के नए एसपी विकास पांडेय ने जिले में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने की बात कही। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि चतरा जिला राज्य ही नहीं बल्कि देश-विदेश में अफीम तस्करी और इसके गैर-कानूनी कारोबार के लिए बदनाम है। बाहर के लोग इसे हेय दृष्टि से देखते हैं। ऐसे में जिले के आम जनमानस के सहयोग से पुलिस और जनता के बीच आपसी समन्वय स्थापित कर इस कलंक को मिटाने की दिशा में सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिसका असर आने वाले दिनों में साफ तौर पर सभी को दिखाई देगा। उन्होंने ब्राउन शुगर के चपेट में आए नशाखोरों और अपना भविष्य तबाह करने वाले युवा पीढ़ी और अभिभावकों से नशे का तिरस्कार कर भविष्य संवारने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब तक अभिभावक और युवा पीढ़ी जागरूक नहीं होंगी तबतक पुलिस नशामुक्त चतरा निर्माण के अपने उद्देश्यों में सफल नहीं हो पाएगी। प्रभार लेने के बाद पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय ने महिला हिंसा और इससे पीड़ित महिलाओं को इंसाफ दिलाने की दिशा में भी बड़ा बयान दिया है। कहा है कि महिला हिंसा और इससे संबंधित आए हुए मामलों के त्वरित समाधान को लेकर सभी थानों को सख्त निर्देश जारी किये गए हैं। फरियाद लेकर थानों में पहुंचने वाले महिलाओं की विशेष काउंसलिंग और उनकी समस्याओं को सहजता से सुनने के भी निर्देश जारी किए गये हैं। एसपी ने कहा है कि हालिया दिनों में जिले में सक्रिय विभिन्न नक्सली संगठनों के द्वारा कुछ घटनाएं कारित की गई हैं, लेकिन उसके विपरीत हमारे जाबांज सुरक्षा बलों ने उन्हें मुंहतोड़ जवाब देते हुए कई सफलताएं भी अर्जित की है।

नक्सलियों के विरुद्ध पुलिस का अभियान निरंतर जारी रहेगा। एसपी ने समाज से भटके नक्सलियों और युवाओं को सरकार की आत्मसमर्पण नीति और डीजीपी के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए हथियार डालकर मुख्य धारा में शामिल होने की अपील की। चतरा पुलिस का दरवाजा समाज से भटके युवाओं को मुख्य धारा में शामिल करने के लिए हमेशा खुला है। इस संदर्भ में पुलिस कप्तान ने कहा कि या तो नक्सली सरेंडर कर दे या फिर पुलिस सख्ती से निपटेगी। नवपदस्थापित एसपी कोयलांचल में टेरर फंडिंग और गैंगवार की निरंतर बढ़ती घटनाओं पर भी सख्त दिखे। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि पुलिस सभी पहलुओं पर गहनता से निगरानी रख रही है। टेरर फंडिंग में संलिप्त नक्सलियों और गैंगस्टर के विरुद्ध भी पुलिस का एक्शन जारी रहेगा।

# विधायक भानु ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में किया 51जोड़ों की शादी



**प्रतिनिधि, भवनाथपुर (गढ़वा)।** टाउनशिप सीडी मैदान स्थित विवाह मंडप में भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भानु प्रताप शाही द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में भवनाथपुर विस क्षेत्र के गरीब असहाय 51 बहनो की शादी कार्यक्रम हुआ सम्पन्न। वहीं विधायक आवास पर गाजे बाजे के साथ द्वारपूजा का रस्म के बाद सीडी मैदान में बनाये गए विवाह मंडप में विद्वान पंडितो द्वारा वैद्दिक मंत्रोच्चार के साथ ही 51 जोड़ी नव दम्पतियों की शादी संपन्न कराया गया। विधायक भानु ने सपत्नीक चानी शाही के साथ कन्यादान किया। इस दौरान भानु ने नव दम्पतियों के विदाई में उपहार स्वरुप पलंग, पंखा के साथ अन्य फर्नीचर तथा जेवर सहित दैनिक उपयोग के सामान प्रदान किया। शादी मंडप स्थल पर पटना के लोकगीत गायिका सह दूरदर्शन कलाकार मन्दाकिनी मिश्रा की टीम ने शादी गीत व लोक गीत की प्रस्तुति दी। वहीं जिला पशुपालन पदाधिकारी विद्या सागर सिंह, प्रखंड पशु पालन पदाधिकारी सतेंद्र नरायण सिंह, फॉरेस्ट विभाग रेंजर प्रमोद कुमार, समाज सेवी शिव पूजन यादव, संजय भगत, सेल पदाधिकारी राजेश कुमार, भगवान पनिग्रही, डोमन यादव, भाजपा नेता अलखनाथ पाण्डेय, मुकेश निरंजन सिन्हा, सांसद प्रत्याशी जवाहर पासवान, शारदा महेश प्रताप देव, नंदकिशोर यादव, भगत दयानन्द यादव, राजीवरंजन तिवारी, कृपाल सिंह, राजा सिंह, अनिल चौबे, मनोज पहाड़िया, गुड्डू सिंह, मनु उपाध्याय, मधुलता कुमारी, वीणा चौरसिया, बिभूति चौबे, सोना किशोर यादव, सुनील सिंह, भानु गुप्ता, दयानन्द सोनी, प्रेम प्रकाश रमण, लक्ष्मण राम ने शादी स्थल पर पहुंच वर वधु को आशिर्वाद दिया। सामूहिक शादी को सफल बनाने को लेकर श्री बंशीधर नगर एसडीओ रतन सिंह, एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, इंस्पेक्टर रमोद कुमार, भवनाथपुर थाना प्रभारी कृष्णा कुमार पुलिस बल के साथ विधि व्यवस्था बनाये रखने में मुस्तैद दिखे।

**एक दूजे के हुए 51 जोड़ी नवदंपति :** शादी स्थल पर जिन जोड़ों की शादी कराई गई उनमे रीना संग विकास, राधिका संग जितेंद्र, रंजू संग शैलेश, आशा संग सीता राम, रिंकी संग रोहित, प्रभा संग उमेश, रानी संग उदय, शैला संग रवि, सुचिता संग बीरबल, सिमा संग दीपक, खुशबू संग छोटे लाल, शीतला संग दशरथ, मीरा संग शिवा, जसो संग अजय, सिमा संग अरविंद, रीना संग नागेश्वर, प्रियंका संग अमित, ललिता संग कृष्णा, तीजा संग लालता, सुषमा संग अरविंद, विन्दा संग संजय, नीरू संग नीतीश, निर्मला संग शत्रुधन, निरसा संग संदीप, निशु संग शिबू, दिला संग राकेश, डिम्पल संग चंदन, सुमन संग श्रवण, ज्योति संग मिथलेश, रिंकू संग बीरेंद्र, अंजली संग राजेश, कांति संग सुनील, सिमा संग सुनील, खुशबू संग लवकुश, मनीता संग मनोज, रिंकी संग चंदु, आरती संग नागेंद्र, छठनी संग पंकज, रानी संग अरविंद, कुसुम संग सत्यनारायण, खुशबू संग सचिन, काजल संग रमन करकेट्टा, सरिता संग अखलेश, अंशू संग प्रभात, पुष्पा संग जीतेंद्र, रीना संग मुंशी, प्रियंका संग शत्रुधन, माया संग अखलेश, अनिता संग बिपिन, जीरा संग आनंद, रीमा संग छोटू का नाम शामिल है।

**भोजपुरी अभिनेता खेसारी लाल ने मोहा दर्शकों का दिल :** सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन। भोजपुरी जगत के स्टार खेसारी लाल यादव को विधायक भानु प्रताप शाही ने मंच पर अंगवस्त्र व तलवार भेंट किया। कार्यक्रम में भोजपुरी अभिनेता खेसारी लाल यादव ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे लाखों लोगों को भोजपुरी गीत पर पूरे दिनभर झुमाया। वहीं अभिनेता खेसारी लाल यादव ने इस शादी समारोह का विधायक भानु प्रताप शाही को सराहना भी किया।

# पीएचडी का जल नल योजना बना हाथी दांत -पूर्व मुखिया प्रतिनिधि

## यह जल मीनार2018 में 50 घरों को शुद्ध पेयजल का मिला था सौगात



**प्रतिनिधि ,चौपारण।** चौपारण( हजारीबाग )प्रखंड के ग्राम पंचायत दादपुर के चौपारण-चतरा रोड किनारे दलित भुइयां टोली में बना पीएचडी विभाग से जल नल योजना हाथी दांत बनकर रह गया है। उक्त बातें गांगो मसोमात, सुदामा मसोमात, सीता मसोमात, रीता देवी, सुधा देवी, आरती देवी, सुमा देवी, रानी देवी, गौरा देवी, करमतिया देवी, महेंद्र भुइयां, छोटन भुइयां, सरजू भुइयां, डोमन भुइयां, जिक्षु भुइयां, जगदेव, मनीष, छोटू भुइयां, भुखन भुइयां, दिनेश भुइयां सहित 50 घरों के दलित भुइयां समाज के लोगो के समक्ष समाजसेवी सह पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अरविंद सिन्हा ने बताएं। उन्होंने कहा कि दलित समाज के उत्थान के लिए पीएचडी विभाग ने शुद्ध पेयजल की व्यवस्था 2018 में किया था। जिससे दलित समाज के 50 घरों में शुद्ध पेयजल का लाभ मिला। वर्तमान में साल डेढ़ साल से खराब हो गया है। जिसे ठीक करवाने के लिए एक तरफ मुखिया को और दूसरी तरफ पीएचडी विभाग से मांग कर रहें हैं। पर किन्हीं के द्वारा सकारात्मक पहल नही किया जा रहा है। इस संबंध में दादपुर मुखिया गंदौरी दांगी एवं पंचायत सेवक मुकेश कुमार ने कहा कि मुखिया मद को सरकार ने दो विभाग में बांट कर खर्च करने का निर्देश दिया है। जिसमे एक टाइड योजना में 60 प्रतिशत और अनटाइड योजना में 40 प्रतिशत मद का उपयोग करना है। टाइड योजना से जल नल एवं स्वच्छता योजना में खर्च करना है। जबकि अनटाइड योजना में नली-गली, फेबर ब्लॉक सहित अन्य योजना में उपयोग करना है। साथ ही कहा कि टाइड योजना से खराब जलमीनार का काम किया जा सकता है। इसके लिए पीएचडी विभाग का लिखित आदेश की जरूरत है। जो पीएचडी विभाग देना नही चाहता है। वहीं पीएचडी कनीय अभियंता विमल कुमार ने कहा कि खराब जलमीनार का जांच करवाने के लिए मिस्त्री भेजे हैं। साथ मुखिया जी कहे थे कि आप एक लिखित जानकारी दें कि जल मीनार खराब होने के कारण पानी का सप्लाई नही हो रहा है। अब सवाल उठता है कि दोनों जिम्मेवार लोग एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा कर दलित समाज के लोगो को एक सके बून्द पानी के लिए तरसा रहे है। वहीं गर्मी अपना रंग दिखाने लगा है। जल्द जल नल योजना का जलमीनार ठीक नही किया गया तो समाजसेवी अरविंद सिन्हा के नेतृत्व में दलित समाज आंदोलन करने पर बाध्य हो जाएंगे।

# ब्लॉक प्रमुख के सख्त चेतावनी के बाद भी बेअसर पीएचडी विभाग और उसके संवेदक



**प्रतिनिधि,बिशुनपुरा(गढ़वा)।** पीएचडी विभाग की उदासीन रवैया अब बिशुनपुरा प्रखंड के लोगों के सिर से ऊपर चढ़ता जा रहा है और पीएचडी विभाग तथा इसके संवेदकों के लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना कार्य की चर्चा अब हर चौक चौराहा पर लोग करते थक नही रहे हैं। लगभग 45 करोड़ की लागत से शुरू हुई पीएचडी विभाग की जल नल योजना शुरू होने से पहले ही छिन्न भिन्न अवस्था में पहुंचने को बेबस हैं। वहीं लोग स्वच्छ पानी मिलने के इंतजार में दो साल की गर्मी की मौसम को झेल चुके है और वहीं तीसरा साल का गर्मी का मौसम भी दस्तक दे ही चुका है। इसके बावजूद पीएचडी विभाग के संवेदक बिना पानी वाले डीप बोर किए जल मीनार को सौंपने में और पानी वाले डीप बोर को औने पौने दाम में बेच कर पैसा की उगाही करने में व्यस्त हैं। विदित हो की पिछले कई सालों से पीएचडी विभाग नल जल योजना के तहत बिशुनपुरा प्रखंड क्षेत्र में नल जल लगाने हेतु जलमीनार और डिप बोर का कार्य कर रहा है पर पिछले 3 सालो से अब तक एक भी जल मीनार पूरा न किए जाने और बीना बोर में पानी के भी जल मीनार स्थापित कर दिए जाने का लोग विरोध कर रहे हैं। इस पर ब्लॉक प्रमुख दीपा कुमारी ने भी कुछ दिन पहले नाराजगी जाहिर कर चुकी है और जन आक्रोश का सामना करने का चेतावनी पीएचडी विभाग और संवेदक को दे चुकी है। इसके बावजूद अभी तक विभाग मौन है। इस पर कई ग्रामीणों जैसे बलराम साह, रामातार पासवान, मुंद्रिका पासवान, विजय पासवान, सीताराम पासवान को जल मीनार से सबंधित कार्यों की अनियमितता के खिलाफ आवाज उठाने पर संवेदक के कर्मियों द्वारा अपने दायरे में रहने की धमकी दी जा रही है।

## देशी कट्टा, नौ जिंदा गोली एवं चार मोबाइल के साथ चार अपराधी को किया गया गिरफ्तार

**प्रतिनिधि, पाकुड़।** बीते 28 फरवरी को पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी पाकुड़ नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कोयला एवं पत्थर कारोबारियों से रंगदारी वसूलने की नीयत से हथियार का भय दिखाकर डरा धमका रहे हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा इस मामले को संज्ञान में लेते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रदीप उरांव के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित गति एवं प्रोफेशनल तरीके से कार्यवाही करते हुए पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र के तलवाडांगा गांव स्थित नंदीपारा बस्ती से चार अपराधी देवराज सरकार उर्फ निबुआ उर्फ निमाई, पिता मेघनाथ सरकार, ग्राम तलवाड़ांगा,विमान राजवंशी उर्फ बिट्टू राजवंशी पिता दिलीप राजवंशी ग्राम कुमारपुर, कन्हाई कुमार शाह पिता बैजनाथ शाह ग्राम तालझारी, गौरी शंकर शाह उर्फ गौरव पिता ओसिया शाह ग्राम तालझारी, को अवैध एक देशी कट्टा, नौ जिंदा गोली और चार मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार अपराध कर्मियों ने बताया कि इनके अलावे दो अन्य शातिर एवं कुख्यात अपराध कर्मी पंकज लाल एवं रोशन कुमार यादव के सहयोग से पाकुड़ नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कोयला एवं पत्थर कारोबारी के ऊपर फायरिंग की घटना कर भय का माहौल बनाकर रंगदारी वसूलने की योजना बनाई थी। ये बातें पुलिस अधीक्षक द्वारा एक प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया।पुलिस द्वारा गठित टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रदीप उरांव, पुलिस उपाधीक्षक सह नगर थाना प्रभारी अजय आर्यन,पाकुड़ मुस्लिम थाना प्रभारी संजीव कुमार झा, पुलिसकर्मी आनंद शाह, मिथुन रजक, चंदन कुमार, सिंह, योगेश यादव, सुशीला हांसदा शामिल थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/GAR-RM-29 / 2023–24**
दिनांक–28.02.2024

1- विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
3- परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति की तिथि :– 02-03.2024 को 12-30 बजे अपराह्न से
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 09.03.2024 को 03-30 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 09-03.2024 को 04.30 बजे अपराह्न में
6. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति का स्थान :– विभागीय वेबसाइट dwsd.jharkhand.gov.in/Office of the Executive Engineer, D.W.&S. Division, Garhwa से प्राप्त किया जाना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
(2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
**9. कार्य का नाम :–नलकूपों के साधारण मरम्मति कर चालू करने का कार्य (स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति प्रमंडल स्तर से की जायेगी)**
**10. कार्य का विवरण :–**

| क0 | प्रखण्ड का नाम | ग्रुप संख्या | नलकूपों की सं0 (अनुमानित) | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा एवं डंडा | GAR/RM-01 | 200 Nos. | 1,85,123.00 | 4,000.00 | 500.00 | 04 Months |
| 2 | रंका, रमकंडा एवं चिनियाँ | GAR/RM-02 | 200 Nos. | 1,85,123.00 | 4,000.00 | 500.00 | 04 Months |
| 3 | नगर उंटारी, रमना एवं विशुनपुरा | GAR/RM-03 | 200 Nos. | 1,85,123.00 | 4,000.00 | 500.00 | 04 Months |
| 4 | भवनाथपुर, केतार एवं खरौन्धी | GAR/RM-04 | 200 Nos. | 1,85,123.00 | 4,000.00 | 500.00 | 04 Months |
| 5 | कांडी, बरडीहा एवं मझिआँव | GAR/RM-06 | 200 Nos. | 1,85,123.00 | 4,000.00 | 500.00 | 04 Months |
| 6 | मेराल एवं डंडई | GAR/RM-06 | 200 Nos. | 1,85,123.00 | 4,000.00 | 500.00 | 04 Months |
| 7 | धुरकी एवं सगमा | GAR/RM-07 | 150 Nos. | 1,38,842.00 | 3,000.00 | 500.00 | 04 Months |
| 8 | भंडरिया एवं बड़गड़ | GAR/RM-08 | 150 Nos. | 1,38,842.00 | 3,000.00 | 500.00 | 04 Months |

नोट– (i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in तथा कार्यालय के सूचना पटट से प्राप्त किया जा सकता है।
(iii) यह निविदा मुख्यतः आगामी लोक सभा चुनाव 2024 के मददेनजर जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर अवस्थित बन्द पड़े नलकूपों को चालू करने एवं सामान्य रूप से साधारण मरम्मति हेतु बन्द नलकूपों को कियाशिल बनाये रखने हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
PR 321131 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

## कर्ज में डूबे पुत्र ने गला दबाकर अपनी बुजुर्ग मां को मार डाला, पत्र लिखकर जुर्म स्वीकार किया

**लखनऊ , एजेंसी।** अयोध्या नगर कोतवाली क्षेत्र के टेढ़ी गली चौक निवासी सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल कृष्ण वर्मा ने अपने मां की गला दबाकर हत्या कर दी। पत्र लिखकर अपना जुर्म भी स्वीकार किया। अत्यधिक कर्ज में डूबे होना हत्या की वजह बताया है। हालांकि परिजनों ने इसे खारिज किया है।पुष्टि के लिए पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है। गोपालकृष्ण वर्मा ने शुक्रवार की सुबह मीडिया में स्वयं ही एक पत्र वायरल किया। इसमें उन्होंने लिखा था कि वह अत्यधिक कर्ज में डूबे हैं। अपनी मां का दर्द उनसे देखा नहीं जा रहा है। अब अपनी मां को इस हालत में देखने की ताकत ना रहने पर उन्होंने निर्णय लिया और अपनी वृद्ध मां की गला दबाकर हत्या कर दी। यह पत्र वायरल होने पर पुलिस को जानकारी हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी चार भाई हैं। अन्य तीन भाई इसे भावुकता में लिखा पत्र बताते हुए खारिज कर रहे हैं। इसे स्वाभाविक मौत बता रहे हैं। आरोपी भी यहीं मौजूद है। मौत के कारणों की पुष्टि के लिए पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## पिता-पुत्र सहित तीन के खिलाफ एफआईआर, जिम की मशीनों को हड़पने का आरोप

**वाराणसी , एजेंसी।** जिम से संबंधित मशीनों को खरीदने के बाद 17 लाख रुपये का भुगतान न करने के मामले में चेन्नई निवासी पीड़ित ने कमिश्नरेट के उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई। शिकायत के आधार पर शिवपुर स्थित सिद्धि विनायक अपार्टमेंट में रहने वाले प्रीतम सिंह व उसके पुत्र अभिनंदन सिंह और सुनील कुमार के खिलाफ आपराधिक विश्वासघात और धमकाने सहित अन्य आरोपों में कैंट थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

**यह है पूरा मामला:** चेन्नई के मूल निवासी रजनीकांत ने पुलिस को बताया कि वह गणेश महाल, दशाश्वमेध में रहते हैं। भोजूबीर के एक मकान में उन्होंने पार्टनरशिप में एक जिम खोला था। कोरोना काल में जिम को बंद करना पड़ा। लोन चुकाने के साथ ही अन्य काम के लिए उन्हें पैसे की आवश्यकता हुई। इस पर जिम के ट्रेनर अभिनंदन सिंह और पिता प्रीतम सिंह ने सारा सामान 25 लाख रुपये में खरीदने को कहा। आठ लाख देने के बाद पिता-पुत्र ने शेष 17 लाख रुपये कुछ समय में देने के लिए लिखा पढ़ी की। इसके बाद पिता-पुत्र उनकी कॉल रिसीव करना बंद कर दिए। कुछ दिनों बाद पता लगा कि उन्होंने जहां जिम खोला था, उसके मकान मालिक सुनील सिंह ने पिता-पुत्र के साथ उनका ताला तोड़ दिया। साथ ही, उनकी मशीनों पर जबरन कब्जा कर पिता-पुत्र ने मकान मालिक की मिलीभगत से नया जिम खोल दिया। इस संबंध में पूछने पर उनके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। इसकी शिकायत कैंट थाने की पुलिस से की गई। पुलिस कार्रवाई के बजाय समझौता कराने के चक्कर में पड़ गई। तब जाकर उन्होंने उच्चाधिकारियों से शिकायत की। इस संबंध में इंस्पेक्टर कैंट ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## चूड़ा अब दुल्हन का सोहल श्रृंगार ही नहीं ट्रेंड में छाया, पति की फोटो लगे चूड़े का क्रेज बढ़ा

**गोरखपुर , एजेंसी।** कभी पंजाबी संस्कृति में दुल्हन की पहचान माना जाने वाला चूड़ा आज गोरखपुर की दुल्हनों की पसंद बन चुका है। जयमाला हो या शादी की अन्य रस्में दुल्हन के हाथों में पहने चूड़े पर सबकी निगाहें जाती हैं। चूड़ा खास दिखे इसके लिए दुल्हनें प्लास्टिक के लाल चूड़े के स्थान पर अन्य रंग और डिजाइन के चूड़े पहनने लगी हैं। चूड़ा आज चूड़ा न होकर ट्रेंड हो गया है। इसे हर धर्म की दुल्हनें पहन रही हैं। गोरखपुर में गोलघर, रेती, असुरन चौक के श्रृंगार की दुकानों में प्लेन चूड़ा, नाम लिखे चूड़े, फोटो लगे चूड़े, अमेरकिन डायमंड चूड़े, जरकन स्टोन चूड़े, कुंदन ब्राइडल चूड़ा, राजवाड़ी चूड़ा के साथ ही सीप के बने चूड़े मिल रहे हैं। चूड़े को लेकर मान्यता है कि यह प्रजनन और समृद्धि का संकेत है। पति की तरक्की के लिए दुल्हनें साल भर इसे पहनती हैं।

# चौपारण पुलिस ने तीन अफीम तस्करों को किया गिरफ्तार भेजा न्यायिक हिरासत में जेल



**प्रतिनिधि, चौपारण।** चौपारण( हजारीबाग) नशे के सौदागरों के खिलाफ गुरुवार को चौपारण पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बहेरा में स्थित हरियाणा पंजाब लाईन होटल के पास बोलेरो बाहन सं0-छ्ठ॥02रु2526 में बैठकर कुछ व्यक्ति अफीम तस्करी करने को लेकर आपस में लेन-देन कर रहे थे। इस सूचना पर नौशाद आलम अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में छापामारी टीम गठित कर त्वरीत कार्रवाई हेतु ग्राम बहेरा स्थित हरियाणा पंजाब लाईन होटल के पास पहुँचा तो देखा कि एक बोलेरो होटल के बाहर खड़ी है तथा पुलिस बल को देखकर बोलेरो पर सवार दो-तीन लोग उत्तर कर भागने का प्रयास करने लगे, जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से तीन व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसमे संजय यादव पिता शीतल यादव ग्राम- हुलगडा खुर्द थाना सदर जिला चतरा 2. विजय साव पिता स्व0 डेगलाल साव ग्राम रसोईया धमना थाना बरही जिला हजारीबाग 3. मिथुन दांगी पिता स्व0 मुंशी दांगी ग्राम जोरी थाना राजपुर जिला चतरा को पकड़ लिया गया तथा बोलेरो वाहन की विधिवत तलाशी लेने पर गाड़ी के अंदर एक प्लास्टिक में रखा एक किलोग्राम अफीम एवं 20000/- (बीस हजार) रुपया नगद पाया गया जिसे विधिवत जप्त किया गया।

पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तस्करों में हजारीबाग के 1 व चतरा के 2 तस्कर शामिल है। तस्करों के पास से पुलिस ने

1 किलो अफीम, एक बोलेरो गाड़ी, तीन स्मार्ट फोन जब्त

इस संबंध में चौपारण थाना कांड सं0- 55/24 दिनांक- 29/02/24 धारा 414/34 भा0द0वि0 एवं 17 (C)/18 (B)/22(C) NDPS Act अंकित कर पकड़ाए तीनों व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। तथा इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों के खिलाफ छापेमारी की जा रही है। पकड़े गए तस्करों के पास से एक उजला रंग का बोलेरो वाहन सं0- JH02AL 2526, एक (1) किलोग्राम अफीम व 3 स्मार्ट फोन जब्त की गई। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नौशाद आलम बरही, दीपक कुमार सिंह थाना प्रभारी चौपारण थाना, स0अ0नि0 भाजु एक्का चौपारण थाना और चौपारण थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## शेर कोठी के मकान को खाली कराने गई टीम लौटी, अनशन पर बैठी महिला की हालत बिगड़ी

**गोरखपुर, एजेंसी।** गोरखपुर के कोतवाली इलाके के बक्शीपुर शेर कोठी स्थित एक मकान को बृहस्पतिवार दोपहर 3:30 बजे खाली कराने गई प्रशासन की टीम लौट गई। मकान पर मालिकाना हक जताने वाली महिला और किराएदार के बीच विवाद है। मकान को अपना बताने वाली रूपा अग्रवाल आमरण अनशन पर बैठ गईं। देर शाम उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद बेटा उन्हें लेकर डॉक्टर के पास गया। महिला ने न्याय न मिलने तक आमरण अनशन पर बैठने की बात कही है।

जानकारी के मुताबिक, राजघाट के दीवान दयाराम की रहने वाली रूपा अग्रवाल पत्नी स्व. चंद्रप्रकाश अग्रवाल ने 2002 में भगवान भीटी गांव निवासी गंगा शरण सिंह को मकान किराए पर दिया था। वर्तमान में गंगा शरण के परिवार के राज नारायण सिंह का परिवार रहता है। इसे लेकर रूपा अग्रवाल ने सीएम के जनता दर्शन में मुलाकात कर प्रार्थनापत्र दिया था।

सीएम के आदेश पर प्रशासन ने पूरे मामले की जांच की। बकौल रूपा अग्रवाल, बृहस्पतिवार को तहसीलदार ने जांच के बाद मकान को जब्त करने की बात कही थी। दोपहर में साढ़े तीन बजे के करीब तहसीलदार मौके पर गए और मकान को खाली करने के लिए कहे, लेकिन फिर वह लौट गए। इससे नाराज होकर रूपा अग्रवाल धरने पर बैठ गई।

उनकी मांग थी कि आज ही कार्रवाई को पूरी की जाए। जबकि, किराएदार का परिवार समय मांग रहा था। देर शाम महिला की तबीयत खराब हो गई। बेटा लेकर अस्पताल चला गया। बेटे ने बताया कि वह डीएम और आला अफसरों से मुलाकात कर प्रार्थनापत्र देकर न्याय की गुहार लगाएंगे।

**कार्यालय–**
**जिला सहकारिता पदाधिकारी, रांची**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सूचना दिनांक–29.02.2024 PR NO-320685 को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

जिला सहकारिता पदाधिकारी,
रांची
PR 321028 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department)23-24*D

**Government of Jharkhand**
**Office Of Deputy Commissioner-Cum-District Magistrate Hazaribagh**
**(Social Welfare Department)**
**Expression of Interest**
**(Very Short-Term Notice)**

District Administration, Hazaribagh, Jharkhand Invites Expression of Interest (Proposals) from eligible Organisations **to Scale Up Early Child Care & Education (ECCE) Program in 500 Anganwari Centres in Hazaribagh, Jharkhand, India,** through capacity building of Anganwari workers & providing them low cost items (Teaching Learning Materials-TLM) to be used in Anganwari centre.

Further details can be obtained through website https://hazaribagh.nic.in and hard copies of technical bid and financial bid should be submitted to the Social Welfare Section on or before declared due date.

| Sr. No | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Scale Up Early Child Care & Education (ECCE) Program in 500 Anganwari Centres in Hazaribagh, Jharkhand, India. |
| 2 | Date of Publication of EOI on website | 01.03.2024 |
| 3 | Date /time for receipt of Proposals | 04.03.2024 To 09.03. 2024 Up to by 2:00 PM |
| 4 | Tender Fee (Non-refundable) | Rs. 5,000/- (Rs. Five Thousand only) |
| 5 | Date and time of opening of Bid | Date: 09.03.2024 Time: 03:00 PM |
| 6 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs.1,00,000/- (Rs. One Lakh Only) |
| 7 | Proposal/Bid submission Place | Social Welfare Section, Room No. 301, 3rd Floor, New Collectorate Building, Hazaribagh Pin 825301 |
| 8 | Proposal/Bid Opening Place | Meeting Hall, New Collectorate Building, Hazaribagh |
| 9 | Contact Details | 06546-296662, Email id: awc15.monitoring@gmail.com |

Note: The specified dates and time may change due to declaration of holidays or any other unforeseen circumstances. The same shall be informed through web-portal as and when required.

District Social Welfare Officer, Hazaribagh.
Deputy Development Commissioner, Hazaribagh.
Deputy Commissioner, Hazaribagh.
PR 321017 Social Welfare,Women and Child Development(23-24)D

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़**
**द्वारा आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत**
**(दिनांक 09वीं मार्च, 2024 शनिवार 11:00 बजे से 03:00 बजे तक)**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ द्वारा दिनांक 09.03.2024 को 11:00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

अतः आप सभी आम जनों से निवेदन है कि आप सभी अपने–अपने वादों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में करायें एवं इस अवसर का लाभ उठायें। (यहां यह उल्लेखनीय है कि दिनांक 09.01.2024 से 08.03.2024 तक संबधित न्यायालय एवं स्थाई लोक अदालत के समक्ष समझौता पूर्व बैठक की जा रही है, जिसमें अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने मामले को सूचीबद्ध करा सकते हैं।)

निष्पादन होने योग्य वाद :

**Pre-litigation cases**
1. N.I. Act cases u/s 138
2. Bank Recovery cases
3. Labour disputes cases
4. Electricity and Water bills cases (excluding non-compoundable)
5. Maintenance Cases
6. Others (Cr. Compoundable and other civil disputes)

**Pending cases in the Courts**
1. Criminal Compoundable Offence
2. N.I. Act cases u/s 138
3. Money Recovery cases
4. MACT cases
5. Labour disputes cases
6. Electricity and Water bills cases (excluding non-compoundable)
7. Matrimonial disputes (except divorce)
8. Land Acquisition cases
9. Services matters relating to pay and allowances and retiral benefits
10. Revenue cases (pending in District Courts and High Courts only)
11. Other civil cases (rent, easementary rights, injunction suits, specific performance suitsetc. (Please specify the category)

अतः उक्त तिथि को राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वाद का निपटारा सुलह के आधार पर करें।

ह०/–
सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़।
PR.NO.320998 District(23-24):D

**जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार**

**प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना हेतु पुनः आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा राज्य के सभी मत्स्य कृषक जो मछली पालन को रोजगार के रूप में अपनाना चाहते हैं के लिए लातेहार जिला के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2020–21 में भारत सरकार द्वारा **"आत्मनिर्भर भारत अभियान"** के द्वारा नई योजना **"प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना"** की शुरूआत की गई है। यह नीली कांति के माध्यम से नीली कांति लाने की एक योजना है।

उक्त योजना का मुख्य उद्देश मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, गुणवता तकनीकी आधारभूत संरचना एवं प्रबंधन के अन्तर को पाटना, मूल्य श्रृखला का आधुनिकीकरण एवं सदृढ़ीकरण, मजबूत मत्स्य पालन प्रबंधन ढांचा का स्थापना एवं मछुआरों का कल्याण है, जिससे मछुआरे एवं मत्स्य कृषकों की आय दुगुनी करने एवं रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस प्रकार यह सामाजिक, भौतिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में सहायक होगा। इस योजना के अन्तर्गत Centrally Sponsored Component जो की केन्द्र एवं राज्य के द्वारा लागू प्रत्यक्ष लाभार्थ उन्मुख अर्थात व्यक्तिगत / समूह गतिविधियों या ग्रुप में की जाएगी, जिसकी सूची Funding Pattern के साथ निम्नवत् होगी। राज्यादेश सं0 49 दिनांक 31.03.2021, राज्यादेश सं0 18 दिनांक 03.09.2021 एवं राज्यादेश सं0 40 दिनांक 17.02.2022 के आलोक में विभिन्न योजनाओं हेतु पुनः आवेदन आमंत्रित की जाती है। इस योजना के अन्तर्गत चिन्हित लाभुक जनित कार्यकमों की सूची निम्नांकित है :–

| क0 सं0 | योजना का नाम | इकाई | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | कोटिवार प्राप्त लक्ष्य | | | | सामान्य के लिए सरकार द्वारा (केन्द्र एवं राज्य सरकार अनुदानित इकाई लागत का 40%) (लाख रू0 में) | अ0ज0जा0 / अ0जा0 एवं महिला के लिए सरकार द्वारा (केन्द्र एवं राज्य सरकार) अनुदानित इकाई लागत का 60%) (लाख रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सामान्य | अ0ज0जा0 | अ0जा0 | महिला | | |
| 1 | नये रियरिंग तालाब निर्माण (नर्सरी / बीज रियरिंग तालाब) | हे0 में | 7.00 | 2 | 5 | 1 | - | 2.80 | 4.20 |
| 2 | नये ग्रो आउट तालाब निर्माण | हे0 में | 7.00 | 0.5 | 2.5 | 1 | - | 2.80 | 4.20 |
| 3 | मिश्रित मत्स्य पालन / पंगेशियश एवं तिलापिया पालन आदि के लिए इनपुट (उपरोक्त अंकित नये ग्रो आउट तालाबों के निर्माण में) | हे0 में | 4.00 | 0.5 | 2.5 | 1 | - | 1.60 | 2.40 |
| 4 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 ऊँचाई के 7 टैंक वाले छोटे बायोफ्लॉक की स्थापना | (सं0 में) | 7.50 | 3 | - | - | 3 | 3.00 | 4.50 |
| 5 | लघु फिश फिड मिल (प्रतिदिन 2 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 30.00 | 1 | 1 | - | - | 12.00 | 18.00 |

उक्त योजना के अन्तर्गत लाभ लेने हेतु लातेहार जिला के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने वाले इच्छुक व्यक्तियों से जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं एवं कार्यालय अवधि में आवेदन प्राप्त किये जा सकते हैं।

**नोट :–** यह प्रारंभिक चरण है, जिसके अन्तर्गत योजना के इच्छित कार्य एवं लक्ष्य निर्धारण की कारवाई की जा रही है। योजना के प्रशासनिक अनुमोदन के पश्चात् ही इसे कार्यरूप दिया जाएगा। इस योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में नोटिस बोर्ड से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
लातेहर
PR 321004 Fish(23-24)#D




# खेतों से लेकर सड़क तक मुसीबत बने छुट्टा जानवर

आवारा पशुओं की वजह से फसलों और अन्य चीजों की बर्बादी को लेकर पिछले कई सालों से लगातार शिकायतें आती रही हैं। मगर इस बीच छुट्टा जानवरों के हमलों में लोगों की जान जाने की घटनाएं गंभीर चिंता का विषय बन गई हैं। खबर के मुताबिक दक्षिण दिल्ली के खानपुर इलाके में अपने बेटे को स्कूल बस के लिए छोड़ने सड़क पर खड़े एक व्यक्ति पर आवारा घूम रहे सांड़ ने हमला कर दिया। उससे उसकी मौत हो गई। दिल्ली में इस तरह की घटना कोई नई नहीं है। मगर अब तक ऐसा कोई प्रभावी कदम नजर नहीं आता, जो ऐसी घटनाओं को रोक सके। लगता है कि इस गहराती समस्या पर काबू पाने के लिए सरकार की ओर से ऐसे उपायों को लेकर गहरी उदासीनता छाई हुई है। नतीजतन, आए दिन सड़क पर छुट्टा घूमते सांड़ या गाय जैसे पशुओं के अचानक किसी को टक्कर मार देने की वजह से लोगों की जान जा रही है। वाहनों से जानवरों के टकराने के कारण भी गंभीर हादसे होते हैं। इसके अलावा, कुत्तों के हमले या काटने से लोगों की जान जाने की घटनाएं भी सामने आती रहती हैं। विचित्र है कि अगर कोई व्यक्ति सड़क पर गलत जगह वाहन खड़ा कर दे या किसी नियम का उल्लंघन करे तो वाहन उठाने या जुर्माना वसूलने से लेकर संबंधित धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जाती है और संबंधित महकमे सक्रिय रहते हैं। मगर किसी रास्ते से गुजरते हुए कहीं बीच सड़क पर बैठे या आते-जाते पशुओं को आम देखा जा सकता है और उन्हें हटाने वाला कोई नहीं होता। वाहन चालक या अन्य लोग अपने को बचाते हुए किसी तरह वहां से आगे निकलने की कोशिश करते हैं। कुछ लोग आवारा पशुओं को लेकर भावुक होते हैं, जो एक मानवीय गुण हो सकता है। मगर उससे पशुओं के स्वभाव में आई तब्दीली की जिम्मेदारी कोई नहीं उठाता। सड़क पर लावारिस गायों की देखभाल के लिए गौशालाओं की व्यवस्था एक हल है, लेकिन इसमें सांड़ और कुत्ते आदि आवारा पशुओं से उपजी समस्या बनी रहती है। देश के अलग-अलग इलाकों में सड़कों पर बड़ी तादाद में घूमते पशु यही दर्शाते हैं कि इसे गंभीर समस्या के रूप में चिह्नित करना शायद बाकी है।

# कांग्रेस की जीत पर पाक जिंदाबाद के नारे लगना और द्रमुक के विज्ञापन में चीनी झंडा दिखना बड़ी चेतावनी है

(नीरज कुमार दुबे )

कर्नाटक सरकार को चाहिए कि वह पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वालों को तत्काल गिरफ्तार करे। यदि तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देते हुए नारा लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गयी तो उनका हौसला बढ़ेगा और आने वाले समय में वह और भी गंभीर



हरकत कर सकते हैं।

कर्नाटक में कांग्रेस उम्मीदवार की जीत पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाना और तमिलनाडु में द्रमुक की ओर से अपने विज्ञापन में चीनी झंडा लगाने की घटना सामने आने से राजनीति तो गर्माई ही है साथ ही देशवासियों का भी गुस्सा उबाल पर है। सवाल उठ रहा है कि इंडिया गठबंधन के दल आखिर पाकिस्तान और चीन के मुरीद क्यों हुए जा रहे हैं? सवाल उठ रहा है कि आखिर कौन थे वह लोग जो भारत की संसद के लिए निर्वाचित व्यक्ति की जीत की खुशी में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे? सवाल उठ रहा है कि ये कौन लोग हैं जो खाते हिंदुस्तान का हैं मगर गाते पाकिस्तान का हैं? सवाल उठता है कि पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने वालों को जब पाकिस्तान चले जाने का सुझाव दिया जाता है तो कुछ राजनीतिक दल उनके बचाव में क्यों खड़े हो जाते हैं? देश की जनता जानना चाहती है कि आखिर कौन थे वो लोग जो पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाकर निकल गये और अब तक गिरफ्तार नहीं किये गये हैं?

देखा जाये तो अब तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हो पाना कर्नाटक सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल है। कर्नाटक सरकार को चाहिए कि वह पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वालों को तत्काल गिरफ्तार करे। यदि तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देते हुए नारा लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गयी तो उनका हौसला बढ़ेगा और आने वाले समय में वह और भी गंभीर हरकत कर सकते हैं। याद रखना चाहिए कि कर्नाटक में पीएफआई जैसी ताकतें सक्रिय रही हैं इसलिए इस मामले को संवेदनशील समझते हुए सख्त से सख्त कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान प्रेमियों को तगड़ा संदेश देना चाहिए।

जहां तक द्रमुक की ओर से विज्ञापन में चीनी झंडा लगाने की बात है तो यह सीधे-सीधे देश की संप्रभुता पर हमला है। वैसे यह पहली बार नहीं है जब द्रमुक की ओर से देश विरोधी बात की गयी हो। हम आपको बता दें कि इससे पहले द्रमुक के एक बड़े नेता ए राजा कह चुके हैं कि हमें अलग देश की मांग करने पर मजबूर नहीं किया जाये। इसके अलावा द्रमुक के एक सांसद संसद के भीतर ही उत्तर भारत पर गंभीर टिप्पणी कर विवाद खड़ा कर चुके हैं।

बहरहाल, यह सब दर्शाता है कि द्रमुक किस विचारधारा को लेकर आगे बढ़ रही है। देखा जाये तो कर्नाटक और तमिलनाडु की घटनाएं देशवासियों के लिए चेतावनी भी हैं कि यदि गलती से भी देश गलत हाथों में गया तो अलगाववादियों की भांति सोच रखने वाले तत्व हावी हो जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही ही कहा है कि द्रमुक को सजा देने का समय आ गया है।

# अधिकतम मतदान के जरिये ही देश की राजनीति को सुधारा जा सकता है

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम से तीन माह के लिए विराम लेते हुए लोकतंत्र के महाकुंभ चुनाव में पहली बार वोटर बने युवाओं से रिकार्ड संख्या में मतदान का आग्रह किया। अधिकतम संख्या में मतदान लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण होने के साथ लोकतंत्र के बलशाली होने का आधार हैं और जनता की सक्रिय भागीदारी का सूचक है। इस बार लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या लगभग 97 करोड़ है, इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है। इसीलिये मोदी ने मतदान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी का आह्वान करके एक जागरूक, सक्षम एवं जुझारु राजनेता का परिचय दिया है। अधिकतम मतदान भारतीय लोकतंत्र को अधिक स्वस्थ, सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने की एक सार्थक मुहिम है। सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति वैसा ही उत्साह दिखाना चाहिए जैसा कुछ समय से महिलाएं दिखा रही हैं। प्रधानमंत्री ने युवाओं से यह भी अपील की कि वे राजनीतिक गतिविधियों का हिस्सा बनें और राजनीतिक-चर्चाओं को लेकर जागरूक भी रहें। विशेषत : विभिन्न राजनीतिक दलों की लोकलुभावन घोषणाओं एवं चुनावी घोषणा पत्रों पर युवाओं को गहराई से जानकारी हासिल करना चाहिए कि इन घोषणाओं का आधार क्या है, इनके लिये धन कहां से आयेगा? चुनावी तैयारियों का जायजा लेने चेन्नई गए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने इसी बात को उठाते हुए कहा है कि यदि राजनीतिक दलों को अपने घोषणापत्रों में लोकलुभावन वादे करने का अधिकार है तो मतदाताओं को यह जानने का हक भी है कि क्या वे वादे व्यावहारिक हैं और उन्हें लागू करने के लिए धन का प्रबंध कहां से किया जाएगा।**

(ललित गर्ग)

अधिकतम वोटिंग का वास्तविक उद्देश्य है, जन-जन में लोकतंत्र के प्रति आस्था पैदा करना, हर व्यक्ति की जिम्मेदारी निश्चित करना, वोट देने के लिए प्रेरित करना। एक जनक्रांति के रूप 'भारतीय मतदाता संगठन' इस मुहिम के लिये सक्रिय हुआ है, यह शुभ संकेत है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम से तीन माह के लिए विराम लेते हुए लोकतंत्र के महाकुंभ चुनाव में पहली बार वोटर बने युवाओं से रिकार्ड संख्या में मतदान का आग्रह किया। अधिकतम संख्या में मतदान लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण होने के साथ लोकतंत्र के बलशाली होने का आधार हैं और जनता की सक्रिय भागीदारी का सूचक है। इस बार लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या लगभग 97 करोड़ है, इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है। इसीलिये मोदी ने मतदान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी का आह्वान करके एक जागरूक, सक्षम एवं जुझारु राजनेता का परिचय दिया है। अधिकतम मतदान भारतीय लोकतंत्र को अधिक स्वस्थ, सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने की एक सार्थक मुहिम है। सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति वैसा ही उत्साह दिखाना चाहिए जैसा कुछ समय से महिलाएं दिखा रही हैं। प्रधानमंत्री ने युवाओं से यह भी अपील की कि वे राजनीतिक गतिविधियों का हिस्सा बनें और राजनीतिक-चर्चाओं को लेकर जागरूक भी रहें। विशेषतः विभिन्न राजनीतिक दलों की लोकलुभावन घोषणाओं एवं चुनावी घोषणा पत्रों पर युवाओं को गहराई से जानकारी हासिल करना चाहिए कि इन घोषणाओं का आधार क्या है, इनके लिये धन कहां से आयेगा? चुनावी तैयारियों का जायजा लेने चेन्नई गए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने इसी बात को उठाते हुए कहा है कि यदि राजनीतिक दलों को अपने घोषणापत्रों में लोकलुभावन वादे करने का अधिकार है तो मतदाताओं को यह जानने का हक भी है कि क्या वे वादे व्यावहारिक हैं और उन्हें लागू करने के लिए धन का प्रबंध कहां से किया जाएगा।

अगले माह लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा और उसके चलते आचार संहिता लागू हो जायेगी। अधिकतम मतदान लोकतंत्र में जन-भागीदारी का अवसर मात्र ही नहीं हैं, बल्कि देश की दशा-दिशा तय करने में आम आदमी के योगदान का भी परिचायक है। अधिकतम मतदान के लिए माहौल बनाने की आवश्यकता इसलिए है, क्योंकि देश के कुछ हिस्सों में मतदान प्रतिशत अपेक्षा से कहीं कम होता है। विडंबना यह है कि आमतौर पर कम प्रतिशत महानगरों में अधिक देखने को मिलता है। इसका कोई मतलब नहीं कि सरकारों अथवा राजनीतिक दलों के तौर-तरीकों की आलोचना तो बढ़-चढ़कर की जाए, लेकिन मतदान करने में उदासीनता दिखाई जाए। आमतौर पर मतदान न करने के पीछे यह तर्क अधिक सुनने को मिलता है कि मेरे अकेले के मत से क्या फर्क पड़ता है? एक तो यह तर्क सही नहीं, क्योंकि कई बार दो-चार मतों से भी हार-जीत होती है और




दूसरे, अगर सभी यह सोचने लगें तो फिर लोकतंत्र कैसे सबल एवं सक्षम होगा? इस दृष्टि से प्रधानमंत्री मोदी का अधिकतम मतदान को प्रोत्साहन देने का उपक्रम एवं आह्वान एक क्रांतिकारी शुरुआत कही जा सकती है। इसका स्वागत हम इस सोच और संकल्प के साथ करें कि हमें अपने मतदान से आगामी आम चुनाव में भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराधीकरण एवं राजनीतिक विसंगतियों पर नियंत्रण करना है।

अधिकतम मतदान के संकल्प से हमें मतदान का औसत प्रतिशत 55 से 90-95 प्रतिशत तक ले जाना चाहिए, ताकि इस लक्ष्य को हासिल करके हम भारतीय राजनीति की तस्वीर को नया रुख दे सके। मतदान करना हर नागरिक का मौलिक अधिकार है और कर्तव्य भी है, लेकिन विडम्बना है हमारे देश की कि आजादी के 77 वर्षों बाद भी नागरिक लोकतंत्र की मजबूती के लिये निष्क्रिय है। ऐसा लगता है जमीन आजाद हुई है, जमीर तो आज भी कहीं, किसी के पास गिरवी रखा हुआ है। अधिकतम मतदान की दृष्टि से नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में मुख्यमंत्री रहते हुए एक अलख जगाई थी। अनिवार्य वोट के लिये कानून लागू करना ही होगा और इस पहल के लिये सभी दलों को बाध्य होना ही होगा, क्योंकि भारतीय लोकतंत्र में यह नई जान फूंक सकती है। अब तक दुनिया के 32 देशों में अनिवार्य मतदान की व्यवस्था है लेकिन यही व्यवस्था अगर भारत में लागू हो गई तो उसकी बात ही कुछ और होगी और वह दुनिया के लिये अनुकरणीय साबित होगी। यदि ऐसा हुआ तो अमेरिका और ब्रिटेन जैसे पुराने और सशक्त लोकतंत्रों को भी भारत का अनुसरण करना पड़ सकता है, हालांकि भारत और उनकी परिस्थितियां एक-दूसरे के बिल्कुल विपरीत है। भारत में अमीर लोग वोट नहीं डालते और इन देशों में गरीब लोग वोट नहीं डालते।

भारत इस तथ्य पर गर्व कर सकता है कि जितने मतदाता भारत में हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं और लगभग हर साल भारत में कोई न कोई ऐसा चुनाव अवश्य होता है, जिसमें करोड़ों लोग वोट डालते हैं लेकिन अगर हम थोड़ा गहरे उतरें तो हमें बड़ी निराशा भी हो सकती है, क्या हमें यह तथ्य पता है कि पिछले 77 साल में हमारे यहां एक भी सरकार ऐसी नहीं बनी, जिसे कभी 50 प्रतिशत वोट मिले हों। कुल वोटों के 50 प्रतिशत नहीं, जितने वोट पड़े, उनका भी 50 प्रतिशत नहीं। गणित की दृष्टि से देखें तो 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में सिर्फ 20-25 करोड़ लोगों के समर्थन वाली सरकार क्या वास्तव में लोकतांत्रिक सरकार है? क्या वह वैध सरकार है? क्या वह बहुमत का प्रतिनिधित्व करती है? आज तक हम ऐसी सरकारों के आधीन ही रहे हैं, इसी के कारण लोकतंत्र में विषमताएं एवं विसंगतियों का बाहुल्य रहा है, लोकतंत्र के नाम पर यह छलावा हमारे साथ होता रहा है। इसके जिम्मेदार जितने राजनीति दल है उतने ही हम भी है। यह एक त्रासदी ही है कि हम वोट महोत्सव को कमतर आंकते रहे हैं। जबकि आज यह बताने और जताने की जरूरत है कि इस भारत के मालिक आप और हम सभी हैं और हम जागे हुए हैं। हम सो नहीं रहे हैं। हम धोखा नहीं खा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील करते हुए यह सही कहा कि अधिक से अधिक मतदान का मतलब एक मजबूत लोकतंत्र है और मजबूत लोकतंत्र से ही विकसित भारत बनेगा, लेकिन अब ऐसी व्यवस्था एवं तकनीक विकसित करने का भी समय आ गया है जिससे अपने गांव-शहर से दूर रहने वाले वहां जाए बगैर मतदान कर सकें। ध्यान रहे कि ऐसे लोगों की संख्या करोड़ों में है। रोजी-रोटी के लिए अपने गांव-शहर से दूर जाकर जीवनयापन करने वाले सब लोगों के लिए यह संभव नहीं कि वे मतदान करने अपने घर-गांव लौट सकें। यदि सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों के साथ-साथ चुनाव ड्यूटी में शामिल लोगों के लिए वोट देने की व्यवस्था हो सकती है तो अन्य लोगों के लिए क्यों नहीं हो सकती? इस बार ऐसी किसी व्यवस्था के निर्माण के लिए निर्वाचन आयोग के साथ सरकार का भी सक्रिय होना समय की मांग है। इसी से हम अधिकतम मतदान के लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे।

अधिकतम वोटिंग का वास्तविक उद्देश्य है, जन-जन में लोकतंत्र के प्रति आस्था पैदा करना, हर व्यक्ति की जिम्मेदारी निश्चित करना, वोट देने के लिए प्रेरित करना। एक जनक्रांति के रूप 'भारतीय मतदाता संगठन' इस मुहिम के लिये सक्रिय हुआ है, यह शुभ संकेत है। इस तरह के जन-आन्दोलन के साथ-साथ भारतीय संविधान में अनिवार्य मतदान के लिये कानूनी प्रावधान बनाये जाने की तीव्र अपेक्षा है। बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, ग्रीस, बोलिनिया और इटली जैसे देशों की भांति हमारे कानून में भी मतदान न करने वालों के लिये मामूली जुर्माना निश्चित होना चाहिए। यदि भारत में मतदान अनिवार्य हो जाए तो चुनावी भ्रष्टाचार बहुत घट जाएगा। यह भी देखा गया है कि चुनावों में येन-केन-प्रकारेण जीतने के लिये ये ही राजनीतिक दल और उम्मीदवार मतदान को बाधित भी करते हैं और उससे भी मतदान का प्रतिशत घटता है। अधिकतम मतदान से इस तरह के भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलेगी, लोगों में जागरूकता बढ़ेगी, वोट-बैंक की राजनीति थोड़ी पतली पड़ेगी। जिस दिन भारत के 90 प्रतिशत से अधिक नागरिक वोट डालने लगेंगे, राजनीतिक जागरूकता इतनी बढ़ जाएगी कि राजनीति को सेवा की बजाय सुखों की सेज मानने वाले किसी तरह का दुस्साहस नहीं कर पायेंगे। राजनीति को सेवा या मिशन के रूप में लेने वाले ही जन-स्वीकार्य होंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

# इसरो की उपलब्धियों को किया चीन के नाम ! डीएमके की मंत्री की यह चूक है या चालाकी?

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनकी सरकार और उनकी पार्टी बीजेपी के विरोधी अक्सर कहते हैं– मोदी विरोध, देश विरोध नहीं है। लेकिन ऐसे सबूतों की ढेर लग गई है कि दरअसल मोदी विरोधी, बहुत हद तक देश विरोधी भी हो गए हैं। हैरानी की बात यह है कि लगातार आपत्तियों के बावजूद मोदी विरोध की आड़ में देश विरोध का एजेंडा आगे बढ़ रहा है। इसमें ज्यादातर विपक्षी दल शामिल हैं। सोचिए, मोदी विरोध का स्तर इतना गिर गया है कि भारत की उपलब्धि का श्रेय चीन को दिया जाने लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कुलेशखरपट्टीनम में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (द्धस्त्रह्र) के नए लॉन्च कॉम्प्लेक्स की नींव रखी। यह देश के लिए कितने गौरव की बात है, लेकिन तमिलनाडु की मंत्री ने इस उपलब्धि का श्रेय चीन को दे दिया।**

(नवीन कुमार पाण्डेय)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनकी सरकार और उनकी पार्टी बीजेपी के विरोधी अक्सर कहते हैं- मोदी विरोध, देश विरोध नहीं है। लेकिन ऐसे सबूतों की ढेर लग गई है कि दरअसल मोदी विरोधी, बहुत हद तक देश विरोधी भी हो गए हैं। हैरानी की बात यह है कि लगातार आपत्तियों के बावजूद मोदी विरोध की आड़ में देश विरोध का एजेंडा आगे बढ़ रहा है। इसमें ज्यादातर विपक्षी दल शामिल हैं। सोचिए, मोदी विरोध का स्तर इतना गिर गया है कि भारत की उपलब्धि का श्रेय चीन को दिया जाने लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कुलेशखरपट्टीनम में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (द्धस्त्रह्र) के नए लॉन्च कॉम्प्लेक्स की नींव रखी। यह देश के लिए कितने गौरव की बात है, लेकिन तमिलनाडु की मंत्री ने इस उपलब्धि का श्रेय चीन को दे दिया। तमिलनाडु में उसी पार्टी की सरकार है जिसने द्रविड़ियन पॉलिटिक्स के नाम पर समाज में खूब जहर घोला और एक खास तबके के प्रति नफरत की मोटी दीवार खड़ी कर दी। एमके स्टालिन सरकार के मुखिया हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तिरुनेलवेली की रैली में डीएमके की मंत्री की इस हरकत पर जबर्दस्त आक्रोश जाहिर किया। उन्होंने कहा तमिलनाडु सरकार पर दो आरोप मढ़े। पीएम ने कहा कि एक तो स्टालिन सरकार खुद कोई खास काम नहीं करती और दूसरे के किए काम का श्रेये लेने में जुट जाती है। पीएम ने दूसरा आरोप मढ़ा कि डीएमके सरकार केंद्र सरकार की योजनाओं पर अपना स्टीकर चिपकाते-चिपकाते अब इसरो की उपलब्धियां दिखाने के लिए चीन का स्टिकर लगा दिया। पीएम बोले, 'डीएमके सरकार भारत की तरक्की बर्दाश्त नहीं कर पा रही है। वह इसरो लॉन्च पैड का क्रेडिट लेने के लिए अखबार के एड में भी चीन का स्टिकर चिपका रहे हैं।' प्रधानमंत्री ने साफ कहा कि डीएमके को अंतरिक्ष अभियानों में भारत की कामयाबी पच नहीं पा रही है।

डीएमके सरकार की पशुपालन मंत्री ने अपने विज्ञापन में चीन का झंडा लगाया तो बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष




अन्नामलाई ने भी जबर्दस्त रोष प्रकट किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर चीन के झंडे वाले उस विज्ञापन की तस्वीर दिखाकर कहा कि इसी रवैये ने इसरो को तमिलनाडु से दूर कर दिया। उन्होंने लिखा, 'द्रमुक मंत्री तिरु अनिता राधाकृष्णन ने आज प्रमुख तमिल दैनिकों को यह विज्ञापन दिया जिसमें चीन के प्रति द्रमुक की प्रतिबद्धता और हमारे देश की संप्रभुता के प्रति उनकी पूर्ण उपेक्षा साफ झलकती है। भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाली पार्टी डीएमके, कुलशेखरपट्टिनम में इसरो के दूसरे लॉन्च पैड की घोषणा के बाद से स्टिकर चिपकाने के लिए बेताब है।'

अन्नामलाई ने आगे बताया कि कैसे डीएमके ने अतीत में भी कई गलत काम किए। उन्होंने लिखा, 'इतनी भारी हताशा से साबित होता है कि वो अपने अतीत के कुकर्मों को दफनाने की किस शिद्दत से कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हमें उन्हें याद दिलाना चाहिए कि डीएमके ही थी जिसके कारण सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र आज आंध्र प्रदेश में है, न कि तमिलनाडु में। जब इसरो के पहले लॉन्च पैड की परिकल्पना की गई थी तो तमिलनाडु इसरो की पहली पसंद थी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री तिरु अन्नादुरई, जो कंधे में गंभीर दर्द के कारण बैठक में शामिल नहीं हो सके, ने बैठक के लिए अपने एक मंत्री मथियाझागन को नियुक्त किया।' उन्होंने आगे बताया, 'इसरो के अधिकारियों को काफी देर तक इंतजार कराया गया और आखिरकार मथियाझागन को 'नशे की हालत' में बैठक में लाया गया और पूरी बैठक के दौरान वह नशे में रहे। हमारे देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम के साथ 60 साल पहले यही हुआ था। द्रमुक में ज्यादा बदलाव नहीं आया है और उसकी हालत और खराब हो गई है!'

विरोध हुआ तो डीएमके की तरफ से बताया जाने लगा कि यह एक मानवीय चूक है। संभव है, यह चूक ही हो, लेकिन इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि जान-बूझकर किया गया हो। आखिरकार चुनावों में अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए राजनीतिक दल हिंसा तक करवाने से नहीं हिचकते, फिर यह तो एक तस्वीर की बात है। ये वही डीएमके है जिसके प्रमुख नेता और तमिलनाडु सीएम के बेटे उदयनिधि स्टालीन ने सनातन के खिलाफ खुलेआम जहर उगला और वो लगातार ऐसा कर रहे हैं। सोचिए, उदयनिधि खुद सरकार में शामिल हैं और मंत्री हैं। डीएमके नेताओं और मंत्रियों की हरकतों से आशंका होती है कि कोई बड़ी बात नहीं कि इसरो की उपलब्धियों के बखान में चीन का झंडा जान-बूझकर लगाया गया हो। आखिर लोकसभा चुनाव नजदीक आ रही हैं।

वैसे भी विपक्ष में मोदी को नकारते-नकारते देश को नकारने की फितरत जोर पकड़ रही है या कहें कि मोदी सरकार की उपलब्धियों को छोटा करने के चक्कर में देश को बौना साबित करने की घृणित हरकत की जाती है। अन्नामलाई के नेतृत्व में हो रही बीजेपी के कार्यक्रमों में तमिलनाडु की जनता की भारी भीड़ जुटती दिख रही है। स्वाभाविक है कि सत्ताधारी डीएमके बीजेपी के कार्यक्रमों में जुटते जनसैलाब से चिंतित हो। जिस दल को देश की बहुसंख्यक आबादी के खिलाफ जहर उगलने में हिचक नहीं होती, उसके लिए इसरो की उपलब्धियों को अपने वैचारिक आका चीन के नाम कर देना कौन सी बड़ी बात होगी? यह मान भी लिया जाए कि विज्ञापन में चीन का झंडा लगाना गलती थी तो क्या डीएमके या सरकार के मुखिया स्टालीन ने इसे गंभीरता से लिया? ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।



# सुख, आनंद और ईश्वर की प्राप्ति के लिए आज से ही शुरू कर दें ये चीजें

**सृष्टि, जीवन का उद्देश्य, उत्पत्ति, भोग-विलास, धन, स्त्री, संतान, ईश्वर, आनंद, शांति, उद्धार, मित्र, शत्रु, आत्मा, धर्मशाला, भगवत प्राप्ति, संग्रह, जन्म-मरण, प्रमुख उद्देश्य, मोक्ष, सर्वोत्तम कृति, क्षणिक सुख, शरण, परमानंद, प्रयास, अंधेरा, अंतर्मुखी, भारतीय तत्व चिंतकों, बाहर की दुनिया, परमात्मा, आनंद, शांति, उद्धार, भगवत प्राप्ति, जन्म-मरण, मोक्ष, सर्वोत्तम कृति, परमानंद, अंधेरा, अंतर्मुखी।**

## ज्ञान की प्राप्ति

जब से सृष्टि बनी है, तब से आज तक जीवन का उद्देश्य और इस जीवन के बाद की यात्रा को लेकर अनेक प्रश्न मानव मस्तिष्क में गूंजते चले आ रहे हैं। आखिर इस दुर्लभ मानव जीवन का क्या उद्देश्य है। इस धरती पर मानव की उत्पत्ति क्यों हुई है, उत्पत्ति के बाद मानव के लिए करणीय और अकरणीय क्या है। ऐसे अनेक प्रश्नों के उत्तर दुनिया भर के दार्शनिकों एवं तत्व चिंतकों ने अपनी-अपनी समझ एवं बुद्धि के अनुसार अपने-अपने स्तर से अलग-अलग कालखण्डों में दिए हैं।

पाश्चात्य जगत की विचारधारा अनुसार जीवन को सुखपूर्वक ऐशो-आराम के साथ व्यतीत करना ही जीवन का उद्देश्य है। वहीं भारतीय तत्व चिंतकों की राय ऐसी नहीं है, भारतीय ऋषि-महर्षियों के अनुसार भोग-विलास का नाम जीवन नहीं है, अपितु जीवन का प्रमुख उद्देश्य भगवत प्राप्ति एवं मोक्ष प्राप्त कर जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति है। भारतीय विचारधाराओं के अनुसार, मनुष्य को ईश्वर की सर्वोत्तम कृति कहा गया है, मानव जीवन क्षणभंगुर होने के कारण भारतीय तत्व चिंतकों का मानना है कि धन, स्त्री, संतान आदि की प्राप्ति ही जीवन का उद्देश्य नहीं है। इनकी प्राप्ति से मनुष्य को क्षणिक सुख भले ही मिल जाए, मगर स्थाई सुख एवं आनंद की प्राप्ति नहीं हो सकती है। केवल ईश्वर की शरण में परमानंद की प्राप्ति संभव है। एक समय ऐसा भी आता है, जब सांसारिक वस्तुओं से मनुष्य को सर्वाधिक कष्ट होने लगता है और वह उद्विग्न होकर शांति की तलाश में भटकने लगता है।

श्रीमद् भागवत गीता में यह कहा गया है कि मनुष्य शरीर प्राप्त करके भी जो परमात्मा को पाने का प्रयास नहीं करता तथा जीवन रूपी भवसागर को पार करने का प्रयास नहीं कर पाता, वह आत्महंता की तरह है। जीवन का उद्देश्य है संसार रूपी भवसागर को पार करना। सभी वेद, पुराण और शास्त्रों का एक मत है कि मनुष्य को अपने जीवन का उद्देश्य कभी नहीं भूलना चाहिए। मनुष्य कभी भोग और कभी यश की प्राप्ति के लिए नाना प्रकार की योजनाएं बनाता है, वह समझता है कि जीवन का मूल्य बस इतना ही है। इस प्रकार वह अपने क्रियाकलापों के द्वारा अपने आपको आवागमन के चक्र में डालने का कुचक्र अनजाने में ही रच लेता है।

भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उपदेश देते हुए यही कहा है कि मनुष्य को अपने उद्धार के लिए स्वयं प्रयत्नशील होना चाहिए, क्योंकि मनुष्य स्वयं अपना मित्र तथा स्वयं ही अपना शत्रु भी है। भारतीय तत्व चिन्तकों की मानें तो मनुष्य पृथ्वी पर जन्म लेने के उद्देश्य से भटककर अपनी ही आत्मा से शत्रुता कर रहा है। यह सब मनुष्य के बहिर्मुखी होने के कारण हो रहा है, आज का मनुष्य बाहर की दुनिया की चकाचौंध तो देख रहा है किंतु अपने मन के अंधेरे को नहीं देख पा रहा है, क्योंकि उसकी दृष्टि अंतर्मुखी नहीं है, जबकि होना यह चाहिए कि मनुष्य अपना सारा प्रयास परमात्मा रूपी चिंतन की प्राप्ति के लिए करे। जैसे कोई मनुष्य तीर्थ स्थान में जाता है और वहां किसी धर्मशाला में ठहरकर सुख भोग के सामान जुटाने में इतना मशगूल हो जाता है कि तीर्थ स्नान, देव दर्शन आदि के बारे में भूल जाता है। उसी प्रकार मनुष्य संसार में आता तो भगवत प्राप्ति के लिए है लेकिन लग जाता है संग्रह और भोग में, उसकी स्थिति आए थे हरि भजन को ओटन लगे कपास की हो जाती है। जब तक सांसारिक विषयों को पाने की इच्छा बनी रहेगी तब तक परमात्मा की प्राप्ति असंभव है।




# कुंडली में राहु-केतु का प्रभाव, क्या कहता है ज्योतिष शास्त्र

**राहु और केतु को ज्योतिष शास्त्र में पाप ग्रह बताया गया है। पौराणिक मान्यताओं की मानें तो राहु केतु के कारण ही ग्रहण लगता है। राहु, केतु को पौराणिक दृष्टि से दो अलग-अलग छाया ग्रह माने गए हैं।**

पौराणिक ग्रंथों एवं ज्योतिष में राहु, केतु को छाया ग्रह माना गया है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार राहु, केतु के कारण ही ग्रहण लगते हैं। धर्मशास्त्रों की मानें तो सूर्य, चन्द्रमा के अत्यधिक नज़दीक होने पर राहु, केतु ग्रहण लगा देते हैं, यही नहीं सूर्य, चन्द्रमा को छोड़कर जन्मकुण्डली में अन्य ग्रह भी राहु के साथ बैठे हों, तो वे भी राहु से पीड़ित हो जाते हैं। राहु-केतु का अक्ष जन्मपत्रिका में अत्यन्त महत्वपूर्ण है। कुछ विद्वानों ने इस अक्ष के एक ओर सभी ग्रहों के होने पर तथा इसी अक्ष के दूसरे भाग में कोई भी ग्रह न होने पर कालसर्प योग की कल्पना की है। यद्यपि प्राचीन होरा ग्रंथों में कालसर्प योग नाम का किसी भी योग का स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं प्राप्त होता है, परन्तु राहु, केतु के प्रभाव एवं कालसर्प योग के प्रभाव को अनदेखा नहीं किया जा सकता।


राहु, केतु को पौराणिक दृष्टि से दो अलग-अलग छाया ग्रह माने गए हैं, राहु को मुख और केतु को धड़ के रूप में अलग-अलग होने की बात का शास्त्रीय वर्णन प्राप्त होता है। राहु की उत्पत्ति के विषय में पौराणिक आख्यान है कि कश्यप ऋषि के पुत्र हिरण्यकश्यपु थे, कश्यप ऋषि की दो पत्नियां अदिति और दिति थीं। अदिति से देवताओं तथा दिति से दानवों की उत्पत्ति हुई।

हिरण्यकश्यपु के पुत्र प्रहलाद थे तथा इनकी पुत्री का नाम सिंहिका था। सिंहिका के पति विप्रचिति थे, इन्हीं से सिंहिका का पुत्र हुआ जिसका नाम 'स्वर्भानु' था। यह स्वर्भानु नामक दानव ही आगे चलकर राहु और केतु में विभाजित हुआ। बात उस समय की है जब देवत्व तथा अमरत्व प्राप्त करने के लिए स्वर्भानु ने भगवान शंकर का कठोर तप किया, भगवान शंकर ने उसकी तपस्या से प्रसन्न होकर कहा कि, उसे देवत्व तो प्राप्त नहीं हो सकता क्योंकि वह असुर कुल में जन्मा है परन्तु वह अमर होकर देवताओं के साथ पूजा जाएगा। देवयोग से उसी के बाद समुद्र मंथन के समय चौदह रत्नों में एक अमृत कलश भी निकला, अमृत पीने के लिए देवता और दानव, दोनों ही लालायित थे।

जब स्वर्भानु ने देखा कि अमृत देवताओं को पिलाया जा रहा है, तो वह भेष बदलकर देवताओं की पंक्ति में देवताओं के रूप में बैठ गया और अमृतपान करने लगा, जैसे ही अमृत की कुछ बूंदें स्वर्भानु ने ग्रहण की, तभी सूर्य, चन्द्रमा ने देवता के रूप में छुपे स्वर्भानु दानव को पहचानकर तुरन्त ही विष्णु भगवान, जो मोहिनी रूप धारण कर अमृत पिला रहे थे, उनके सुदर्शन चक्र से उसका गला कटवा दिया। अमृत की कुछ बूंद पिए जाने के कारण वह मृत्यु को तो प्राप्त नहीं हुआ, अपितु सिर व धड़ दोनों ही अलग-अलग जीवित रहे। सिर का हिस्सा राहु और धड़ का हिस्सा केतु बन गया। किंवदन्ति है कि समय बीतने पर भगवान विष्णु द्वारा उसका धड़ सर्प से जोड़ दिया गया, इसलिए राहु, केतु सर्पाकृति के हो गए तथा पूर्व में प्राप्त वरदान अनुसार अमृत पान के कारण अमर हो गए, ब्रह्मा जी ने उन्हें (छाया) ग्रह का दर्जा दे दिया। नवग्रह स्तोत्र में वर्णित राहु, केतु के पौराणिक मंत्र इस प्रकार हैं,

*राहु मंत्र - अर्धकायं महावीर्यं चन्द्रादित्यविमर्दनम्।*
*सिंहिकागर्भसंभूतं तं राहुं प्रणमाम्यहम्।।*
*केतु मंत्र - पलाशपुष्पसंकाशं तारकाग्रहमस्तकम्।*
*रौद्रं रौद्रात्मकं घोरं तं केतुं प्रणमाम्यहम्।।*

राहु, केतु के मंत्रों का जप करने से राहु, केतु अनुकूल होते हैं।



# स्वास्तिक सम्पन्नता, समृद्धि एवं सौभाग्य का प्रतीक

**धार्मिक दृष्टि में स्वास्तिक की उपस्थिति मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए बहुत ही शुभ मानी जाती है। स्वास्तिक को शुभ फलों की प्राप्ति के लिए बहुत ही शुभ प्रभाव देने वाला माना जाता है। स्वास्तिक सुख, शांति, समृद्धि एवं सम्पन्नता का प्रतीक है। किसी भी शुभ कार्य से पहले स्वास्तिक के चिह्न को अंकित करना सबसे शुभ माना जाता है।**

शतपथ ब्राह्मण नामक ग्रंथ में स्वस्ति नाम की देवी का विवरण प्राप्त होता है। उस काल में स्वस्ति देवी की पूजा चारों वेद का स्वरूप मानकर की जाती थी। ओम के सगुण रूप में स्वास्तिक को मान्यता प्राप्त होने से, स्वास्तिक को ओंकार का रूप भी माना गया है। गणपति पूजक प्रांतों में स्वास्तिक को गणेश जी का ही एक स्वरूप माना जाता है।

योग शास्त्र में भी इस मांगलिक चिन्ह को कुंण्डली जागरण के चक्रों के रूप में मान्यता प्राप्त है। योगी स्वास्तिक पर अपना ध्यान केन्द्रित कर, पारलौकिक सिद्धि की प्राप्ति सुगमता से करते हैं। स्वास्तिक एक ओर जहां धर्म एवं संस्कृति प्रतीक है, अध्ययन की दृष्टि से जहाँ इसकी उपयोगिता है वहीं लौकिक पारलौकिक शाक्तियों का समन्वयक है। मान्यताओं के अनुसार इसका सम्बन्ध मिश्र की सभ्यता, वहां की मातृ देवी उपासना से भी जुड़ा हुआ है। सुख-समृद्धि के लिए स्वास्तिक मानव के लिए वरदान है। रंगोली में भी स्वास्तिक का प्रयोग किया जाता है।

पद्मपुराण में कहा गया है कि चातुर्मास में मंदिर में स्वास्तिक की अष्टदल रंगोली बनाने से स्त्री सदैव सुहागिन रहती है। यही कारण है कि विभिन्न अवसरों पर स्त्रियां स्वास्तिक की रंगोली बनाकर धन, अन्न तथा स्वास्थ्य की कामना करती हैं। स्वास्तिक का शुभ मुहूर्त में सही प्रयोग धन वृद्धि करता है तथा घर की अशांति दूर कर घर में शांति, समृद्धि के वातावरण का सृजन करता है, इसलिए वास्तु दोष निवारण के लिए घर के मुख्य द्वार पर स्वास्तिक लगाया जाता है। वास्तु शास्त्र पर शोध करने वाले वास्तु विशेषज्ञों ने स्वास्तिक की उर्जा को पिरामिड के साथ जोड़कर पिरामिडल स्वास्तिक की संरचना की है, जिसके प्रयोग से घर की नकारात्मक उर्जा को परिवर्तित किया जाता है। रोली आदि लाल रंग से बने स्वास्तिक को ग्रह शांति के लिए भी किया जाता है।

व्यापार अच्छी तरह फले-फूले इसके लिए व्यापारियों को चाहिए कि वह अपने बहीखातों के प्रारंभ में हल्दी, कुमकुम आदि शुभ व पवित्र द्रव्यों से स्वास्तिक बनाकर नित्य उसकी पूजा करनी चाहिए। स्वास्तिक का अर्थ है, शुभ, कल्याण और मंगल इसलिए कालांतर से ही स्वास्तिक सुख, शांति, समृद्धि एवं सम्पन्नता का प्रतीक रहा है। प्रत्येक मांगलिक कार्य, धार्मिक अनुष्ठान में स्वास्तिक का महत्वपूर्ण मांगलिक चिन्ह अंकित किया जाता है। धार्मिक क्रियाओं एवं अनुष्ठान में स्वास्तिक की उपस्थिति मनोकामनाओं की पूर्ति करती है। भारत में ही नहीं, विश्व के तमाम देशों में स्वास्तिक के चिन्ह को परम पवित्र माना गया है। पौराणिक काल में चतुर्मुखी ब्रह्म से स्वास्तिक का संबंध परिकल्पित किया गया है, स्वास्तिक की चार भुजाएं, चारों वेद का प्रतिनिधित्व करती है।

कुछ विद्वान स्वास्तिक की चार भुजाओं को श्री हरि विष्णु के चार हाथ मानते हैं। उनके अनुसार विष्णु भगवान स्वास्तिक आकृति में चार भुजाओं से चारों दिशाओं का पालन करते है तथा स्वास्तिक के मध्य के बिन्दु को विष्णु भगवान का नाभि कमल, ब्रह्मा का स्थान माना गया है। स्वास्तिक को एक प्रमुख पवित्र मांगलिक चिन्ह के अतिरिक्त वेदों, देवी, शिव-शक्ति, गणपति, विष्णु एवं श्री के प्रतीक रूप में मान्यता प्राप्त हैं।



# प्रतिवर्ष फाल्गुन माह शुक्ल षष्ठी से बारस तक लगता है खाटू श्यामजी मेला

**राजस्थान के शेखावाटी के सीकर जिले में स्थित है परमधाम खाटू। यहां विराजित हैं खाटू श्यामजी। खाटू का श्याम मंदिर बहुत ही प्राचीन है। यहां पर प्रतिवर्ष फाल्गुन माह शुक्ल षष्ठी से बारस तक यह मेला लगता है। श्याम बाबा की महिमा का बखान करने वाले भक्त राजस्थान या भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया के कोने-कोने में मौजूद हैं। आओ जानते हैं कि कौन है बाबा खाटू श्यामजी? क्या है उनकी कहानी।**

खाटू श्यामजी भगवान श्रीकृष्ण के कलयुगी अवतार हैं। महाभारत के भीम के पुत्र घटोत्कच और घटोत्कच के पुत्र बर्बरिक थे। बर्बरीक को ही बाबा खाटू श्याम कहते हैं। इनकी माता का नाम हिडिम्बा है।

## खाटू श्याम की कहानी

बर्बरीक दुनिया का सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर थे। बर्बरीक के लिए तीन बाण ही काफी थे जिसके बल पर वे कौरवों और पांडवों की पूरी सेना को समाप्त कर सकते थे। युद्ध के मैदान में भीम पौत्र बर्बरीक दोनों खेमों के मध्य बिन्दु एक पीपल के वृक्ष के नीचे खड़े हो गए और यह घोषणा कर डाली कि मैं उस पक्ष की तरफ से लडूंगा जो हार रहा होगा। बर्बरीक की इस घोषणा से कृष्ण चिंतित हो गए। भीम के पौत्र बर्बरीक के समक्ष जब अर्जुन तथा भगवान श्रीकृष्ण उसकी वीरता का चमत्कार देखने के लिए उपस्थित हुए तब बर्बरीक ने अपनी वीरता का छोटा-सा नमूना मात्र ही दिखाया। कृष्ण ने कहा कि यह जो वृक्ष है इसके सारे पत्तों को एक ही तीर से छेद दो तो मैं मान जाऊंगा। बर्बरीक ने आज्ञा लेकर तीर को वृक्ष की ओर छोड़ दिया।

जब तीर एक-एक कर सारे पत्तों को छेदता जा रहा था उसी दौरान एक पत्ता टूटकर नीचे गिर पड़ा। कृष्ण ने उस पत्ते पर यह सोचकर पैर रखकर उसे छुपा लिया की यह छेद होने से बच जाएगा, लेकिन सभी पत्तों को छेदता हुआ वह तीर कृष्ण के पैरों के पास आकर रुक गया। तब बर्बरीक ने कहा कि प्रभु आपके पैर के नीचे एक पत्ता दबा है कृपया पैर हटा लीजिए, क्योंकि मैंने तीर को सिर्फ पत्तों को छेदने की आज्ञा दे रखी है आपके पैर को छेदने की नहीं। उसके इस चमत्कार को देखकर कृष्ण चिंतित हो गए। भगवान श्रीकृष्ण यह बात जानते थे कि बर्बरीक प्रतिज्ञावश हारने वाले का साथ देगा। यदि कौरव हारते हुए नजर आए तो फिर पांडवों के लिए संकट खड़ा हो जाएगा और यदि जब पांडव बर्बरीक के सामने हारते नजर आए तो फिर वह पांडवों का साथ देगा। इस तरह वह दोनों ओर की सेना को एक ही तीर से खत्म कर देगा। तब भगवान श्रीकृष्ण ब्राह्मण का भेष बनाकर सुबह बर्बरीक के शिविर के द्वार पर पहुंच गए और दान मांगने लगे। बर्बरीक ने कहा- मांगो ब्राह्मण! क्या चाहिए? ब्राह्मणरूपी कृष्ण ने कहा कि तुम दे न सकोगे। लेकिन बर्बरीक कृष्ण के जाल में फंस गए और कृष्ण ने उससे उसका शीश मांग लिया। बर्बरीक द्वारा अपने पितामह पांडवों की विजय हेतु स्वेच्छा के साथ शीशदान कर दिया गया। बर्बरीक के इस बलिदान को देखकर दान के पश्चात श्रीकृष्ण ने बर्बरीक को कलियुग में स्वयं के नाम से पूजित होने का वर दिया। आज बर्बरीक को खाटू श्याम के नाम से पूजा जाता है। जहां कृष्ण ने उसका शीश रखा था उस स्थान का नाम खाटू है।

# अमलनेर के मंगलदेव मंदिर में स्थित अद्भुत है भू-माता और पंचमुखी हनुमानजी की प्रतिमा

अमलनेर में श्री मंगल देवता के स्थान को प्राचीन और जागृत स्थान माना जाता है। यहां पर पंचमुखी हनुमानजी के साथ ही भू माता के साथ मंगलदेव विराजमान हैं। बताया जाता है कि यहां पर भू माता की विश्व की पहली प्रतिमा स्थापित की गई है। पंचमुखी हनुमान और भू माता के मूर्तियां पाले पाषाण की बनी हुई है जो कि दर्शन करने में बहुत ही अद्भुत है। धरती माता को भूदेवी और भूमाता की कहा जाता है जो कि मंगलदेव की माता हैं। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार भू माता श्री हरि विष्णु की पत्नी हैं। कुछ ग्रंथों के अनुसार यह भगवान वराह की पत्नी हैं। हमारे वेद, उपनिषद, पुराणों में भूमाता का उल्लेख कई कथाओं में आता है। धरती देवी के लिए संस्कृत नाम पृथ्वी है और उन्हें भूदेवी या देवी भूमि भी कहा जाता है। वे भगवान विष्णु भी पत्नी हैं। लक्ष्मी के 2 रूप माने जाते हैं- भूदेवी और श्रीदेवी। भूदेवी धरती की देवी हैं और श्रीदेवी स्वर्ग की देवी। पहली उर्वरा (उपजाऊ भूमि) से जुड़ी हैं व दूसरी महिमा व शक्ति से। वाल्मीकि रामायण के अनुसार माता सीता की उत्पत्ति भू माता से होने का संदर्भ मिलता है। चंद्र और मंगल ग्रह की उत्पत्ति भी भू माता से मानी जाती है। इस बात को खगोलशास्त्र भी मान्यता देता है। यहां स्थित पंचमुखी हनुमान की प्रतिमा भी अद्भुत है। पंचमुखी हनुमान का यह स्वरूप हर तरह के संकटों से बचाता है। हनुमानजी ने अहिरावण का वध करने के दौरान यह रूप धारण किया था। दरअसल, पांचों अलग अलग दिशाओं में पांच जगह पर रखें पांच दीपकों को एक साथ बुझाकर ही अहिरावण का वध किया जा सकता था। अहिररावण ने ये दीपक मां भवानी के लिए जलाए थे। इन पांचों दीपक को एक साथ बुझाने पर अहिरावण का वध हो जाएगा इसी कारण हनुमान जी ने पंचमुखी रूप धरा।



# गीता कोड़ा के कांग्रेस छोड़ने पर कांग्रेसियों ने निकाली हर्ष यात्रा

**पूसू प्रतिनिधि, चाईबासा।** स्थानीय कांग्रेस भवन से सैकड़ो की संख्या मे कोंग्रेसी कार्यकर्ताओ ने सासंद गीता कोड़ा, पूर्व सीएम मधु कोड़ा के पार्टी छोड़ कर जाने की खुशी मे वरिष्ठ कांग्रेस नेता कृष्णा सोय के नेतृत्व मे हर्ष रैली निकाली गयी। जो की कांग्रेस भवन से बस स्टैंड जेल रोड सदर बाजार काली मंदिर कोर्ट रोड पोस्टऑफिस चौक सदर थाना होते हुए शहीद पार्क होते हुए कांग्रेस भवन तक समापन हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि पूर्व राजयसभा सांसद डॉक्टर प्रदीप बालमुचू उपस्थित हुए श्री बालमुचू ने कहा की गीता कोड़ा मधु कोड़ा के जाने से कांग्रेस और मजबूत हुई है कोड़ा दम्पति ने पुरे पांच साल कांग्रेस पार्टी को दीमक की तरह खोखला करने का काम किया।




कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को लगातार मनोबल गिराने का कार्य किया पूरे जिले के महागठबंधन के कार्यकर्ताओ वर्ष 2019 तन मन धन से लोकसभा चुनाव जीताने का कार्य किया। जिसके बाद लगातार अपेक्षा के शिकार होने के बाद खुद को ठगा सा महसूस कर रहे थे। जो नेता अपने कार्यकर्ताओं चेन्नई हुए वह आमजन के क्या होंगे ये अवसरवादी नेता वह आमजन के हित अहित से कोई लेना-देना नहीं इन्हे आदिवासी मूल वासी के हित की भी कोई चिंता नहीं। वरिष्ठ कांग्रेसी कृष्ण सोए ने कहा कोड़ा दंपति के




कांग्रेस छोड़ जाने से कांग्रेसियों में अपार हर्ष है इस खुशी को जाहिर करते हुए पूरे शहर मे आतिशबाजी की गई! और मिठाइयां बांटी गई यह इस बात को दर्शाता है कि कांग्रेस पार्टी आने वाले समय में पूरे ताकत के साथ महागठबंधन के जो भी उम्मीदवार होंगे उन्हें पूरे दमखम से एकजुटता के साथ जीताने का कार्य किया जाएगा खुदा दंपति गलतफहमी में ना रहे जनता मां बन चुकी है इस चुनाव में घोड़ा दंपति की जमानत की जप्त हो जाएगी जितने दाम ख़म से गीता कोड़ा को जीतने का कार्य किया था उसे दुगनी ताकत से उनकी जमानत जप्त कराने का कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से प्रेम पुरती, वरिष्ठ कोंग्रेसी राजकुमार रजक, अशोक सुंडी, सोशल मीडिया प्रभारी मोहम्मद सलीम, टाटा बारी, सोम पूर्ति, धीरज गागराई, मंगल सिंह पूर्ति, वीर सिंह बीरुली, सावन बानरा, दिलीप कुददा, सुकू कुमार,बजाय बिरुली, विशाल सोय, संतोष सुंडी, सोनू कुमार, शशि अलदा, माइकल देवगम, लोकनाथ सुंडी, रेंगो पुरती , सतीश दोगो, अशोक मुंडारी, रमेश कुदादा, दुर्गा मुंदुइया, प्रेम कुदादा, पांडु कालूडिया, रमेश सिंह कुंटिया, किशन पूर्ति, बॉवाई पुरती, साधु चरण कुंटिया राज रमेश पुरती,सतीश दास, बाली सोय, विकास बीरुआ, रूपेश पुरती, माटा पुरती, सहित सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चिरूगोड़ा में रेलवे अंडरपास बनाने को लेकर उप मुखिया ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**पूसू प्रतिनिधि, धालभूमगढ़।** धालभूमगढ़ प्रखंड क्षेत्र के जुनबनी पंचायत के चिरूगोड़ा में रेलवे अंडरपास एवं विभिन्न सड़कों को बनाने की मांग को लेकर शुक्रवार को सांसद विधुत वरण महतो के कार्यालय में उपमुखिया सुजन कुमार मन्ना ने सांसद को आवेदन सौंपा।

सांसद को सौंपे गये उप मुखिया के द्वारा आवेदन में लिखा गया है कि हरिनधुकड़ी जिला परिषद रोड से हरी मंदिर तक 5 किलोमीटर, बगुला जिला परिषद रोड से कोचाबिल तक 7 किलोमीटर, डोभा फाटक से लेकर जुनबनी रोलाडीह तक 8 किलोमीटर , रघुनाथडीह से लेकर एनएट-18 तक 7 किलोमीटर एवं चिरूगोड़ा में रेलवे अंडरपास बनाने की मांग शामिल है । जिस पर सांसद उप मुखिया को भरोसा दिलाया कि ने जल्द से जल्द सभी



सड़क को बना दिया जाएगा ताकि ग्रामीणों को दिक्कत ना हो। उप मुखिया ने आम हित को देखते हुए चिरूगोडा फाटक पर अंडरपास बनाने की मांग सांसद की। उपमुखिया ने कहा कि यह फाटक चारो तरफ गांव से जुड़ा हुआ है। फाटक में जाम बहुत लगता है ,ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण बैलगाड़ी से लेकर दो पहिया चार पहिया काफी घंटे तक खड़े होना पड़ता है। वही पावड़ा नरसिंहगढ़ पंचायत समिति सदस्य प्रदीप कुमार राय ने नरसिंहगढ़ फाटक को अंडर पास बनाने का मांग भी सांसद के समक्ष रखा। सांसद ने आश्वासन दिया जल्द से जल्द इस बात को वे रेलवे प्रबंधन के समक्ष रखकर इसे पुरा कराने का प्रयास करेंगे।

## जमीन के ऑनलाइन म्युटेशन जानकारी मांगी गई

**पूसू प्रतिनिधि, पोटका।** कांग्रेस नेता जयराम हांसदा ने पोटका के जन सूचना पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी को ज्ञापन देकर सूचना अधिकार अधिनियम के तहद 20 सितंबर के बाद का जमीन के ऑन लाइन से संबंधित जानकारी मांगा है। उन्होंने मांग किया है कि उक्त तिथि से जमीन ऑन लाइन के लिए कितना आवेदन प्राप्त हुआ है तथा इसका निष्पादन कितना हुआ है। उक्त तिथि से अभी तक अंचल कार्यालय द्वारा कुल कितने नामांतरण हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है तथा इसमें से कितना को स्वीकृत तथा अस्वीकृत किया गया। आपकी योजना आपकी सरकार आपका द्वार कार्यक्रम के तहद जमीन से संबंधित कुल कितने आवेदन प्रप्त हुआ है एवं कितना निष्पादन हुआ।

# जनवरी माह के खाद्यान्न की मांग



**पूसू प्रतिनिधि पोटका।** भाजपा अनुसूचित जन जाति मोर्चा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य उपेंद्र नाथ सरदार ने पोटका के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार से मिलकर पोटका गांव के सैकड़ों कार्डधारियों को जनवरी माह का खाद्यान वितरण नहीं होने की जानकारी देते हुए उनसे खाद्यान वितरण कराने की मांग की। डॉ कुमार ने बताया कि जनवरी माह में राशन डीलर प्रदीप दत्ता द्वारा खाद्यान्न नहीं वितरण किये जाने के बाद कार्डधारियों ने प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया था। जिसके फलस्वरूप जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने 22 फरवरी को प्रदीप दत्त का दुकान निलंबित कर ज्योति महिला मंडल को टैग कर दिया गया। डीएसओ ने एम ओ पोटका को निर्देशित किया कि प्रदीप कुमार दत्ता के पास अवशेष खाद्यान एवं अन्य सामग्रियों को लाभुकों के बीच समय पर वितरण कराकर ई-पॉश मशीन तथा वजन मशीन ज्योति महिला मंडल पोटका को हस्तगत कराया जाए। दूसरी ओर ज्योति माह मंडल ने प्रदिप दत्ता के दुकान को टैग लेने से इनकार की है इस संबंध में उन्होंने जा आपूर्ति पदाधिकारी को एक पत्र भी दी है। ऐसी स्थिति में कार्डधारियों को राशन मिलना मुश्किल हो जायेंगे।

## जेएमएम के सोनाराम देवगम और कांग्रेस के प्रदीप बालमुचू फ्लॉप नेता : भाजपा

**पूसू प्रतिनिधि, चाईबासा।** भाजपा के नेता बिपिन लागुरी,पूर्व जिला महामंत्री,मंजीत कोड़ा,जिला अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा, गुलशसन सुंडी,जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा,दुर्गावती बोइपाई,जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, चंद्रमोहन तिउ,पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष ने बयान जारी कर कहा कि सिंहभूम के सांसदश्रीमती गीता कोड़ा के भाजपा में शामिल होने से, झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस पार्टी/ इंडि गठबंधन में खलबली मची हुई है। इंडी गठबंधन के नेताओं ने अभी से ही अपना हार स्वीकार लिया है। पुरानी कहावत है खिसियाई बिल्ली खंभा नोचे ।सांसद गीता कोडा के लोकप्रियता से ये इंडि ठगबन्धन वाले हताशा का शिकार होकर अलॉय बलाय बयानबाजी कर जनता को गुमराह करने का कुटिल प्रयास कर रहे हैं। श्रीमती कोड़ा के वास्तिविकता भरे बयान कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस पार्टी, आदिवासियों के विकास का घोर विरोधी बताने से, इन पार्टियों की सच उजागर हो गई।

# पटमदा डिग्री कॉलेज में स्टडी सेंटर का उद्घाटन 6 मार्च को

**पूसू प्रतिनिधि, पटमदा।** डिग्री कॉलेज, जाल्ला को कोल्हन यूनिवर्सिटी चाईबासा द्वारा स्थायी संबधन प्राप्त ह्रष्ट द्वारा ग्रेड बी मान्यता प्राप्त हुआ है। पटमदा डिग्री कॉलेज, जाल्ला में झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी रांची के स्टडी सेंटर का उदघाटन माननीय विधायक सह कॉलेज शासी निकाय के अध्यक्ष श्री मंगल कालिंदी के कर कमलों द्वारा 6 मार्च को सम्पन्न होगी ।पटमदा डिग्री कॉलेज, जाल्ला को स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी का मान्यता मिलने के कारण अभी कंप्यूटर कोर्स, सर्टिफिकेट कोर्स(6 माह ), ई - कॉमर्स,लीगल अवार्नेंस, रूरल डेवलपमेंट, मीडिया मैनेजेंटमेंट,मास कम्युनिकेशन, वोकेशनल (लॉजिस्टिकस) डिप्लोमा कोर्स (12 माह) कंप्यूटर



एप्लीकेशन, मैनेजमेंट, जीआईएस, बैंकिंग एंड इंश्योरेंस, रीजनल लैंग्वेज, काउंसलिंग डिजिटल मार्केटिंग, उर्दू लैंग्वेज, हैल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर,बीएड असिस्टेंस, प्रॉजेक्ट मैनेजमेंट, नेचुरोपैथी,योगा,नर्सरी टीचर ट्रेनिंग व रूरल मैनेजमेंट कोर्स। पीजी डिप्लोमा कोर्स (18 माह): ई -मैनेजमेंट, एच आर रूरल डेवलपमेंट,आईटी और कंप्यूटर कोर्स में एडमिशन लिया जा रहा है और जून माह 2024 से यूजी और पीजी में निम्न विषय पर नामांकन होगा ये विषय है - हिंदी, अंग्रेजी,क्षेत्रीय भाषा, जनजातीय भाषा, इतिहास, राजनीतिक विज्ञान,अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, बीएड, एमएड, बीबीए, एमबीए और सर्टिफिकेट के साथ- साथ डिप्लोमा कोर्स के तहत हैल्थ केयर, टॉरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी,मैनेजमेंट,वोकेशनल कोर्स, सर्विस मैनेजमेंट, जेंडर स्टडीज,सोशल वर्क और ट्राइबल स्टडीज।

# गालूडीह में दान की गई जमीन किसी और को बेचने का ग्रामीणों ने किया विरोध

**पूसू प्रतिनिधि, घाटशिला।** गालूडीह गांव में भूमाफियों ने दान की गई जमीन को किसी दूसरे के हाथ बेच दिया. इसको लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान करण मुर्मू के नेतृत्व में पारंपरिक हथियारों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि गालूडीह के कन्हाईलाल भट्टाचार्य ने वर्षों पहले गांव में स्थित 7.10 एकड़ जमीन का कुछ हिस्सा गालूडीह के ग्रामीणों को खेल मैदान के लिए लिखित रूप से दान कर दिया था। जमीन के वर्तमान मालिक अभिजीत भट्टाचार्य ने उक्त जमीन को अपनी बताते हुए जबरन किसी और को बेच दी है. उन्होंने यह भी बताया कि जमीन के दाखिल-खारिज के लिए घाटशिला अंचल कार्यालय में



कागजात जमा किये गये हैं। किसी भी हाल में वे जमीन नहीं छोड़ेंगे. ग्रामीणों ने अनुमंडल कार्यालय ,अंचल कार्यालय में भी आवेदन देकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।?विरोध प्रदर्शन करने वालों में ग्राम प्रधान करण मुर्मू, नायके पालूराम मुर्मू, सुकुल मुर्मू, सुनाराम हांसदा, भगवती हांसदा, विक्रम हांसदा, माइदी मुर्मू, इंद्रा मुर्मू, राघव मुर्मू, छीता हांसदा, शांति मुंडा, मिनती मुर्मू, फागु मुर्मू, बादल टुडू, दुलारी सोरेन, मंगल टुडू, रामू टुडू, रायसेन हांसदा, अर्जुन हांसदा शामिल थे।

# लोस चुनाव को लेकर एसडीपीओ ने किया सभी थाना के थाना प्रभारी के साथ बैठक

**पूसू प्रतिनिधि,घाटशिला।** घाटशिला के एसडीपीओ अजीत कुमार कुजूर ने शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय के सभागार में अनुमंडल के सभी थाना के थाना प्रभारी और इंस्पेक्टरों के साथ लोक सभा चुनाव के सफल संचालन को लेकर बैठक किया। बैठक के दौरान एसडीपीओ ने कहा कि लोक सभा चुनाव को कैसे भयमुक्त और साफ सुथरा माहौल में काराया जाय, इसको लेकर सबसे बड़ी जिम्मेदारी पुलिस की ही होती है। चुनाव के दौरान असमाजिक और शरारतीतत्त्व पर विशेष निगरानी रखने की जरुरत है। उन्होनें यह भी कहा कि मतदान के पूर्व और मतदान के दिन पोलिंग पार्टी को पुरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ कलस्टर और बुथो तक ले जाना पुलिस के लिए चुनौती रहती



है, इस चुनौती को हम जिम्मेदारी पूर्वक लेकर अपना ड्यूटी कैसे करेंगे, उस पर गंभीरता से सोच विचार करने की जरुरत है। सभी थाना प्रभारी और इंस्पेक्टर को अपने अपने क्षेत्र के बुथो के रुट चार्ट बनाने, बुथो को चिन्हित करने को लेकर भी दिशा निर्देश दिया गया। इसको लेकर एसडीपीओ ने कहा कि वरिय अधिकारी के निर्देश पर हमारे क्षेत्र में जो भी थाना आता है, मसलन घाटशिला, मउभंडार, धालभूमगढ़, श्यामसुंदरपुर, बहरागोड़ा, बड़शोल, चाकुलिया सभी थाना के थाना प्रभारी और इंस्पेक्टर के साथ बैठक कर लोक सभा चुनाव को लेकर दिशा निर्देश दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### लोस चुनाव को लेकर महिला कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**पूसू प्रतिनिधि चाईबासा।** महिला कॉलेज के बी.एड. मल्टीपरपस हॉल में शुक्रवार को लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी ने मतदाता प्रतिज्ञा ली। इलेक्ट्रोल लिट्रेसी क्लब के मास्टर ट्रेनर जगबंधु दास ने जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्य से अवगत कराया। तत्पश्चात वीडियो के माध्यम से विमेन वोटर्स, थर्ड जेंडर वोटर्स इत्यादि के बारे में बताया गया। उन्होंने 1950 टॉल फ्री नंबर की जानकारी दी। जिसके द्वारा कोई भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने सक्षम ऐप पर उपलब्ध फॉर्म 6 एवं फॉर्म 7 की जानकारी दी। आईक्यूएसी के को-ऑर्डिनेटर ने बताया कि जिला निर्वाचन कार्यालय पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के द्वारा छात्राओं के बीच जागरूकता लाने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। मोबारक करीम हाशमी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सेमेस्टर 2 की छात्रा वंशिका कुमारी ने मंच संचालन किया। मौके पर शीला समद, धनंजय कुमार, मदन मोहन मिश्रा, सालन पूर्ति और सेमेस्टर 1 और सेमेस्टर 2 की लगभग 150 छात्राएँ उपस्थित हुई।

### पाइप फटने से सड़क पर बह रहा है पानी

**पूसू प्रतिनिधि, चाकुलिया।** चाकुलिया नगर पंचायत क्षेत्र के पंप घर नंबर दो के पास सड़क के किनारे जलापूर्ति की पाइप फट जाने से हजारों लीटर पानी बेकार सड़क पर बहते हुए शुक्रवार को देखा गया । सड़क पर बेकार बह रहे पानी से आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । साथ ही नगर पंचायत क्षेत्र के कई इलाकों में पेयजल के लिए लोग परेशान हैं।फटी हुई पाइप से इतना अधिक पानी बह रहा है कि पास का गड्ढा भी पानी से भर गया है। जिसमें बीड़ी बस्ती के बच्चों को नहाते हुए भी देखा गया। उसके बाद भी नगर पंचायत प्रशासन तमाशबीन बना है। जलापूर्ति की पाइप फटने के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि एक माह से पाइप फटा हुआ है और पाइप से पानी बेकार बह रहा है। फटी पाइप की मरम्मत के लिए नगर पंचायत प्रशासन द्वारा कोई पहल नहीं हो रही है। इसी तरह नगर पंचायत कार्यालय से सटे लैंपस और प्रखंड कार्यालय के पास भी पाइप लीकेज होने के कारण दो जगहों पर भी पानी बेकार बह रहा है।

### बर्मामाइंस जयप्रकाश आश्रम परिसर में पेबर्स ब्लॉक का उद्घाटन

**पूसू प्रतिनिधि जमशेदपुर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा,जमशेदपुर महानगर के जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने बर्मामाइंस जयप्रकाश आश्रम में बिछाए गए पेबर्स ब्लॉक का उद्घाटन किया। मौके पर बर्मामाइंस मंडल अध्यक्ष दुर्गा राव, महामंत्री बबलू कुमार, मुखिया दिजोपद महतो, नवीन कुमार, ईश्वर राय, रविन्द्र ठाकुर, फिरोज, राजेश शर्मा, गोविंद सिंह, मनोज कुमार, दबाऊ, मंगल कुमार, अंबिका भाई, अनिल कुमार, गाजी बेग, गुरुचरण सिंह, रुक्मणि देवी, संजू देवी, रोमनी देवी, कुंती देवी, सावित्री महतो, रेणुका रजक, कौशल्या महतो, लक्ष्मी महतो, अर्चना महतो, कल्पना महतो, राधिका महतो इत्यादि बड़ी संख्या में आश्रमवासी उपस्थित थे।



### सेवानिवृत शिक्षक को दी गई विदाई



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** मध्य विद्यालय सुंदरनगर के शिक्षक पार्थ प्रतिम सरकार के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें धूमधाम से विदाई दी गई। इसके लिए शुक्रवार को विद्यालय परिसर में एक समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन दुर्गा मुर्मू ने किया। जबकि अध्यक्षता मध्य विद्यालय करनडीह के प्रधानाध्यापक शांति सोरेन ने किया। इस कार्यक्रम में संकुल साधन सेबी संजय कुमार ने कहा कि सेवानिवृत होना सरकारी परंपरा है। एक न एक दिन सभी को सेवानिवृत्ति होना है। लेकिन बच्चों को तालीम देने वालो को बच्चे हमेशा मरते दम तक याद रखेंगे। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिका क्रमशः विजय गोपाल जाना ,भारती जाना, शांति सोरेन, दुर्गा मुर्मू ,स्मृति हसदा, श्रीनिवास सिंह, रोज दे आदि शिक्षक शिक्षिकाओं एवं रसोईया मालहो बेसरा अन्य लोग ग्रामीण उपस्थित थे।

# एक बार फिर रक्तदान में इतिहास रचने की तैयारी

## टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के महामंत्री व अध्यक्ष का प्रयास काबिले तारीफ

**पूसू , जमशेदपुर।** शहर की प्रतिष्ठित औद्योगिक घराने की यूनियन टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन रक्तदान में इतिहास रचने की तैयारी में एक बार फिर से जुटा है। पूरा यूनियन महामंत्री आरके सिंह एवं अध्यक्ष गुरमीत सिंह के दिशा-निर्देशों पर तैयारियों में जी जान से लगा है। यूनियन प्रचार-प्रसार कर मजदूरों, आम जनों, शहरवासियों, पंचायत के लोगों को रक्तदान जैसे महान कार्य से जोड़ने के लिए लगातार प्रयासरत है। बताते चलें कि इस बार संस्थापक दिवस, 3 मार्च को यूनियन प्रांगण में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। यूनियन के पदाधिकारियों, आरके सिंह फैंस क्लब एवं कमेटी मेंबरों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई है। विदित हो कि इससे पूर्व यूनियन के पूर्व महामंत्री स्वर्गीय गोपेश्वर लाल की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित की गई थी जिसमें 1772 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ था।




फलस्वरूप कीर्तिमान स्थापित हुई थी। ऐसे में एक बार फिर यूनियन के महामंत्री व अध्यक्ष टाटा साहब के जन्म दिवस को यादगार बनाने एवं जीवन रक्षा के लिए जरूरी रक्त एवं इसकी कमी को दूर करने के लिए प्रेरणादायक पहल की है। उपरोक्त रक्तदान शिविर को लेकर न सिर्फ कंपनी के कर्मियों बल्कि शहरवासियों में भी खासा उत्साह है। टाटा के प्रति श्रद्धाभाव रखने वाले हर उम्र वर्ग के लोगों ने आगामी 3 मार्च को रक्तदान करने का मन बनाया है। उधर टेल्को कॉलोनी में रक्तदान की अपील करते हुए बड़े-बड़े होडिंग लगाए गये हैं। ध्वनि विस्तारक यंत्र से रक्तदान में हिस्सा लेने की अपील की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि लगभग सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। शहर के गणमान्य लोगों, कंपनी के वरीय अधिकारियों , प्रशासनिक अधिकारियों समेत राजनीति क्षेत्र के लोगों को उक्त रक्तदान में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। 3 मार्च को सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक इच्छुक लोग रक्तदान कर सकते हैं।

### आईए इस पुनीत कार्य का हिस्सा बनिए-महामंत्री

महामंत्री आर के सिंह ने बताया कि जमशेदपुर ब्लड बैंक के अनुरोध पर रक्तदान की तिथि में फेरबदल किया गया है। इस बार संस्थापक दिवस 3 मार्च को रक्तदान शिविर का आयोजन होने जा रहा है। मैं शहरवासियों एवं कर्मियों से इस पुनीत कार्य का हिस्सा बनने का अपील करता हूं।

# टाटा से बादाम पहाड़ जाने वाली नई मेनू ट्रेन का सिदिरसाई हॉल्ट में भव्य स्वागत

**पूसू प्रतिनिधि, पोटका।** भारतीय रेल चक्रधरपुर प्रमंडल द्वारा टाटा से बादाम पहाड़ हेतु शाम 6:00 बजे टाटानगर से रवाना होने वाली मेनू ट्रेन का सिदिरसाई हॉल्ट में हॉल्ट निर्माण समिति द्वारा भव्य स्वागत करते हुए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। हॉल्ट निर्माण समिति के साथ-साथ ग्रामीणों ने नई ट्रेन के सौगात को सराहा। इस ट्रेन के चलने से मजदूर वर्गों को काफी फायदा होगा ज्यादातर देखा जाता है शाम के समय टाटानगर में काम करने वाले सभी मजदूर ऑन रोड खचाखच भरी गाड़ी में आते हैं, अभी वे ट्रेन का सफर करते हुए घर तक आ पाएंगे। वहीं हॉल्ट निर्माण समिति ने माननीय सांसद एवं सभी रेल विभाग के



अधिकारियों व रेल मंत्री से प्रेस के माध्यम से आग्रह भी किया है कि जिस तरह इस ट्रेन के चलने से मजदूरों को ट्रेन से वापस लौटने में सहूलियत होगी उसी तरह मजदूरों को जाने में सहूलियत हो इस बात को ध्यान में रखते हुए भी सुबह बादाम पहाड़ से टाटानगर हेतु एक ट्रेन का परिचालन किया जाए। स्वागत समारोह में सिदिरसाई हॉल्ट निर्माण समिति के अध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य रामेश्वर पत्रों, जयहरी सिंह मुंडा, उज्वल कुमार मंडल, धनंजय सरदार, मुखिया प्रतिनिधि शिवचरण सरदार, रविंद्र सरदार चरण, सरदार,संजय सरदार हीरामोहन सरदार,सुबोध सरदार, कस्तूरी सरदार, अमित सरदार कार्तिक सरदार आदि मौजूद थे।

# दस लाख से ज्यादा के कैश ट्रांजेक्शन करने पर बैंकों को व्यय लेखा कोषांग को करना होगा सूचित



**पूसू प्रतिनिधि जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां तेज हो गई हैं। चुनाव को लेकर जिले में बने सभी कोषांग सक्रिय हो गए हैं। इसी के तहत उपायुक्त अनन्य

**➲ उपायुक्त अनन्य मित्तल ने बैंकों के जिला समन्वयक के साथ की बैठक**

मित्तल की अध्यक्षता में सभी बैंकों के जिला समन्वयक के साथ बैठक हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर बैंक प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देशा दिया गया। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि बैंक यह सुनिश्चित करेंगे कि बाह्यय स्त्रोत एजेंसियों / कंपनियों से नकदी ले जानेवाली गाड़ियां किसी भी परिस्थिति में बैंक की नकदी के अतिरिक्त किसी अन्य पक्ष की नकदी अपने साथ वाहन में नहीं रखेंगे। बाह्यय स्त्रोत एजेंसी / कंपनी के पास बैंकों द्वारा जारी पत्र/दस्तावेज इत्यादि होने चाहिए जिसमें उन्हें बैंकों द्वारा दी गई नकदी की विवरणी एवं किसी प्रयोजन हेतु राशि उपलब्ध कराया गया है (जैसे-एटीएम मशीनों में भरने / अन्य शाखाओं अथवा बैंकों में रखने आदि) का उल्लेख होगा। बाह्यय स्त्रोत एजेंसियों / कंपनियों के कार्मिक (जो नकदी ले जाने वाली गाड़ी के साथ जा रहे हैं) के पास संबंधित एजेंसी द्वारा जारी किया गया पहचान पत्र उपलब्ध रहना चाहिए। साथ ही निर्वाचन प्रकिया के दौरान प्रतिनियुक्त किए गए उड़नता दल / स्थैतिक निगरानी दल के द्वारा इन गाड़ियों को रोका जाता है तो उनके द्वारा सत्यापन किया जायेगा।

बैंक प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि 10 लाख रू या इससे ऊपर का कैश ट्रांजेक्शन किसी बैंक खाता में हो तो इसकी सूचना व्यय लेखा कोषांग को दें। निष्पक्ष एवं त्रुटिरहित लोकसभा चुनाव संपन्न कराने में सभी से सहयोग की अपील की गई। बैठक में बताया गया कि चुनाव लड़नेवाले अभ्यर्थियों के द्वारा नया बैंक एकाउंट खोला (बैंक/पोस्ट ऑफिस / कॉपरेटिव बैंक) जाना है। यह बैंक खाता अभ्यर्थी के नाम से अथवा उसके निर्वाचन अभिकर्ता के साथ संयुक्त रूप से हो सकता है। संबंधित बैंक के द्वारा प्राथमिकता देते हुए उस व्यक्ति का खाता खोला जायेगा। साथ ही चुनाव प्रकिया के दौरान अभ्यर्थी एवं उसके अभिकर्ता के द्वारा उक्त खाते से किये जानेवाले ट्रांजेक्शन (जमा एवं निकासी) में बैंक के द्वारा प्राथमिकता दिया जायेगा। इसके अलावा बैठक में ईएसएमएस और इससे जुड़े एप के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम से किस प्रकार चुनाव में अनैतिक गतिविधियों पर रोकथाम लगाया जा सकता है इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी, परियोजना निदेशक आईटीडीए, एसडीएम धालभूम समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डीसी-एसएसपी ने सभी कोषांगो के नोडल पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** उपायुक्त अनन्य मित्तल ने वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल के साथ समाहरणालय सभा कक्ष में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर गठित कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों, प्रभारी पदाधिकारियों और सहायक प्रभारी पदाधिकारिओं के साथ बैठक किया। बैठक मे उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिटी एसपी मुकेश लुणायत, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा शामिल हुए। इस दौरान लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर गठित विभिन्न कोषांगों को उनके दायित्व के बारे में अवगत कराया गया और स्पष्ट कार्य योजना बनाने और कार्यों को सुनियोजित तरीके से निष्पादित करने से संबंधित दिशा निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने क्रमवार सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों और प्रभारी पदाधिकारियों से उनके कोषांग के कार्य योजना आदि की विस्तार से जानकारी ली। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक कोषांग का जो दायित्व है, उसका निष्पादन वरीय पदाधिकारी अपने देख रेख में ससमय पूरा करना सुनिश्चित करेंगे। समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने प्रशिक्षण कोषांग को मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण को संचालित करने, कर्मियों का डाटा बेस तैयार करने, लंबित इंट्री को अविलंब पूरा करने का निर्देष दिया। वाहन कोषांग को वाहनों की संख्या का मूल्यांकन करने, वाहनों की उपलब्धता एवं आकलन की पूर्ण जानकारी देने का निर्देश दिया।आगामी चुनाव के वयवस्तिथ संचालन को लेकर दुरस्थ क्षेत्रों से आवागमन के विभिन्न पहलुओं को क्लस्टर बद्ध बांटते हुए रूट चार्ट तैयार करने का निर्देष दिया। स्वीप कोषांग के अंतर्गत उन्होंने निर्देश दिया कि सभी सरकारी, गैर सरकारी संगठनों, संस्थाओं इत्यादि में वृहद स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी की भूमिका एवं सहभागिता महत्वपूर्ण है इसलिए सभी बढ़-चढ़कर इसमें हिस्सा लेने के लिए योजनाबद्ध ढंग से मतदाता जागरूकता गतिविधि संचालित करने का निर्देश दिया। पोस्टल बैलेट-सुविधा केंद्र जल्द स्थापित करने, दिव्यांग मतदाताओं को सूचीबद्ध करते हुए सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देष दिया तथा सामग्री कोषांग, ईवीएम कोषांग, प्रेक्षक कोषांग आदि को लेकर संबंधित कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### 23 मार्च को ऐतिहासिक होगी शहीद समान यात्रा- काले

### अखंड तिरंगा यात्रा की 'नमन' ने शुरू की तैयारियां



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था 'नमन' द्वारा 23 मार्च शहादत दिवस पर आयोजित अखंड तिरंगा यात्रा सह शहीद सम्मान यात्रा हेतु संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने न्यू बारीडीह पार्क, सीनियर सिटीजन ग्रुप, भालूबासा, श्री श्री बजरंग विजय मंदिर, जंबू अखाड़ा समिति आदि क्षेत्रों में आयोजित बैठकों में शामिल होकर स्थानीय युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ जनों को यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया। इस मौके पर श्री काले ने कहा कि देशहित में अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले अमर बलिदानियों के ओजस्वी व अनुकरणीय व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में सदैव समर्पित भाव से सतत कार्य करने का संकल्प लें। इन बैठकों को सफल बनाने में बंटी सिंह, रणबीर मंडल, बिरेंद्र चौबे, रविन्द्र मास्टर, श्रीराम शर्मा, जंग बहादुर सिंह, देवाशीष झा, सूरज बाग, बिनोद गोराई, अनील शर्मा, आरती मुखी, रंजीता राय, चून्नु लाल पातर, एस आनंद राव, राजपती देवी, एस डी पांडेय, एस पांडे, मिथलेश चौधरी एवं अन्य की भूमिका रही।

### कनवाई चालको का अनिश्चितकालीन धरना शुरू, आप समेत कई दलों का मिला समर्थन

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** वेतन, बोनस एवं इंश्योरेंस को लेकर लंबे समय से जुड़े आंदोलन कर रहे टाटा मोटर्स के कनवाई चालकों का अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार से शुरू हो गया। इसके साथ ही समर्थन देने वाले भी पहुंचने लगे। धरना स्थल पर आदमी पार्टी के रईस अफरीदी, प्रदेश संयुक्त सचिव एवं महानगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार जिला कमेटी के सदस्यों के साथ उपस्थित हुए। सभी ने मजदूरों को विश्वास दिलाया की पार्टी उनके साथ खड़ी है। वहीं भारतीय जनता पार्टी टेल्को मंडल के दिवाकर सिंह भी धरना स्थल पर पहुंचे तथा कनवई चालकों के मांगों का समर्थन किया। चालकों को संबोधित करते हुए ज्ञान सागर प्रसाद एवं विनोद कुमार सिंह ने कहा कि टाटा मोटर्स प्रबंधन कानवाई चालकों का हक नहीं दे रही है। जिसके कारण आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ा। धरना में प्रमुख रूप से बलदेव सिंह, जयप्रकाश सिंह, भगवान सिंह, वीरेंद्र पाठक, विवेक कुमार, जसपाल सिंह, संतोष कुमार, त्रिलोकी चौधरी, त्रिलोचन सिंह, जुगल प्रसाद, संजय केसरी, हरिशंकर प्रसाद समेत अन्य शामिल हुए।

### बागबेड़ा में फाइलेरिया मुक्त अभियान की शुरुआत

**पूसू प्रतिनिधि जमशेदपुर।** बागबेड़ा कॉलोनी पंचायत अंतर्गत कुंवर सिंह मैदान से शुक्रवार को फाइलेरिया मुक्ति अभियान की शुरुआत की गई। इस मौके पर जुगसलाई अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एमए अंसारी ने पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता को फाइलेरिया की तीन गोली की खुराक खिलाकर इस अभियान की शुरुआत की।। तत्पश्चात उप मुखिया संतोष ठाकुर एवं मुखिया राजकुमार गौड को फाइलेरिया की दवा खिलाई गई। उसके पश्चात स्थानीय बच्चों सहित सारे लोगों के बीच दवा का वितरण किया गया। सीएचसी प्रभारी ने कहा कि दर्जनों स्वास्थ्यकर्मी एवं सहिया बागबेड़ा कॉलोनी के एक-एक घर में फलेरिया की दवा खिलाने का कार्य कर रही हैं ताकि फलेरिया की बीमारी से बचाव हो सके। इस मौके पर फलेरिया जागरूकता अभियान भी चलाया गया। जिसमें फलेरिया बीमारी से बचाव, फाइलेरिया के लक्षण, फाइलेरिया का फैलने इत्यादि से संबंधित विस्तृत रूप से स्थानीय लोगों को बताया गया। इस मौके पर उप मुखिया संतोष ठाकुर, वार्ड सदस्य सीमा पांडे, उमेश पांडे, प्रतिनिधि राजकुमार सिंह, स्वास्थ्यकर्मी बबलू मन्ना, समाजसेवी भोला झा, मिथिलेश कुमार सिंह, सहिया रेखा देवी, गीत देवी, उषा देवी, रीता शर्मा, डुली मुर्मू, रजनी देवी, पंचमनी देवी, रिंकी देवी, रंजू देवी उपस्थित थे।

### जुगसलाई, बागबेड़ा, परसुडीह क्षेत्र में बिजली और पानी की आपूर्ति करे जुस्को- कन्हैया

**पूसू प्रतिनिधि जमशेदपुर।** आजसू का एक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को टीएसयूआईएसएल (पूर्ववर्ती जुस्को) के जीएम कैप्टन धनंजय मिश्रा से मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र की जनसमस्याओं से अवगत कराते हुए उनसे निदान की मांग की। आजसू जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने क्रमवार जनसमस्याओं की गिनती कराई और उसके निदान के लिए विशेष अनुरोध किया साथ ही क्षेत्र की जनसमस्याओं को क्रमवार बताया। जिसमें बागबेड़ा, जुगसलाई, परसुडीह क्षेत्र में बिजली और पानी की आपूर्ति शहरी क्षेत्र की तर्ज पर करने, शहर में जुस्को द्वारा निर्मित पार्कों को 8 बजे के बजाय 10 बजे तक खुला रखने, सभी पार्कों में शौचालय की व्यवस्था की जाए, शहर के गरीब बस्तियों में पेयजल की सुविधा चिन्हित सार्वजनिक स्थल पर किया जाए, जुगसलाई थाना के समीप पावर हाउस गेट में मजदूरों के जाने और आने के लिए (फूट ओवर ब्रिज )का निर्माण हो, शहर में यातायात सुविधा हेतु शहर में फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण हो ताकि आम जनमानस को जाम से मुक्ति मिले तथा गोलमुरी जोगार्स पार्क में हाई मास्क लाइट लगाने और गेट सौंदर्यीकरण जल्द से जल्द हो। इसके साथ ही कन्हैया सिंह ने कहा की टाटा स्टील अपनें नाम के अनुरूप कार्य करे। लेकिन वर्तमान समय में जुस्को द्वारा शहर को अव्यवस्थित किया जा रहा है। शहर में आए दिन जाम लगे रहता हैं। लोग परेशानियों से जूझ रहें है। जाम के कारण कई लोगो की मृत्यु हो जाती है। वहीं कई लोगो की ट्रेन और बस छूट जाती है।

# गरीब कन्या के दहेज रहित विवाह में दीनबंधु ट्रस्ट ने किया सहयोग

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** मानगो क्षेत्र के रहने वाली एक गरीब परिवार की बेटी की शादी में दीनबंधु ट्रस्ट द्वारा राशन सामग्री देकर सहयोग किया। उक्त विवाह दहेज रहित किया जा रहा है। ट्रस्ट के अध्यक्ष उत्तम चक्रवर्ती ने अन्य ट्रस्टियों के साथ उक्त राशन सामग्री गरीब कन्या के घर जाकर उनके परिजन को भेट स्वरुप प्रदान की । इस मौके पर श्री चक्रवर्ती ने कहा कि दीनबंधु ट्रस्ट गरीबों के उत्थान के साथ साथ बाल विवाह पर रोक , बालश्रम उन्मूलन और दहेज रहित विवाह के लिए समय समय पर जागरूकता अभियान भी चलाती है । इसी कड़ी में आज एक गरीब कन्या के दहेज रहित विवाह में राशन सामग्री देकर सहयोग किया गया। इस दौरान अन्य ट्रस्टियों में मुख्य रूप से सुनीता पोयरा, एक्यूप्रेशर थेरैपिस्ट शशिकांत, नागेन्द्र जी , दिलीप मंडल, कंचन यादव आदि उपस्थित थे।



# स्कूलों में बांग्ला में पठन-पाठन का मामला मंगल ने सदन में उठाया



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** विधायक मंगल कालिंदी ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि झारखंड राज्य के अधिकांश जिलों में बांग्ला भाषा भाषी लोग रहते हैं जिनकी मातृभाषा बंगाला है। जिले में बांग्ला भाषा, बांग्ला लोकचार,बांग्ला उत्सव, बंगाल लोक कला आज भी जीवित है। एकीकृत बिहार के समय स्कूलों में बांग्ला पठन-पाठन तथा शिक्षकों की भी नियुक्ति होती थी। परंतु आज तक बांग्ला भाषा के लोग इससे वंचित है। उन्होंने लोकहित में स्कूलों में बांग्ला में पठन -पाठन के साथ-साथ बांग्ला विषयों के शिक्षकों की नियुक्ति की सरकार से मांग की।

# सिंहभूम की जनता महागठबंधन को सिखाएगी सबक : मंजीत कोड़ा

**पूसू प्रतिनिधि जगन्नाथपुर।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मंजीत कोड़ा ने

**➲ झामुमो को आदिवासी मूलवासी दलित पिछड़ा और अल्पसंख्यकों के हित से कोई लेना देना नहीं**

प्रेस बयान जारी कर कहा की झामुमो, कांग्रेस महागठबंधन के नेताओं को दूसरों पर कीचड़ उछालने से पहले अपने गिरेवान में झाँकना चाहिए। झामुमो को याद होना चाहिए कि भाजपा ने कोल्हान का सबसे बड़ा संगठन आदिवासी हो समाज महासभा को कला संस्कृति का बढ़ावा के लिये भवन दिया है। हो भाषा को द्वितीय राज भाषा का दर्जा दिया। आदिवासी समाज की महिला को राष्ट्रपति बनाया है, जो आदिवासी समाज के लिये गर्व की बात है। जिला अध्यक्ष श्री कोड़ा ने आगे कहा की हेमंत है तो हिम्मत है की नारा देने वाली हेमंत सरकार चार साल में एक भी वादा पूरा नहीं कर पाई है। झारखण्ड के बेरोजगार युवा सड़क पर उतर का बेरोजगार भत्ता और नौकरी का मांग कर रहे है। अबुआ आवास योजना में ग्रामीणों को ठगा गया। सरकार की यह योजना कबुआ आवास योजना साबित हो रही है। जहाँ तक सांसद गीता कोड़ा और पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा का पार्टी शामिल होने का बात है, भाजपा सबका साथ सबका विकास के नारा के देश की जनता का सेवा कर रही है। इसी से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए है। आगामी चुनाव में भाजपा सिंहभूम सहित झारखण्ड की सभी 14 लोकसभा सीट पर चुनाव जीतेगी। झामुमो के पास कोल्हान से दो मंत्री है। एक राज्य के मुख्यमंत्री और दूसरा परिवहन व जनजातीय मामले के मंत्री है। इचा खरखाई डैम वर्षो पुरानी मांग है। दोनों मंत्री डैम को रद्द करते हुए 126 गाँव के लोगों को बेघर होने से क्या बचायेंगे।




# सूर्य मंदिर समिति सिदगोड़ा का निबंधन रद्द करने के मामले में जल्द निर्णय लेगी सरकार

**पूसू प्रतिनिधि जमशेदपुर।** सूर्य मंदिर समिति सिदगोड़ा का निबंधन रद्द करने के मामले में सरकार

**➲ सरयू राय के सवाल पर विभागीय मंत्री ने दिया आश्वासन**

जल्द निर्णय लेगी। उक्त आश्वासन विभागीय मंत्री हफीजुल हसन ने विधानसभा में दिया। इस संबंध में विधायक सरयू राय ने एक अल्पसूचित प्रश्न के तहत सरकार से जवाब मांगा था। जिसके जवाब में सरकार ने विधानसभा में स्वीकार किया कि पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त ने (पत्रांक-2162, दिनांक 29 दिसंबर 2022) सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1860 में निबंधित जमशेदपुर की संस्था 'सूर्य मंदिर समिति' का निबंधन रद्द करने एवं संस्था के विरूद्ध जाँच करने के लिए निबंधन महानिरीक्षक, झारखण्ड से अनुशंसा की थी। निबंधन मंत्री ने यह भी बताया कि राज्य के निबंधन महानिरीक्षक ने इस मामले की जाँच के लिए बिहार संस्था नियमावली (झारखण्ड द्वारा अंगीकृत) के नियम-12 के तहत (कार्यालय आदेश संख्या-295, दिनांक 27 सितंबर 2023) द्वारा एक त्रि-सदस्यीय समिति गठित की है। जिसमें उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम का एक प्रतिनिधि भी शामिल है। मंत्री ने आगे कहा कि 26 फरवरी 2024 को पत्र भेजकर पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त से जाँच समिति के लिए एक प्रतिनिधि नामित करने के लिए कहा गया। पर अभी तक उन्होंने अपना प्रतिनिधि नामित नहीं किया है। इसलिए निबंधन कार्यालय के निरीक्षक कोल्हान प्रमण्डल सुजीत कुमार और सहायक निबंधन महानिरीक्षक संतोष कुमार को निदेशित किया गया है कि वे एक सप्ताह के अंदर उपायुक्त से सम्पर्क स्थापित कर उनका प्रतिनिधि नामित करवाना सुनिश्चित करे और अविलंब जाँच पूरी करे। मंत्री ने कहा कि दस दिनों के भीतर जाँच पूरी कर ली जायेगी।



# बार एसोसिएशन का चुनाव लड़ेंगे अधिवक्ता सुधीर



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के सुप्रीमो राज ठाकरे के खिलाफ मुकदमा कर पूरे देश में चर्चित हुए जमशेदपुर बार एसोसिएशन के वरीय सदस्य सुधीर कुमार पप्पू वकील समुदाय के पहचान सम्मान और स्वाभिमान के मुद्दे पर आगामी चुनावी मैदान में उतरेंगे। जमशेदपुर बार एसोसिएशन की मतदाता सूची को अंतिम रूप देने का काम चल रहा है और शनिवार को झारखंड राज्य बार काउंसिल के वरीय सदस्य अधिवक्ता राम सुभग सिंह के नेतृत्व में टीम जमशेदपुर पहुंच रही है। उनके आते ही मतदाता सूची को संभवत अंतिम रूप दे दिया जाएगा और फिर चुनावी रणभेरी बजेगी। चुनाव की सुगबुगाहट के साथ ही संभावित प्रत्याशियों की ओर से तैयारी होने लगी है।

# उद्भव सिंचाई योजना के तहत जल संसाधन मंत्री से मिले मंगल कालिंदी

**पूसू प्रतिनिधि, पटमदा।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने शुक्रवार को जल संसाधन विभाग के मंत्री वसंत सोरेन के साथ रांची में मुलाकात करते हुए पटमदा व बोड़ाम अंचल के लिए उद्भव सिंचाई योजना के तहत सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में विधायक ने कहा है कि जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पटमदा एवं बोड़ाम अंचल कृषि आधारित क्षेत्र है। पानी के अभाव में किसान सालों भर कृषि कार्य नही कर पाते हैं। जबकि यंहा के लोगों के आय का मुख्य स्रोत कृषि ही है। पटमदा एवं बोड़ाम क्षेत्र के अनाज झारखंड के अलावे पश्चिम बंगाल व ओड़िसा के विभिन्न जिलों में भेजी जाती है। अल्पवर्षा अथवा सुखाड़ होने से यंहा के किसानों की स्थिति काफी दयनीय हो जाती है। इस संबंध में जल संसाधन मंत्री वसंत सोरेन ने विधायक को सकारात्मक आश्वसान दिया है।



# महाभंडारा में 25 हजार से अधिक भक्तों ने किया प्रसाद ग्रहण

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** सिदगोड़ा श्रीराम मंदिर स्थापना के चतुर्थ वर्षगांठ सह श्रीराम कथा

**➲ 20 काउंटर पर महाप्रसाद, 10 काउंटर पर की गई थी पानी की व्यवस्था**

समापन के मौके पर शुक्रवार को महाभण्डारा का आयोजन किया गया। जिसमे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके लिए सूर्यमंदिर परिसर के शंख मैदान में 20 कांउटर लगाए गए थे। वहीं, मैदान के बाहर 10 काउंटर शीतल पेय के लगाए गए थे। प्रसाद के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पंडाल में दोनों तरफ मंदिर कमेटी ने प्रसाद वितरण की व्यवस्था की थी। दोपहर 12 बजे से लेकर देर शाम तक चले भंडारे में करीब 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा में श्रद्धालुओं को महाप्रसाद के रूप में खिचड़ी, सब्जी, चटनी, खीर एवं बुँदियाँ का महाभोग परोसा गया। सूर्य मंदिर समिति ने महाभण्डारा के सफलतापूर्वक समापन पर मंदिर समिति के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के संग निरंतर बैठक कर रूपरेखा बनाई थी। दोपहर 12 बजे से देर शाम तक चले भंडारा में सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह समेत समिति के वरीय सदस्यगण एवं पदाधिकारी शरूआत से अंत तक डटे रहे और काउंटर पर जाकर स्थिति की जानकारी लेते रहे। विशाल भंडारा में महाप्रसाद ग्रहण करने को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखा गया। विशाल भंडारा में समरसता की झलक देखने को मिली।



### हवन एवं पूर्णाहुति के साथ हुआ समापन

इससे पहले, सात दिवसीय श्रीराम कथा एवं ग्यारह दिवस अनुष्ठान का समापन हवन एवं पूर्णाहुति के साथ हुआ। सूर्य मंदिर समिति के सदस्यों और श्रद्धालुओं ने हवन कुंड के समीप एकत्रित होकर हवन एवं पूर्णाहुति किया। इस दौरान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सभी को विधिवत पूजन कराया।

संत निरंकारी मंडल एवं राधा स्वामी तरण तारण के सदस्यों ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया। महाभण्डारा में संत निरंकारी मंडल के सदस्य एवं राधा स्वामी तरण तारण के दर्जनों सदस्यों ने प्रसाद वितरण के लिए बनाए गए सभी काउंटर पर सेवा प्रदान की। इस दौरान महिला एवं पुरुष सदस्यों ने शुरुआत से लेकर अंत तक श्रद्धालुओं की सुविधा का हरसंभव ख्याल रखते हुए लगातार सेवा प्रदान की। इस विशिष्ट सेवा के लिए सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने सभी सदस्यों को धन्यवाद व्यक्त करते हुए आभार जताया।

### कार्यक्रम में यह लोग रहे मौजूद

इस दौरान पूर्व विधायक मेनका सरदार, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, महासचिव अखिलेश चौधरी, अमरजीत सिंह राजा, शैलेश गुप्ता, शशिकांत सिंह, रूबी झा, कृष्ण मोहन सिंह, बंटी अग्रवाल, कंचन दत्ता, प्रेम झा, प्रमोद मिश्रा, मिथिलेश सिंह यादव, चंद्रशेखर मिश्रा, रामबाबू तिवारी, गुंजन यादव, दिनेश कुमार, राकेश सिंह, कमलेश सिंह, कुलवंत सिंह बंटी, कुसुम पूर्ती, सुशांत पांडा, पवन अग्रवाल, कल्याणी शरण, खेमलाल चौधरी, नारायण पोद्दार, बिनानंद सिरका, सुरेश शर्मा, संतोष ठाकुर, दीपक झा, हेमंत सिंह, संदीप शर्मा बौबी, संजय सिंह, अमरेन्द्र पासवान, अमित अग्रवाल, धर्मेंद्र प्रसाद, कुमार अभिषेक, रॉकी सिंह, अशोक सामंत, संतोष कुमार, गौतम प्रसाद, राकेश राय, निकेत सिंह, कुमार आशुतोष, सतीश कुमार, उमेश गिरी, मुकेश दास, आकाश दास, अनिकेत रॉय, निर्मल गोप, रुपा देवी, प्रमिला साहू, कमला साहू, सरस्वती देवी, आशा देवी, उर्मिला देवी, गंगा देवी, नीलम देवी, शोभा देवी, कान्ता देवी, हीरा देवी, राकेश राय, ओम पोद्दार समेत अन्य अन्य उपस्थित थे।

# सनातन उत्सव समिति ने पीएम मोदी के समर्थन में साकची बाजार में चलाया स्टिकर अभियान

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** हिंदुवादी संगठन सनातन उत्सव समिति ने शुक्रवार को साकची बाज़ार में स्टिकर अभियान चलाया जो राम को लाये हैं, हम उनको लायेंगे के संकल्प से प्रेरित समिति ने पीएम मोदी के समर्थन में डोर टू डोर अभियान चलाकर स्टिकर चस्पा किया और लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान का आग्रह किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान महाबली हनुमान आकर्षण का केंद्र रहें. ढोल नगाड़े और भगवा झंडे के साथ सनातन उत्सव समिति के सदस्यों ने स्टिकर अभियान चलाया। इस दौरान समूचे साक्ची बाज़ार में 'जो राम को लाये हैं, हम उनको लायेंगे' का नारा गूँजता रहा। साकची बसंत सेंट्रल के नजदीक हनुमान मन्दिर में पूजा के बाद अभियान की शुरुआत हुई। पहले दिन दो हज़ार प्रतिष्ठानों और दुकानों में स्टिकर चस्पा हुआ। सनातन उत्सव समिति ने संस्था प्रमुख चिंटू सिंह ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम लला की स्थापना के बाद से हिंदू समाज काशी और मथुरा को लेकर आशांवित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा से लोगों की उम्मीदें बढ़ी है। सनातन उत्सव समिति ने स्टिकर अभियान चलाकर आम जनों से भाजपा के समर्थन में मतदान करने का आह्वाहन किया।

मौके पर विशेष रूप से चिंटू सिंह, जोगिंदर सिंह जोगी, आनंद आनंद, वीर सिंह, ललित राव, अमित सिंह, विक्रम पंडित, कुलदीप सिंह, आशीष मिश्रा, वीरेंद्र कुमार, सूरज ओझा, राहुल दुर्गे, सुभम झा, मनप्रीत सिंह, संजय शोना, रॉकी सिंह, कौशिक, एरिन श्रीवास्तव, अमन, राहुल मुंडा, सनी सिंह,दीपक शुक्ला,राज शर्मा, लक्की, रौनक् सिंह, पीयूष श्रीवास्तव, उमंग राज, रोहित सिंह सहित अन्य मौजूद थें।



दंगे एक्टर

# हर्षवर्धन राणे ने सुनाया स्ट्रगल का किस्सा



सनम तेरी कसम फेम एक्टर हर्षवर्धन राणे इन दिनों चर्चा में हैं अपनी नई फिल्म दंगे को लेकर। एक्टर ने इस फिल्म को लेकर अपने स्ट्रगल और पहली सैलरी और डिस्लेक्सिया जैसी प्रॉब्लम से पीड़ितो होने को लेकर ढेर सारी बातें की हैं।

➲आपने अपने करियर की शुरुआत सनम तेरी कसम जैसी फिल्म से की, साउथ में काफी काम किया, मगर हिंदी फिल्म जगत में आप चुनिंदा काम क्यों करते हैं

कुछ समय पहले एक स्टार के बेटे ने मेरी आंखों में आंखें डालकर कहा था, तेरे साथ सेल्फी सब लेंगे, मगर तेरी टिकट कोई नहीं लेगा। उस समय मुझे लगा था, इसने ऐसा क्यों कहा, मगर मैं उम्मीद कर रहा हूं कि उसकी ये बात कहीं सही साबित न हो जाए, क्योंकि उनकी बात तो सही है। लोगों ने सनम तेरी कसम की टिकट तो नहीं ली न लोगों ने फिल्म लैपटॉप पर देखी। शायद इसी वजह से पार्ट टू नहीं बनी। कॉमेंट्स में लोग लिखते हैं, पार्ट 2 क्यों नहीं बनाई अभी भी देर नहीं हुई है। अगर अभी भी लोग टिकट खरीद कर मेरी फिल्म देखें, तो निर्माता को समझ में आएगा कि इसे महज ऑनलाइन प्यार ही नहीं मिलता बल्कि लोग इसकी फिल्म थिएटर में भी देखना चाहते हैं। जहां तक चुनिंदा काम की बात है, तो मैं वही फिल्में देखना चाहता हूं, जो लोगों को टच करें। तारा वर्सेज बिलाल में मेरी परफॉर्मेंस ने कई लोगों को छुआ। तैश में भी लोगों को मेरा काम पसंद आया। सनम तेरी कसम में तो लोगों ने मुझे पसंद किया। मैं उम्मीद करता हूं कि दंगे में भी ऐसा ही हो। सच कहूं, तो मैं वेब सीरीज इसलिए भी नहीं कर पाया, क्योंकि वो मैं वो परिवार के साथ बैठकर देखना चाहता हूं। मैं गाली-गलोच वाला ऐसा कॉन्टेंट नहीं देना चाहता, जो मुझे अपने पैरंट्स या किसी और के सामने शर्मिंदा होना पड़े या आंखें चुरानी पड़े।

➲आप भले कॉलेज नहीं जा पाए, मगर हाल ही में आपने सायकॉलजी में डिप्लोमा लिया आप अपनी फिल्म में कॉलेज बॉय का रोल प्ले कर रहे हैं।

जी, मैंने हाल ही में कैंब्रिज से एक डिप्लोमा किया इमोशनल सायकॉलजी का। मैं मानता हूं कि एजुकेशन बहुत अहम हैं, मगर जो लोग पढ़ाई-लिखाई में अव्वल नहीं होते, इसका मतलब ये नहीं कि वे नकारा हैं। उस डिप्लोमा के बाद मुझे पता चला कि 9 तरह के इंटेलिजेंस होते हैं। स्कूल में हमें दो तरह के इंटेलिजेंस से वाकिफ कराया जाता है। एक है वर्बल और दूसरा है न्यूमेरिक। मैथ्स और लैंग्वेज, जबकि इसके अलावा स्पेस, म्यूजिकल, इंडक्टिव रीजनिंग जैसे 9 इंटेलिजेंस होते हैं। आप जब कहते हैं कि हमारा बच्चा स्कूल में अच्छे नंबर नहीं लाता, तो हो सकता है कि उसके पास कोई और विशेषता हो। मैं स्कूल में पढ़ाई-लिखाई में उतना मजबूत नहीं था। मगर बाद में मुझे पता चला कि मैं दूसरी चीजों में होशियार था। ये डिप्लोमा करके मुझे अच्छा लगा और आगे भी मैं पढ़ता रहूंगा। हालांकि निजी जिंदगी में तो मैं 12 वीं तक ही पढ़ा और उसके बाद घर से भाग गया था।

➲आपने घर से भागने के बाद बहुत संघर्ष किया। हॉस्टल में साफ-सफाई का काम किया, फोन बूथ पर नौकरी की, मगर सबसे मुश्किल क्या था

मुश्किल यही था कि मेरे सिर पर किसी का हाथ नहीं था। मेरे सिर पर बाप का साया नहीं था, तो मुझे ये पता था कि आज मुझे बुखार भी हो गया, तो मुझे दवा देने वाला कोई नहीं था। वहां मेरा अपना कोई नहीं था। मैं घर से भाग चुका था, मैंने ट्रेन पकड़ ली थी, हां रास्ता लंबा था। मैं खुश था, मगर 2009 में जब मेरे डेड नहीं रहे, तो मैं बहुत अकेला पड़ गया था। मैं उस वक्त दिल्ली में था।

➲वहां आपकी पहली कमाई क्या थी

मैं एक फोन बूथ पर नौकरी कर रहा था और उस वक्त मेरी पहली कमाई दस रुपए थी। जब मुझे वो दस रुपए मिले, तो भागकर गया, वहां एक दुकान पर 5 रुपए में दो पराठे और अनलिमिटेड राजमा मिलता था। मैंने दो पराठे और चार प्याज के साथ छक कर जो राजमा दबाया, क्या बोलूं मुझे याद है, उसकी दुकान पर खूब धुल-मिटटी उड़ा करती थी। खाने में धूल-मिट्टी भी थी, मगर मैं मांगता गया, वो देता गया। बाद में जब मेरे पास पैसे आए, तो मैं उसकी दुकान पर उसे कुछ पैसे देने भी गया था। मैं ये कैसे भूल सकता था कि उसकी दुकान पर एक अरसे बाद मैंने पेट भर खाना खाया था।

➲आप डिस्लेक्सिया (लर्निंग डिसऑर्डर) का शिकार भी रहे कब उबर पाए इससे

जितना आप इस डिसऑर्डर के बारे में पढ़ते जाते हैं, उतना ही इसके प्रति आपकी धारणाएं बदलती जाती हैं। जैसे कि मैंने पहले भी बताया कि अगर कोई पढ़-लिख नहीं पा रहा या लेट पढ़ रहा है, तो इसका मतलब ये नहीं कि वो फिसड्डी है। उसके अन्य इंटेलिजेंस उसे आगे ले जाते हैं। जहां तक इससे निकलने की बात है, तो ये लाइफ लॉन्ग प्रोसेस होता है। जैसे आप हकलाते हैं, तो आपका हकलाना कम होगा, मगर जाएगा नहीं। आप किसी ट्रिगर पॉइंट पर दोबारा हकला भी सकते हैं।

➲पिछले दिनों आपके द्वारा ली हुई कैंपर वैन (एक ऐसी वैन जिसमें रहने, सोने, किचन आदि सभी की व्यवस्था होती है) भी काफी चर्चा में रही

इसको लेने का बहुत बड़ा कारण था, मेरी फिल्म सनम तेरी कसम का न चलना। मेरा मानना है कि जो होता है, अच्छे के लिए होता है। क्या होता है न, जब किसी एक्टर की पहली फिल्म चलती है, तो उसके पास गाड़ी, घर, ऐशो-आराम सब कुछ आ जाता है, मगर मेरे साथ ऐसा नहीं हुआ।

मैंने खुद को लो मेंटेनेंस वाली लाइफ स्टाइल की तरफ मोड़ लिया। मैं एक 7 लाख की जीप चलाता हूं, उसको सालों से रगड़ रहा हूं। मेरी उस गाड़ी की सर्विसिंग 1800 में हो जाती है। मैंने ये प्रण लिया हुआ है कि जब तक मेरी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट नहीं होती, मैं घर नहीं लूंगा। मैं वो इंसान नहीं बनना चाहता, जो घर की ईएमआई भरने के लिए गाली-गलौज देने वाला काम करे। मैंने ऐसे अनगिनत प्रस्ताव ठुकराए हैं। मेरे कैंपर वैन में बाथरूम, किचन, सोने की जगह, कपड़ों का वार्डरोब सब कुछ है। उसे मैं देश के किसी भी कोने में ले जा सकता हूं। लगता है, सारा इंडिया मेरा घर है।

➲रिलेशनशिप के मामले में आप कितने लकी हैं

मैं इतना ही कहूंगा कि मैं रिलेशनशिप के मामले में बेइंतेहा लकी हूं। भगवान, मेरे पैरंट्स और मरहूम डैड का हाथ है इसमें। वो जो कहते हैं न दिल का मरहम, वो है मेरे पास। मैं इस बारे में बात करना पसंद नहीं करता, क्योंकि रिलेशनशिप की बातें करने के बाद आपको एक हफ्ते की अटेंशन मिलती है, मगर उसका आपकी फिल्म और करियर को कोई फायदा नहीं होता। मैं सोचता हूं कि क्या मैं यहां इसीलिए आया था छुपाने वाली बात नहीं है, बस मैं सोचता हूं, इससे मेरे काम को क्या फायदा मिलेगा मुझे नहीं करनी इस पर बात।

➲अगर आपकी आगामी फिल्म दंगे की बात करूं, तो इसमें आपके लिए क्या खास है

मेरे लिए इसमें सबसे पहला आकर्षण बिजॉय नाम्बियार थे। उनके साथ मैं तैश में पहले भी काम कर चुका हूं। क्रिएटर के रूप में मैं उनसे बहुत मोहब्बत करता हूं। मैं उन फिल्मकारों से ज्यादा कनेक्ट कर पाता हूं, जो अपने काम को लेकर पागल हैं, जुनूनी हैं। जो पसीना बहाकर, रो कर बाल नोच कर फिल्में बनाते हैं, मुझे उनसे प्यार हो जाता है। बिजॉय सर में वही पागलपन है। वे चाहते तो इस फिल्म को साउथ एक्टर अर्जुन दास और कालिदास के साथ बना सकते थे, मगर उन्होंने अलग-अलग कास्टिंग करके शॉर्टकट नहीं अपनाया।



बायोपिक शैक-द डाउट में

# पायल घोष निभाएंगी जीनत अमान का किरदार

एक्ट्रेस पायल घोष अपकमिंग बायोपिक शैक – द डाउट में गुजरे जमाने की सुपरस्टार जीनत अमान की भूमिका निभाएंगी। मशहूर एक्ट्रेस जीनत अमान ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 1970 में फिल्म द एविल विदइन से की थी। जीनत अमान को हरे रामा हरे कृष्णा, यादों की बारात, कुर्बानी, दोस्ताना और डॉन जैसी कई अन्य फिल्मों में अपने काम से पहचान मिली। 72 साल की जीनत अमान, इंस्टाग्राम पर भी एक ट्रेंडिंग पर्सनालिटी बन गई हैं। इस प्लेटफॉर्म पर उन्होंने फरवरी 2023 में डेब्यू किया था। वह अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी विभिन्न थ्रोबैक तस्वीरें और प्रोफेशनल अपडेट शेयर करती रहती हैं।

जीनत अमान के किरदार के बारे में बात करते हुए पायल घोष ने कहा, यह मेरे लिए एक बड़ा अवसर है। मैं वास्तव में खुश और भाग्यशाली हूं कि मुझ पर इतना विश्वास किया गया। मैं स्क्रीन पर ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व का किरदार निभा सकती हूं। एक्ट्रेस पायल घोष ने आगे कहा, जीनत अमान एक लीजेंड हैं। स्क्रीन पर उनका किरदार निभाना आज के समय के किसी भी एक्ट्रेस के लिए सबसे बड़े अवसरों में से एक है। मैं बहुत उत्साहित हूं। इस प्रोजेक्ट में अच्छा काम करने के लिए उत्सुक हूं। मैं रोमांचित हूं। मैं अपने प्रशंसकों से बस इतना वादा करना चाहती हूं कि मैं इसके लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगी। शैक - द डाउट का निर्देशन राजीव चौधरी ने किया है।

# 3 साल पहले सोनम बाजवा ने दिल्ली के लड़के संग की थी स्क्रीट वेडिंग पायलट हैं हसीना के पति !

सोनम बाजवा पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री के चर्चित नामों में से एक हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 2013 में पंजाबी फिल्म बेस्ट ऑफ लक से की थी। उनके चाहने वालों की गिनती में कोई कमी नहीं हैं। इसी बीच सोनम बाजवा को लेकर एक ऐसी खबर सामने आई है जिसे सुन हर कोई हैरान हो गया है। खबर है कि सोनम बाजवा शादीशुदा है। जी हां, आपने ठीक सुना। सोनम ने साल 2020 में दिल्ली बेस्ड शख्स से शादी रचाई थी। ऐसा हम नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर यूजर्स दावा कर रहे हैं। एक नेटिज़न ने ऋद्गस्त्रस्त्रद्बह्ल पर एक पोस्ट शेयर किया और दावा किया कि सोनम की शादी रक्षित अग्निहोत्री नाम के लड़के से हुई है। रिपोर्ट्स की मानें तो सोनम के पति वेस्ट दिल्ली के रहने वाले हैं और पेशे से पायलट हैं। उन्होंने 23 सितंबर 2020 को शादी कर ली और तब से वे बहुत निजी हैं। सोनम और रक्षित की एक कंपनी भी है जिसमें ये दोनों डायरेक्टर हैं। सोनम बाजवा की शादी की खबर उनके विशाल प्रशंसक वर्ग के लिए एक झटके के रूप में आई और उनकी प्रतिक्रियाएं इसका सबूत हैं। जैसे ही पोस्ट ऋद्गस्त्रस्त्रद्बह्ल पर सामने आई, कई उपयोगकर्ता पोस्ट के टिप्पणी अनुभाग में चले गए और इस पर अपना आश्चर्य व्यक्त किया।



# दीपिका सिंह ने बचपन का सपना किया पूरा

मंगल लक्ष्मी के लिए करवाई नोज पियर्सिंग



शो मंगल लक्ष्मी में अपने किरदार को लेकर एक्ट्रेस दीपिका सिंह ने नोज पियर्सिंग करवाई है। एक्ट्रेस ने कहा कि यह उनकी बचपन की इच्छा थी। दीपिका मंगल लक्ष्मी में अपने किरदार को लेकर बहुत रोमांचित हैं।

दीया और बाती हम में अपने किरदार से मशहूर एक्ट्रेस ने अपनी भूमिका पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, मैं बचपन से ही नोज पियर्सिंग करवाना चाहती थी। मैं हमेशा स्टिक-ऑन का उपयोग करती थी, हालांकि अपने इस किरादर के लिए मैंने यह कदम उठाया। यह मेरे ऊपर बेहद अच्छी लग रही है। नोज पियर्सिंग करवाने का अनुभव काफी यादगार और डरावना था। उन्होंने कहा, इसके लिए बहुत साहस की आवश्यकता थी। पहली बार मेरी नाक से खून बहने लगा था। मुझे पियर्सर के पास वापस जाना पड़ा और इसे फिर से करवाना पड़ा।

यह थोड़ा दर्दनाक था। कवच... महाशिवरात्रि फेम अभिनेत्री ने आगे कहा, मंगल एक ऐसा किरदार है जो सभी घरेलू महिलाओं को प्रभावित करता है। नोज पियर्सिंग उसकी पहचान का एक महत्वपूर्ण पहलू है। मैं वास्तव में अपनी नाक छिदवाकर इसका सम्मान करना चाहती थी। मंगल लक्ष्मी एक गृहिणी और उसकी छोटी बहन के इर्द-गिर्द घूमती एक कहानी है। यह शो रात 9 बजे कलर्स पर प्रसारित होता है।

# ब्रेस्ट कैंसर से जंग हारी 29 साल की फेमिना मिस इंडिया, ब्रेन तक फैल गई थी बीमारी



एंटरनटेनमेंट वर्ल्ड से हाल ही में एक दिल तोड़ देने वाली खबर आई। मिस इंडिया त्रिपुरा 2017 का खिताब जीतने वाली रिंकी चकमा का निधन हो गया। मॉडल ने 29की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया है। मिस इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ने सोशल मीडिया पर रिंकी की मौत की पुष्टि की है। मिस इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ने पोस्ट में लिखा- अत्यंत दुख के साथ, हम फेमिना मिस इंडिया त्रिपुरा 2017 रिंकी चकमा के निधन की खबर साझा करते हैं। एक उल्लेखनीय महिला, रिंकी वास्तव में एक ताकत थी, जो अनुग्रह और उद्देश्य का प्रतीक थी।

फेमिना मिस इंडिया 2017 प्रतियोगिता में त्रिपुरा का प्रतिनिधित्व करते हुए, उन्हें मिस ब्यूटी विद ए पर्पस के खिताब से सम्मानित किया गया, जो उनके प्रभावशाली प्रयासों और दयालु भावना का प्रमाण है। पोस्ट में आगे लिखा-इस कठिन समय में उनके परिवार और दोस्तों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदनाएँ हैं। उनकी आत्मा को शाश्वत शांति मिले। रिंकी, आपके उद्देश्य और सुंदरता की विरासत को हमेशा याद रखा जाएगा। उन सभी लोगों को आपकी बहुत याद आएगी जिन्हें आपको जानने का सौभाग्य मिला है।



# कंटेंट फिल्में हाल ही में इंडस्ट्री का शिखर बन गई हैं : भूमि पेडनेकर

युवा बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर वर्तमान में भक्षक में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए मिली सर्वसम्मत सराहना और प्यार का आनंद ले रही हैं। 12वीं फेल के साथ थिएट्रिकल रूप से इंडस्ट्री के लिए बड़ी स्लीपर हिट बनने और स्ट्रीमिंग पर भक्षक के वैश्विक हिट बनने के साथ, कंटेंट फिल्में फिर से धूम मचा रही हैं! भूमि को उनके अविश्वसनीय काम के कारण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्रियों में से एक माना जाता है। भक्षक में उनका बेहद सूक्ष्म और शानदार प्रदर्शन अविश्वसनीय सराहना अर्जित कर रहा है।भक्षक ने एक और मील का पत्थर स्थापित किया है जो वैश्विक कंटेंट मंच पर भारत को गौरवान्वित करता है - यह पिछले कुछ हफ्तों से विश्व स्तर पर शीर्ष 5 गैर-अंग्रेजी फिल्मों में से एक है! भूमि खुशी जताते हुए कहती हैं, कंटेंट फ़िल्में हाल ही में इंडस्ट्री का सबसे बड़ा आकर्षण रही हैं और इससे मुझे बहुत खुशी और बहुत आशा मिलती है। मैं अपने करियर, अपनी पहचान का श्रेय दूरदर्शी सिनेमा और फिल्म निर्माताओं को देती हूं। जबकि 12वीं फेल, जो कि मैंने अपने जीवन में देखी सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक है,थिएट्रिकल रूप से साल की स्लीपर हिट बन गई,भक्षक स्ट्रीमिंग पर वैश्विक चार्ट में शीर्ष पर रहा है! वह आगे कहती हैं, दुनिया का मनोरंजन करने के लिए भारतीय कंटेंट उस सिनेमा के लिए एक बड़ा मील का पत्थर है जो हम वर्तमान में बना रहे हैं। भक्षक उन कुछ फिल्मों में से एक है, जो विश्व स्तर पर धूम मचा चुकी है। यह हम सभी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और हमारे इंडस्ट्री के लिए गर्व का क्षण है। भूमि आगे कहती हैं, पीढ़ियों से, कंटेंट वाली फिल्मों ने फिल्मों के निर्माण या उपभोग के तरीके को बदल दिया है और मुझे उम्मीद है कि भक्षक जैसी फिल्में आने वाले वर्षों में उस तरह की फिल्में बनाने में योगदान देंगी।


30 किलो के कॉस्ट्यूम में सिर्फ

# भंसाली ही आपको आठ राउंड लगवा सकते हैं : ऋचा



एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने फिल्म मेकर संजय लीला भंसाली की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सिर्फ भंसाली ही एक्ट्रेस को 30 किलो के कॉस्ट्यूम में आठ राउंड लगवा सकते हैं। ऋचा चड्ढा नेटफ्लिक्स के स्लेट इवेंट में थीं, जहां उनकी अपकमिंग वेब सीरीज हीरामंडी – द डायमंड बाजार की घोषणा की गई थी। एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने भंसाली के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए कहा, संजय लीला भंसाली जैसा कोई और नहीं है, जो आपको 30 किलो के कॉस्ट्यूम में 8 राउंड लगवा सकता है। क्लोज-अप शॉट के लिए आपकी बाईं आंख से आंसू निकलवा सकता है। जब तक आप संजय लीला भंसाली के साथ काम नहीं करेंगे तब तक आपको अपनी असली क्षमता का पता नहीं चलेगा। अपकमिंग वेब सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार से भंसाली का ओटीटी डेब्यू होगा। इसमें सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल और संजीदा शेख भी हैं। यह सीरीज 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित वेश्याओं और उनके संरक्षकों की कहानियों के माध्यम से हीरामंडी की सांस्कृतिक वास्तविकता की पड़ताल करती है।

# एथनिक लुक में श्वेता ने ढाया कहर



हाल ही में वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में नजर आने वाली एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने एक फोटोशूट करवाया है। उन्होंने अपने फैंस के लिए अपने एथनिक लुक की एक झलक शेयर की। कसौटी जिंदगी की फेम एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी प्रोफेशनल और निजी लाइफ के बारे में चीजें शेयर करती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस के 52 लाख फॉलोअर्स हैं। नए फोटोशूट में श्वेता ने गुलाबी रंग का अनारकली सेट पहना हुआ है, जिसमें वह बेहद सूबसूरत लग रही हैं। भारी सुनहरे कढ़ाई वाले सूट पर मैचिंग दुपट्टा और भी खिल रहा है। मेकअप में वह पूरी तरह से आकर्षक लग रही हैं। ज्वैलरी के लिए उन्होंने भारी झुमके ही चुने। एक प्रशंसक ने पोस्ट पर कहा, आपकी सुंदरता की कोई हद नहीं है। दूसरे ने कहा, दिन-ब-दिन जवान होती जा रही हैं। श्वेता को पंजाबी फिल्म मित्रां दा ना चलदा में देखा गया था।

रोहित शेट्टी और सुशांत प्रकाश द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में वह विक्रम (विवेक ओबेरॉय) की पत्नी श्रुति बख्शी की भूमिका में हैं। इस सीरीज में सिद्धार्थ मल्होत्रा, शिल्पा शेट्टी कुंद्रा और विवेक ओबेरॉय मुख्य भूमिका में हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अय्यर-इशान की अनदेखी पर बोले साहा- कुछ भी 'जबरदस्ती नहीं किया जा सकता



**कोलकाता, एजेंसी।** भारत के अनुभवी विकेटकीपर रिद्धिमान साहा ने गुरुवार को कहा कि अगर कोई क्रिकेटर घरेलू क्रिकेट में नहीं खेलना चाहता तो कुछ भी 'जबरदस्ती नहीं किया जा सकता। हालांकि उन्होंने कहा कि घरेलू क्रिकेट आधार है और हर खिलाड़ी को आगे बढ़ने के लिए इसे पर्याप्त महत्व देना चाहिए। साहा की प्रतिक्रिया इशान किशन और श्रेयस अय्यर को बुधवार को 2023-24 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से बाहर किए जाने के बाद आई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा था कि इशान और अय्यर के नाम पर विचार नहीं किया गया। साहा ने इशान और अय्यर को बाहर किए जाने के संदर्भ में कहा कि यह बीसीसीआई का फैसला है और संबंधित खिलाड़ियों का व्यक्तिगत निर्णय है।

आप जबरदस्ती कुछ नहीं कर सकते। ये दोनों खिलाड़ी हाल तक भारतीय टीम का हिस्सा थे। दोनों पिछले साल 50 ओवर के विश्व कप में भी टीम का हिस्सा थे। इशान आखिरी बार दिसंबर में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान टेस्ट टीम का हिस्सा थे जबकि अय्यर ने इंग्लैंड के खिलाफ चल रही मौजूदा श्रृंखला के पहले 2 टेस्ट खेले। साहा ने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि एक क्रिकेटर को हर मैच को समान महत्व देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब भी मैं फिट होता हूं मैं खेलता हूं, यहां तक कि मैंने क्लब मैच भी खेले हैं, कार्यालय के मैच भी खेले हैं।

मैं हमेशा एक मैच को एक मैच की तरह लेता हूं। मेरे लिए सभी मैच बराबर हैं। अगर हर खिलाड़ी इस तरह से सोचता है तो वह अपने करियर में केवल समृद्ध होंगे और यह भारतीय क्रिकेट के लिए भी बेहतर होगा। साहा ने कहा कि मुझे लगता है कि घरेलू क्रिकेट का महत्व हमेशा रहता है क्योंकि अगर मैं सरफराज खान के बारे में बात करूं तो उसने पिछले चार-पांच वर्षों में काफी रन बनाए हैं। निश्चित रूप से उसने अच्छा प्रदर्शन किया है। साहा ने इस बीच युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की बल्लेबाजी को 'उत्कृष्ट करार दिया।

### मप्र में 15 खिलाड़ियों को नौकरी क्रिकेटर वेंकटेश बने इनकम टैक्स इंस्पेक्टर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मप्र के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर वेंकटेश अय्यर इनकम टैक्स इंस्पेक्टर बन गए हैं। उन्हें गुरुवार को भोपाल मुख्यालय में 14 अन्य खिलाड़ियों के साथ नियुक्ति पत्र दिए गए। विभाग ने कुल 15 खिलाड़ियों को योग्यता अनुसार विभिन्न पदों पर नियुक्ति दी है। इनमें वेंकटेश समेत 4 क्रिकेटर, 3 एथलेटिक्स, 3 टेनिस, 3 टेबल-टेनिस, तैराकी और वॉटरस्पोर्ट्स के 1-1 खिलाड़ी शामिल हैं। इंदौर के वेंकटेश ने देश के लिए दो वनडे और 9 टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं। वर्तमान में कोलकाता नाइट राइडर्स से आईपीएल खेल रहे हैं। मप्र की तीनों फार्मेट की टीमों में खेल रहे हैं।

### कैमरोन ग्रीन- जोश हेजलवुड की बेजोड़ जोड़ी

**टेस्ट क्रिकेट में बना डाला नया वर्ल्ड रिकॉर्ड**




ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरोन ग्रीन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी दो मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में नॉटआउट 174 रनों का योगदान दिया। ग्रीन ने 275 गेंदों पर 23 चौके और पांच छक्कों की मदद से ये रन बनाए। डेविड वॉर्नर के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद ग्रीन को नंबर-4 की बैटिंग पोजिशन पर आजमाया गया है और उन्होंने साबित कर दिया कि वह इस बैटिंग पोजिशन के सही हकदार भी हैं। सीरीज का पहला मैच वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व मैदान पर खेला जा रहा है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 267 रनों तक 9 विकेट गंवा दिए थे और ऐसा लग रहा था कि पहली पारी में ज्यादा से ज्यादा 280 रन ही बन पाएंगे, लेकिन कैमरोन ग्रीन और जोश हेजलवुड ने मिलकर 10वें विकेट के लिए 116 रनों की साझेदारी निभाकर न्यूजीलैंड को पूरी तरह से बैकफुट पर ढकेल दिया।

# डब्ल्यूएफआई के ट्रायल का पहलवानों ने किया बहिष्कार

**पूनिया बोले- जब तक सरकार फैसला नहीं करती हम...**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय कुश्ती संघ द्वारा पेरिस ओलिंपिक और दो एशियन ट्रायल की तारीखों के एलान के बाद आंदोलनरत पहलवान साक्षी मलिक, बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट ने इसके बहिष्कार की घोषणा कर दी।

पहलवानों की मांग है जब तक सरकार इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करती और उचित समाधान नहीं करती तब तक प्रदर्शनकारी पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ द्वारा घोषित राष्ट्रीय ट्रायल में हिस्सा नहीं लेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चयन प्रक्रिया पर रोक लगाने के लिए बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान ने बुधवार को अदालत का रुख किया और संयुक्त याचिका दायर की। इसमें 10-11 मार्च को होने जा रहे ट्रायल पर रोक लगाने की मांग की गई है। इस मामले की सुनवाई शुक्रवार को होगी। हालांकि बजरंग की तरफ से इसको लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया हैं।

अगर मैं ट्रायल में भाग नहीं लेता तो मैं अपने प्रशिक्षण पर 30 लाख रुपये खर्च नहीं करता, लेकिन निलंबित डब्ल्यूएफआई ट्रायल कैसे आयोजित कर रहा है? मुझे समझ में नहीं आ रहा कि सरकार की मजबूरी क्या है (डब्ल्यूएफआई को ट्रायल आयोजित करने की अनुमति देने पर) उन्होंने आगे कहा, मुझे समझ में नहीं आता कि भारत सरकार द्वारा निलंबित एक खेल संस्था कैसे एक परिपत्र जारी करती है और ट्रायल की घोषणा करती है। सरकार चुप क्यों है? हम ट्रायल में तभी शामिल होंगे जब तदर्थ पैनल या सरकार इसे आयोजित करेगी।

# महिला क्रिकेट के लिए बीसीसीआई का बड़ा कदम



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में क्रिकेट सबसे बड़ा खेल है। पिछले कुछ सालों में भारतीय क्रिकेट ने इतनी ज्यादा तरक्की की है जिसका कोई जवाब नहीं। टीम इंडिया में आने के लिए भारतीय खिलाड़ियों को कई लेवल को पार करना पड़ा है। भारत में मेंस क्रिकेट ने तो काफी कुछ हासिल किया है, लेकिन जब बात महिला क्रिकेट को लेकर आती है तो हम थोड़े से पीछे नजर आते हैं।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने आज तक कोई भी आईसीसी खिताब नहीं जीता है। यही कारण है कि बीसीसीआई महिला क्रिकेट को लेकर काफी कुछ कर रहा है। इसी कड़ी में बीसीसीआई ने एक नए टूर्नामेंट के आयोजन का फैसाल लिया है। जिसके कारण भारत में महिला क्रिकेट को बढ़ाने में और भी ज्यादा मदद मिलेगी।

#### टूर्नामेंट का शेड्यूल

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 29 मार्च से पुणे में एक मल्टी डे महिला टूर्नामेंट का आयोजन करने का फैसला लिया है। इस मेगा टूर्नामेंट में कुछ छह टीमें हिस्सा लेंगी। इन टीमों को क्षेत्रों के आधार पर बांटा गया है। पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण, मध्य और नॉर्थईस्ट की टीम इसमें शामिल होंगी। ये टीमें पांच मैचों की सीरीज में हिस्सी लेंगी।

टूर्नामेंट 29 मार्च से शुरू होने वाला है और इसकी शुरुआत क्वार्टर फाइनल से होगी। क्वार्टर का मुकाबला 29, 30 और 31 मार्च को होगा। क्वार्टर के विजेता फिर सेमीफाइनल में पहुंचेंगे। दोनों सेमीफाइनल एक साथ खेले जाएंगे और 5 से 7 अप्रैल तक चलेंगे।

फाइनल 9, 10 और 11 अप्रैल को खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट वुमेंस प्रीमियर लीग को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 17 मार्च को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इसलिए, दोनों टूर्नामेंट के बीच 11 दिन का ब्रेक है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारतीय खिलाड़ियों (घरेलू और सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दोनों) को आराम करने और रेड-बॉल क्रिकेट के लिए तैयार होने का समय मिल सके।

#### रेड बॉल में महिला क्रिकेट का कमाल

भारतीय महिला टीम ने हाल ही में कुछ रेड बॉल वाले इंटरनेशनल मैच खेले हैं और यह स्पष्ट है कि बीसीसीआई महिला क्रिकेटरों के लिए मल्टी डे मैचों के लिए एक घरेलू मंच प्रदान करना चाहता है। महिला टीम ने इस दौरान खेले गए टेस्ट मैचों में अपने प्रदर्शन से सभी को इंप्रेस भी किया है। टीम इंडिया ने हाल ही में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी बड़ी टीम को टेस्ट मैच हराया है।



# कुलदीप यादव ग्रेड ए अनुबंध के हकदार

**लेकिन उनके बचपन के कोच का कहना कुछ और ही**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव के बचपन के कोच कपिल देव पांडे का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनके लगातार प्रदर्शन को देखते हुए यह चाइनामैन गेंदबाज ग्रेड ए वार्षिक अनुबंध का हकदार है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को 2023-24 सीज़न के लिए टीम इंडिया (सीनियर पुरुष) के लिए वार्षिक खिलाड़ी अनुबंध का अनावरण किया। कुलदीप के लिए महत्वपूर्ण वेतन वृद्धि की उम्मीदों के बावजूद, उन्हें केवल ग्रेड सी से ग्रेड बी में पदोन्नत किया गया।

कुलदीप ने भारत में 2023 विश्व कप के दौरान अपने कौशल का प्रदर्शन किया, 11 मैचों में 4.45 की प्रभावशाली इकॉनमी रेट के साथ 15 विकेट हासिल किए। इसके अतिरिक्त, 2023 में, उन्होंने नौ टी20 में अपने कौशल का प्रदर्शन किया, जिसमें 14 विकेट लिए। उनके बचपन के कोच कपिल ने बात करते हुए कहा कि कुलदीप इस समय शायद दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं।

उसे ग्रेड ए में पदोन्नत किया जाना चाहिए था। वह लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन मुझे यकीन है कि वह जल्द ही वह स्थान हासिल कर लेगा। वर्तमान में उन्हें जो भी अवसर मिल रहा है, वह जबरदस्त प्रदर्शन कर रहे हैं। मैंने कुछ दिन पहले उनसे बात की थी और उनसे कहा था कि अपना हौसला बनाए रखें और किसी और चीज की चिंता न करें और केवल खेल पर ध्यान केंद्रित करें।

## पहले आईपीएल से संन्यास, उसके बाद तक खेले रणजी, आज के खिलाड़ियों को सचिन तेंदुलकर से सीखना चाहिए



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल आने के बाद से भारतीय टीम के लिए खेलने वाले खिलाड़ी घरेलू टूर्नामेंट से दूर ही रहते हैं। शायद ही किसी को याद हो कि विराट कोहली या रोहित शर्मा ने आखिरी बार रणजी ट्रॉफी में कब खेला था। महेंद्र सिंह धोनी समेत कई ऐसे खिलाड़ी हैं, जो इंटरनेशनल और घरेलू क्रिकेट तो छोड़ चुके हैं लेकिन आईपीएल में खेलते हैं। लेकिन अब बीसीसीआई एक्शन में है। रणजी में नहीं खेलने की वजह से ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया गया है। इन युवा खिलाड़ियों को सचिन तेंदुलकर से सीखना चाहिए।

#### रणजी से पहले आईपीएल से संन्यास

सचिन तेंदुलकर शायद एकमात्र क्रिकेटर हैं, जो आईपीएल से संन्यास लेने के बाद भी रणजी ट्रॉफी और इंटरनेशनल क्रिकेट में खेले हैं। आईपीएल 2013 सीजन खत्म होने ही सचिन ने घोषणा कर दी थी कि अब वह लीग में नहीं खेलेंगे। उसी साल सितंबर अक्टूबर में सचिन चैंपियंस लीग में उतरे। फिर वह हरियाणा के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच में उतरे। मैच की आखिरी पारी में नाबाद अर्धशतक लगाकार सचिन ने मुंबई को जीत दिलाई थी।

#### टेस्ट से सबसे अंत में संन्यास

वनडे, आईपीएल, चैंपियंस लीग और रणजी ट्रॉफी के बाद सचिन ने सबसे अंत में टेस्ट मैच खेला। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ मुंबई में अपना आखिरी मुकाबला खेला था। टेस्ट से संन्यास के बाद सचिन किसी लीग में नहीं खेले। पिछले कुछ सालों में जरूर और चैरिटी मैच या टूर्नामेंट में खेलते नजर आए हैं। युवा खिलाड़ियों सचिन को अपना आदर्श तो बताते हैं लेकिन उनके जैसे बनने की कोशिश नहीं करते।

#### घरेलू क्रिकेट खेलने का नहीं छोड़ते थे मौका

सचिन तेंदुलकर कभी भी रणजी ट्रॉफी या घरेलू क्रिकेट खेलने का मौका नहीं चूकते थे। 2008 में आईपीएल की शुरुआत हुई थी। इसके बाद से संन्यास तक सचिन ने 6 रणजी ट्रॉफी मैच खेले। 2012-13 के ईरानी कप में भी वह मुंबई के लिए खेले थे। दूसरी तरफ विराट कोहली ने 2012 के बाद कोई रणजी मैच नहीं खेला है। रोहित 2015 के बाद रणजी में नहीं उतरे हैं।



## खेल मंत्री अनुराग ठाकुर बोले- खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट दिए जाएंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खेलमंत्री ने खिलाड़ियों और राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिये चीजें आसान करने की अपनी योजना का ऐलान पिछले साल 29 अगस्त को किया था। उस समय एनएसएफ पोर्टल भी शुरू किया गया था।

खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को कहा कि सरकार देश भर में रजिस्टर्ड खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट देगी। इस पहल से खिलाड़ियों के प्रदर्शन और प्रतिभागिता को लेकर पारदर्शिता बनी रहेगी। डिजिटल सर्टिफिकेट में खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धाओं में भागीदारी की तारीफ रहेगी और यह उनकी उपलब्धियों का सबूत भी होगा। ठाकुर ने एक्स पर लिखा, '' हमारे खेल ढांचे की धुरी खिलाड़ी हैं और इसे ध्यान में रखकर खेल मंत्रालय ने उन्हें डिजिटल सर्टिफिकेट देने का अहम फैसला किया है।

खेलमंत्री ने खिलाड़ियों और राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिये चीजें आसान करने की अपनी योजना का ऐलान पिछले साल 29 अगस्त को किया था। उस समय एनएसएफ पोर्टल भी शुरू किया गया था। ठाकुर ने बृहस्पतिवार को कहा कि खिलाड़ी सर्वोपरि नीति के अनुरूप राष्ट्रीय खेल महासंघों को डिजिलॉकर के जरिये खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट देने के लिये कहा गया है। उन्होंने कहा, '' यह फैसला एनएसएफ के खेल प्रशासन में पारदर्शिता और कुशलता को बढावा देने और खिलाड़ियों के दस्तावेजों की सुरक्षा, पहुंच और सत्यता सुनिश्चित करने के लिये लिया गया है।

## केन विलियमसन 12 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में इस गलती की वजह से हुए रन आउट



**वेलिंग्टन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के सबसे अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेलिंगटन में जारी पहले टेस्ट की पहली पारी में रन आउट हुए। यह 2012 के बाद टेस्ट क्रिकेट में उनका पहला रन आउट है।

विलियमसन साथी बल्लेबाज विल यंग के साथ हुई तालमेल की गड़बड़ी के चलते रन आउट हुए। हालांकि इस दौरान ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क भी उनके रास्ते में आए, मगर स्टार्क की इसमें कोई गलती नहीं थी। विलियमसन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इस मैच में कंगारुओं ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कैमरून ग्रीन के शतक के दम पर 383 रन बोर्ड पर लगाए हैं। ग्रीन ने 174 रनों की नाबाद पारी खेली।

बात केन विलियमसन के रन आउट की करें तो, यह घटना न्यूजीलैंड की पारी के 5वें ओवर की है। ओवर की आखिरी गेंद पर विलियमसन मिड ऑफ की दिशा में शॉट खेलकर एक रन चुराना चाहते थे। विलियमसन तो बॉल को टैप करने के बाद तुरंत दौड़ पड़े, मगर नॉन स्ट्राइकर एंड पर खड़े विल यंग की नजरें गेंद पर थी, जिस वजह से दोनों खिलाड़ियों के तालमेल में कमी आई और वह आपस में टकरा गए।

केन विलियमसन के 14 साल के टेस्ट करियर में ऐसा मात्र तीसरी बार हुआ है जब वह रन आउट हुए हैं। इससे पहले वह दो बार जिम्बाब्वे के खिलाफ रन आउट हो चुके हैं।

**विमेंस प्रीमियर लीग**

## दिल्ली ने आरसीबी टीम को दी 25 रनों से मात

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विमेंस प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन का 7वां मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर विमेंस टीम और दिल्ली कैपिटल्स विमेंस टीम के बीच में खेला गया।



इस मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 194 रनों का स्कोर बनाया, जिसमें शेफाली वर्मा के बल्ले से शानदार 50 रनों की पारी देखने को मिली। वहीं टारगेट का पीछा करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर विमेंस टीम 9 विकेट के नुकसान पर 169 रन ही बनाने में कामयाब हो सकी। इस जीत के साथ अब दिल्ली कैपिटल्स टीम प्वाइंट्स टेबल में तीसरे स्थान से सीधे पहले नंबर पर पहुंच गई है।

195 रनों के बड़े स्कोर का पीछा करने उतरी आरसीबी विमेंस टीम की शुरुआत इस मुकाबले में शानदार देखने को मिली जिसमें स्मृति मंधाना और सोफी डिवाइन की ओपनिंग जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 77 रनों की साझेदारी की।

सोफी के बल्ले से 17 गेंदों में 23 रनों की पारी देखने को मिली। वहीं 112 के स्कोर पर आरसीबी विमेंस टीम को दूसरा और बड़ा झटका कप्तान मंधाना के रूप में लगा जो 43 गेंदों में 74 रनों की पारी खेलने के बाद पवेलियन लौटी।



**धोनी को धोनी बनने में 15 साल...**

## धोनी से ध्रुव जुरेल की तुलना करने पर सौरव गांगुली का सुनील गावस्कर को कड़क जवाब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ रांची टेस्ट में शानदार परफॉर्मेंस देने वाले ध्रुव जुरेल की क्रिकेट पंडितों ने जमकर तारीफ की है। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में 90 तो दूसरी पारी में अंडर प्रेशर नाबाद 39 रन बनाकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उनको इस परफॉर्मेंस का इनाम प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड के रूप में मिला था। ध्रुव जुरेल

की इस परफॉर्मेंस को देख पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का दिल भी गदगद हो गया था। उन्होंने इस युवा विकेट कीपर की तुलना एमएस धोनी से कर दी थी। हालांकि सौरव गांगुली उनके इस बयान से खुश नहीं है और उन्होंने अब जुरेल की धोनी से तुलना करने पर कड़क जवाब दिया है। मैच के दौरान गावस्कर ने कमेंट्री करते हुए कहा था, बेशक उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की है, लेकिन उनकी कीपिंग, स्टंप के पीछे उनका काम उतना ही शानदार रहा है। उनकी खेल जागरूकता को देखकर मैं कहना चाहता हूं कि वह उभरते हुए दूसरे एमएस धोनी हैं।

मैं जानता हूं कि कोई दूसरा एमएसडी कभी नहीं हो सकता, लेकिन आप जानते हैं कि उसके पास प्रेजेंस ऑफ माइंड है, एमएसडी ने भी जब शुरुआत की थी, तो वह ऐसा ही था और जुरेल के पास खेल के प्रति जागरूकता है। वह स्ट्रीट-स्मार्ट क्रिकेटर हैं। अपने दूसरे ही टेस्ट मैच में जुरेल ने अर्धशतक जड़ा। गावस्कर के इस बयान पर अब सौरव गांगुली ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने रेवस्पोर्ट्ज से कहा, एमएस धोनी अलग लीग के खिलाड़ी हैं। जुरेल के पास टैलेंट है इसमें कोई संदेह नहीं है...मगर एमएस धोनी को एमएस धोनी बनने में 15-20 साल का समय लगा। तो उसे (जुरेल को) खेलने दें।

ध्रुव जुरेल के बारे में पूर्व कप्तान ने आगे कहा, उसकी योग्यता ने मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित किया...उसकी स्पिनर खेलने की योग्यता...उसकी तेज गेंदबाजों के खिलाफ खेलने की योग्यता...सबसे जरूरी दबाव में उसके खेलने की क्षमता, जो आप एक युवा खिलाड़ी में देखना चाहते हैं। उसके पास अच्छा टेंपरामेंट भी है।

## संक्षिप्त समाचार

### द्वारकाधीश के लिए रवाना हुई 92वीं ट्रेन, केजरीवाल सरकार ने तीर्थ यात्रा पर भेजे 780 बुजुर्ग




**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत गुरुवार को 780 बुजुर्गों को लेकर 92वीं ट्रेन दिल्ली से द्वारकाधीश के लिए रवाना हुई। यात्रा से पूर्व सभी तीर्थयात्रियों के लिए त्यागराज स्टेडियम में भजन संध्या का आयोजन किया गया। राजस्व मंत्री आतिशी ने यहां पहुंचकर तीर्थ-यात्रियों से मुलाकात की और उन्हें यात्रा टिकट व किट सौंपा। इस मौके पर राजस्व मंत्री ने कहा कि मैं दिल्ली के सभी बुजुर्गों की ओर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद करना चाहती हूं, जो दिल्ली के सभी बुजुर्गों को अपने माता-पिता की तरह मानते हैं और बेटे की भूमिका निभाते हुए दिल्ली के बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक केजरीवाल सरकार 91 ट्रेन से 87 हजार से अधिक बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा पर भेज चुकी है। राजस्व मंत्री ने कहा कि मुझे खुशी है कि पिछली कई बार से तीर्थ-यात्रा पर जाने वाले बुजुर्गों में 80 फीसदी महिलाएं हैं। उन्होंने तीर्थ-यात्रियों को उनके यात्रा के लिए मंगलकामनाएं दी और अपील करते हुए कहा कि, यात्रा के दौरान आप सभी अच्छे से दर्शन करें और भगवन श्रीकृष्ण से देश और दिल्ली की तरक्की की कामना जरुर करें। बताते चलें कि इस यात्रा के दौरान सारा खर्च दिल्ली सरकार खुद उठाती है। बुजुर्ग तीर्थ यात्रियों के आने जाने का खर्च से लेकर उनके ठहरने व खाने की व्यवस्था भी दिल्ली सरकार करती है। दिल्ली सरकार रामेश्वरम, द्वारकाधीश, सोमनाथ, नागेश्वरम, जगन्नाथपुरी, बाबा महाकाल, शिरडी में तमकेश्वरम, तिरुपति बालाजी, अयोध्या, माता वैष्णो देवी, पुष्कर, फतेहपुर सिकरी, अमृतसर में स्वर्ण मंदिर, करतारपुर साहिब, मथुरा-वृंदावन और हरिद्वार के दर्शन अपने खर्चे पर करवाती है। पात्र यात्री अपनी मन पसंद यात्रा को चुन सकते हैं।

### ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट के नियम होंगे सख्त, डीजीसीए ने बताया इन कर्मियों की प्रतिदिन होगी जांच

**नई दिल्ली।** ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट को लेकर नियम को सख्त किया जाएगा। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के आदेश में कहा गया है कि हवाईअड्डे पर सुरक्षा से संबंधित संवेदनशील कार्य करने वाले हवाई यातायात नियंत्रकों, ग्राउंड स्टाफ, विमान रखरखाव इंजीनियरों और कर्मियों में से कम से कम 25 प्रतिशत कर्मियों का प्रतिदिन ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किया जाएगा। ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट के लिए केवल फ्यूल सेल तकनीक पर आधारित मशीन का इस्तेमाल किया जाएगा। यह मशीन अपनी सटीकता के लिए प्रसिद्ध है। इस संबंध में संशोधित नागरिक उड्डयन आवश्यकताएं (सीएआर) तीन महीने बाद लागू होंगी। यह नियम हवाई यातायात नियंत्रकों, ग्राउंड स्टाफ, विमान रखरखाव इंजीनियरों और ग्राउंड हैंडलिंग सेवा कर्मियों पर लागू होगा। इस समय 10 प्रतिशत कर्मियों का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किया जाता है। डीजीसीए ने कहा कि सीएआर में संशोधन से सुरक्षा का स्तर और बढ़ेगा। ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट से जांच होती है कि किसी ने शराब पी है या नहीं।

### असम कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष राणा गोस्वामी भाजपा में हुए शामिल

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष राणा गोस्वामी गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने बुधवार को कांग्रेस की असम इकाई से इस्तीफा दिया था। इससे पहले राणा गोस्वामी ने रविवार को विभिन्न राजनीतिक कारणों का हवाला देते हुए पार्टी के संगठन प्रभारी (ऊपरी असम) के पद से इस्तीफा दे दिया था। भाजपा में शामिल होने के बाद राणा गोस्वामी ने कहा कि कुछ न कुछ होता रहता है, इसलिए मुझे कांग्रेस पार्टी छोड़नी पड़ी। मैं सात साल तक पार्टी का सचिव भी रहा हूं, मैंने गुलाम नबी आजाद, ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रियंका गांधी के साथ काम किया है। गुलाम नबी आज़ाद और ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी पार्टी छोड़ दी।

# हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार कभी भी गिर सकती हैः जयराम ठाकुर

**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश कांग्रेस में संकट टला नहीं है। ऐसे संकेत प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ही देती नजर आ रही हैं। वहीं, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता का दावा है कि कांग्रेस सरकार कभी भी गिर सकती है। फिलहाल, खबरें हैं कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा स्पीकर की तरफ से अयोग्य घोषित किए गए 6 विधायक सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकते हैं।

भाजपा नेता ठाकुर ने पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह पत्नी और प्रदेश कांग्रेस प्रमुख प्रतिभा सिंह को जलालत के दौर से बाहर आने की सलाह दी है। उन्होंने कहा, जब सोनिया गांधी नहीं सुन रहे थे, जब राहुल गांधी नहीं सुन रहे थे, जब प्रियंका गांधी नहीं सुन रहे थे। आखिरकार हमने सुन लिया और स्वभाविक रूप से उनकी पीड़ा एक नहीं कई दिनों से थी। उन्होंने विधानसभा के कई सदस्यों के नाराज होने का भी दावा किया।

उन्होंने कहा कि कुछ सदस्यों को इन लोगों ने डरा के रखा है, दबा कर रखा है, लेकिन ये दौर लंबा नहीं चलेगा। उन्होंने कहा, प्रतिभा सिंह जी, यह जलालत का दौर आपके साथ इतने दिनों से चल रहा है। कई सालों से चल रहा है, तो आपको इससे बाहर आना चाहिए। आप हिम्मत करिए। उन्होंने सिंह का साथ देने पर कहा कि इसपर विचार किया जाएगा।



एक चैनल से बातचीत के दौरान कांग्रेस सरकार के भविष्य को लेकर उन्होंने कहा, ये (सरकार) न पहले सेफ थी, न आज है और कल तो होगी ही नहीं। उन्होंने कहा, कभी गिर जाएगी, आप रात को सो जाएंगे और सुबह देखेंगे कि सरकार गिर जाएगी।

**प्रतिभा सिंह बोलीं- अभी नहीं टला है संकटः** एक रिपोर्ट के मुताबिक, सिंह का कहना है कि भले ही पार्टी ने अभी राज्य में अपनी सरकार बचाने में सफलता हासिल कर ली हो, लेकिन यह कहना जल्दबाजी होगी कि संकट टल गया है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि कल या आने वाले भविष्य में क्या होगा...। कुछ मुद्दे थे, जिनपर कुछ घंटों या एक दिन में फैसला नहीं लिया जा सकता। इसमें समय लगेगा। उन्होंने आगे कहा, और तब ही हम यह कहने की स्थिति में होंगे कि सरकार (पांच सालों तक) चलती रहेगी।

**क्या है मामलाः** हाल ही में हुए राज्यसभा चुनाव में जीत को लेकर भरोसेमंद नजर आ रही कांग्रेस को झटका लग गया और राज्य में विपक्ष भाजपा के उम्मीदवार हर्ष महाजन को सांसद चुन लिया गया। इस चुनाव में कांग्रेस के 6 विधायकों के तीन निर्दलीय विधायकों के साथ मिलकर क्रॉस वोट करने की खबर है। इसके बाद से ही राज्य सरकार पर संकट मंडराने लगा था।

## वायनाड के सरकारी पशु चिकित्सा कॉलेज में हुई छात्र की मौत

**वायनाड , एजेंसी।** केरल के एक सरकारी पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के एक छात्र की मौत मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार छह लोगों को 29 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था और सातवें व्यक्ति को आज पूछताछ के लिए पलक्कड़ से हिरासत में लिया गया है।

वहीं इस मामले में राजनीति भी तेज हो गई है। कांग्रेस ने सत्तारूढ़ माकपा की छात्र शाखा एसएफआइ पर छात्र की पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। विश्वविद्यालय के द्वितीय वर्ष के छात्र 20 वर्षीय सिद्धार्थन का शव 18 फरवरी को छात्रावास के स्नानघर में लटका हुआ मिला था। कांग्रेस का यह आरोप सिद्धार्थन के पिता के उस दावे के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि स्टूडेंट्स फेडरेशन आफ इंडिया के कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं ने छात्रावास में उनके बेटे को तीन दिन तक पीटा था। एसएफआइ ने आरोप से इन्कार किया है।

## बीजेपी को चंदा देना चाहते थे पूर्व जज, इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम पर लग गया 2.5 करोड़ का चूना

**हैदराबाद, एजेंसी।**
इलाहाबाद और आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट में जज रह चुके रिटायर्ड जस्टिस डीएसआर वर्मा ने हैदराबाद पुलिस में प्राथमिकी दर्ज करा शिकायत की है कि उनके साथ दो लोगों ने 2.5 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है। उन्होंने आरोप लगाया कि जालसाजों ने कथित तौर पर बीजेपी के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने के नाम पर उनसे ये रकम ली थी लेकिन कभी बॉन्ड खरीदे ही नहीं गए।

2010 में अपने पद से सेवानिवृत होने वाले जज साहब ने तीन दिन पहले यानी 27 फरवरी को हैदराबाद के एक थाने में आपराधिक शिकायत दर्ज कराई है। दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि उनके परिवार ने आपस में मिलकर ये रकम जुटाई थी। बकौल पूर्व जज, परिवार से इकट्ठा करने के बाद ये रकम दोनों आरोपियों को भुगतान की गई थी ताकि वे इलेक्टोरल बॉन्ड खरीद सकें लेकिन कभी कोई बॉन्ड जारी ही नहीं किया गया। शिकायत में कहा गया है कि ये बॉन्ड भाजपा के पक्ष में जारी किए जाने थे।

शिकायत में जिन दो लोगों को आरोपी बनाया गया है, उनमें एक नरेंद्रन और दूसरा सरथ रेड्डी है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, एफआईआर में पूर्व जज ने आरोप लगाया है, नरेंद्रन, जो हमारे रिश्तेदारों का एक परिचित व्यक्ति है, अपने परिचय का फायदा उठाते हुए मेरे पास आया और केंद्र की सत्ताधारी पार्टी के लिए कुछ चंदे की मांग की जिसे बॉन्ड के माध्यम से स्वीकार किया जाना था। नरेंद्रन ने सरथ रेड्डी को हमसे रकम लेने का जिम्मा सौंपा था। (कहा जाता है कि सरथ रेड्डी आत्मिया होम्स नाम की एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में शामिल हैं)। सरथ रेड्डी ने उन्हें और उनके पोते-पोतियों को संयुक्त राज्य अमेरिका में सम्मानजनक स्थान देने का वादा किया था, क्योंकि वह इलाहाबाद और आंध्र प्रदेश के उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश रह चुके हैं। रिटायर्ड जज ने कहा कि वह और उनका परिवार उसके झांसे में आ गया।

## परीक्षा केंद्र पर समय पर नहीं पहुंच पाया छात्र, निराशा में करली आत्महत्या; पिता के नाम लिखा भावुक पत्र

**हैदराबाद, एजेंसी।**
तेलंगाना में परीक्षा केंद्र पर समय पर नहीं पहुंच पाने के कारण गुरुवार को एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, इंटरमीडिएट का छात्र परीक्षा केंद्र पर समय पर नहीं पहुंच पाया, जिसके बाद उसने आदिलाबाद जिले में एक बांध में कूदकर जान दे दी। पुलिस ने बताया कि आदिलाबाद के मंगुरला गांव के रहने वाले 17 वर्षीय छात्र को इंटरमीडिएट की चल रही परीक्षा के दौरान एक पेपर में शामिल होना था। वह सुबह 9.15 बजे आदिलाबाद शहर पहुंच गया था। मगर छात्रों को सुबह 8.30 बजे तक परीक्षा हॉल में पहुंच जाना था। परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होनी थी।

दरअसल, तेलंगाना इंटरमीडिएट बोर्ड में एक मिनट की देरी से भी छात्रों को परीक्षा में बैठने की परमिशन नहीं दिए जाने का नियम है। पुलिस ने बताया कि इसके बाद छात्र सुबह करीब 9.30 बजे वहां से अपने गांव के लिए निकल गया, लेकिन उसने घर वापसी के दौरान एक सिंचाई परियोजना में कूदकर जान दे दी।

पुलिस ने कहा कि छात्र का शव बरामद कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक छात्र ने एक सुसाइड नोट भी लिखा है, जिसमें उसने कहा है कि वह अपने जीवन में पहली बार परीक्षा देने से चूक गया। छात्र ने लिखा है कि उसने यह कदम परीक्षा में देरी से पहुंचने के कारण उठाया है।

अपने पिता को संबोधित करते हुए युवक ने पत्र में गहरी पीड़ा व्यक्त की है। छात्र ने कहा है कि मेरे पिता ने मेरे लिए बहुत कुछ किया है लेकिन मैं पिता के लिए कुछ नहीं कर पाया, जिसके लिए उसने माफी मांगी। हालांकि, पुलिस ने केस दर्द करके जांच शुरू कर दी है।

## नहीं रहे अयोध्या में राम मंदिर के सबूत देने वाले अरुण कुमार

**रायपुर, एजेंसी।**
प्रसिद्ध पुरातत्वविद् पद्मश्री डॉ अरुण कुमार शर्मा का बुधवार देर रात 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर शहर में अपने आवास पर अंतिम सांस ली। अरुण कुमार शर्मा उस टीम के सबसे सीनियर सदस्य थे, जिसने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर राम जन्मभूमि अयोध्या स्थल की खुदाई की थी। खुदाई के बाद उन्होंने रिपोर्ट सौंपी थी जिसमें कहा गया था कि मस्जिद बनाने के लिए एक मंदिर को तोड़ा गया था।

अरुण कुमार शर्मा को 2017 में भारत के दिवंगत राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी द्वारा पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किया गया था। 12 नवंबर 1933 को रायपुर जिले के चंदखुरी में जन्मे शर्मा ने 1958 में सागर विश्वविद्यालय से एमएससी (मानव विज्ञान) की पढ़ाई पूरी की थी और एक साल बाद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) में शामिल हो गए।

एएसआई में शामिल होने के बाद, उन्होंने पुरातत्व में दो साल का डिप्लोमा किया और उस साल वे ऑल इंडिया टॉपर थे। जिसके



लिए उन्हें मौलाना अबुल स्वर्ण पदक मिला था। 33 वर्षों की सेवा के बाद, वह 1992 में एएसआई नागपुर के अधीक्षक पुरातत्वविद् के पद से सेवानिवृत्त हुए। 1994 से वह छत्तीसगढ़ सरकार के पुरातत्व सलाहकार रहे।

अरुण शर्मा के बेटे मनीष शर्मा ने बताया कि बृहस्पतिवार तड़के राज्य की राजधानी रायपुर स्थित अपने आवास पर उनके पिता ने अंतिम सांस ली। वह 91 वर्ष के थे। राज्य के प्रसिद्ध पुरातत्वविद अरुण कुमार शर्मा ने अयोध्या के विवादित स्थल पर एक हिंदू मंदिर के अस्तित्व के समर्थन में पुरातात्विक साक्ष्य एकत्र किए थे। मनीष शर्मा ने बताया कि उनके पिता द्वारा एकत्र किए गए सबूतों को पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय और फिर उच्चतम न्यायालय ने अयोध्या में विवादित स्थल पर सुनवाई के दौरान स्वीकार किया था।

मनीष शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में सेवा के दौरान अरूण कुमार शर्मा सिरपुर, तरीघाट, सिरकट्टी, आरंग, ताला, मल्हार जैसे कई स्थानों पर खुदाई में शामिल थे। उन्होंने बताया, सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्होंने पुरातत्व स्थलों-- सिरपुर (छत्तीसगढ़) और मानसर (महाराष्ट्र) में खुदाई में एएसआई की सहायता की थी। एएसआई में अपनी सेवा के दौरान उन्होंने पूरे भारत में, विशेषकर गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, जम्मू, महाराष्ट्र, लक्षद्वीप, हिमाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ में पुरातात्विक स्थलों की खुदाई की और उनके बारे में रिपोर्ट प्रकाशित की।

मनीष ने कहा, पुरातत्व पर उनकी 35 किताबें प्रकाशित हुईं। जब बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि अयोध्या मामले की सुनवाई इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में चल रही थी तब अरूण कुमार शर्मा इस मामले के प्रमुख गवाह थे।

# गाजियाबाद में निर्माणाधीन फैक्टरी का लेंटर गिरने से एक मजदूर की मौत, दो घायल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद के मोदीनगर की सिखैड़ा मार्ग स्थित औद्योगिक क्षेत्र परिसर में गुरुवार रात आठ बजे के आसपास एक निर्माणाधीन फैक्टरी का लेंटर गिर गया। लेंटर के मलबे में दो मजदूर दब गए। एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि दो की हालात गंभीर बनी हुई है। परिजन शव को घटनास्थल पर रखकर हंगामा कर रहे है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मोदीनगर की सिखैड़ा मार्ग औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्टरी का निर्माण कार्य चल रहा है। फैक्टरी परिसर में दस दिन से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि फैक्टरी का निर्माण कौन करा रहा है।

निर्माण कार्य का ठेका नदीम नामक ठेकेदार पर है। नदीम हापुड से मजदूर लाकर काम निर्माण कार्य करा रहा है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को निर्माणाधीन फैक्टरी में तीन सौ मीटर तक लेंटर डाला गया था। गुरुवार शाम को आठ बजे के आसपास लेंटर डाला गया था। रात सवा आठ बजे हापुड के शिवपुरी कॉलोनी निवासी 20 वर्षीय विशाल व प्रिंस के साथ अन्य मजदूर लेंटर के नीचे लगी बल्लियों को चैक करने के लिए भेजा गया।

बताया जा रहा है कि इसी बीच लेंटर भरभराकर गिर गया। लेंटर के मलबे में विशाल ,प्रिंस ,ललित दब गए। चीख पुकार सुन मौके पर पहुंचे। मजदूरों ने एक घंटे के अंदर किसी तरह से मलबा हटाकर मजदूरों को बाहर निकाला। विशाल नामक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि प्रिंस व ललित को गंभीर हालात में निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मौके से निर्माण कार्य कराने वाले ठेकेदार व फैक्टरी स्वामी मौके से फरार हो गए। सूचना देने के बाद भी वह नहीं पहुंचे। बताया जा रहा है कि घटना के एक घंटे बाद परिजनों को विशाल की मौत होने की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने शव को फैक्टरी परिसर में रखकर हंगामा कर रहे है। परिजनों का आरोप है कि निर्माण कार्य में लापरवाही बरती गई है। जब हादसा हो गया था तो तुरन्त इसकी सूचना क्यों नहीं दी गई। उनका आरोप है कि विशाल की हत्या की गई और हादसा दिखाया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि दो दर्जन से अधिक मजदूर लेंटर डालने के लिए हापुड से लाए गए थे। लेंटर गिरते ही फैक्टरी स्वामी व निर्माण ठेकेदार नदीम निवासी सीकरी कलां मौके से फरार हो गए। लेंटर डालते समय भी मानको का पालन नहीं किया गया। बताया जा रहा है कि एक घंटे तक मजदूर मलबे में दबे रहे। यदि समय रहते ही जेसीबी मशीन से मलबा हट जाता तो शायद विशाल की जान बच सकती थी। प्रत्यक्षदर्शी बता रहे है कि मलबे में आधा दर्जन से अधिक मजदूर दबे है। हालाकि इसकी पुष्ठि नहीं हो पा रही है।

मोदीनगर के एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने कहा, सिखैड़ा औद्योगिक क्षेत्र में निर्माणाधीन फैक्टरी का लेंटर गिरा है। मलबे में दबकर एक मजदूर की मौत हुई है। जबकि दो मजूदर घायल बताए जा रहे है। फैक्टरी किसी की है ,इसका अभी तक पता नहीं चला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कानूनी पेशा सेवा है, पैसा कमाने का जरिया नहीं, केरल हाई कोर्ट बोले- हम घंटे के हिसाब से नहीं करते काम

**कोच्चि, एजेंसी।** केरल हाई कोर्ट ने गुरुवार को वकीलों के बारे में कुछ मौखिक टिप्पणियां कीं। कोर्ट ने जोर देकर कहा कि कानूनी पेशा समाज की सेवा है और उन्हें इसे पैसा कमाने का जरिया नहीं मानना चाहिए।

जस्टिस देवन रामचंद्रन की पीठ ने कहा कि कानूनी सेवा के लिए घंटे के हिसाब से शुल्क लेना एक गलत धारणा है और केरल में निश्चित रूप से इसका चलन नहीं है। उन्होंने कहा, आप इंटरनेट पर पढ़ने के बाद यहां आते हैं कि अमेरिकी और सभी क्या कर रहे हैं। हम घंटे के हिसाब से काम नहीं करते।




# कोई सोनिया गांधी के साथ एक टेबल पर बैठ ही नहीं सकता-मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा



**बरपेटा, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक बार फिर कांग्रेस और खासतौर से गांधी परिवार पर हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस के काम करने की तुलना भारतीय जनता पार्टी से की और कहा कि वहां सारे फैसले एक ही परिवार के डाइनिंग रूम में लिए जाते हैं। सरमा का दावा है कि लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस एक क्षेत्रीय पार्टी बनकर रह जाएगी। बरपेटा जिले में भाजपा कार्यालय के उद्घाटन में सीएम सरमा ने कहा, भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी है, जिसे कार्यकर्ताओं ने मिलकर बनाया है। लेकिन अगर आप कांग्रेस या अन्य दलों को देखेंगे, तो ये कार्यकर्ताओं ने नहीं बल्कि नेताओं और परिवारों के इर्द गिर्द घूमती रहती हैं। उन्होंने कहा, परिवार के डाइनिंग रूम में फैसले लिए जाते हैं और कार्यकर्ता सिर्फ उसका पालन करते हैं। परिवार की जरूरतों के हिसाब से एजेंडा और पार्टी की विचारधारा बदल जाती है। इस दौरान उन्होंने ओडिशा में हुई भाजपा की बैठक का किस्सा भी साझा किया। उन्होंने बताया कि वह यह देखकर हैरान थे कि अरुण जेटली, सुषमा स्वराज और धर्मेंद्र प्रधान जैसे बड़े नेता वहां मौजूद जनता से बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बैठक में मौजूद सभी लोगों के साथ भोजन किया। उन्होंने कहा, हमें बताया गया था कि भाजपा में ऐसे ही काम होता है। कांग्रेस में सोनिया गांधी के साथ एक टेबल पर या राहुल गांधी के बगल की कुर्सी पर बैठना अकल्पनीय है। सरमा ने आरोप लगाए, अगर कांग्रेस के मंच पर सोनिया गांधी के सामने कहें कि गांधी परिवार दूसरे नंबर पर आता है और देश पहले नंबर पर, तो मुझे आशंकाएं हैं कि इसे किस तरह से लिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, लेकिन मोदी जी ने खुद कहा है कि देश पहले, पार्टी दूसरे और परिवार तीसरे नंबर पर। यह भाजपा के संगठनात्मक आधार को दिखाता है। उन्होंने कहा, अमित शाह जैसे वरिष्ठ नेता किसी फैंसी होटल के बजाए पार्टी कार्यकर्ता के आवास पर भोजन करने में ज्यादा खुश होते हैं।

आरएनआई रजिस्ट्रेशन : जेएचएएचआईएन/2007/24306, समाचार पत्र के स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक सुमन कुमार द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,काठीटांड़,नियर टेंडर बगीचा,रातू,रांची(झारखंड)-835222 से मुद्रित एवं एच. आई.- 67,हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची (झारखंड)- 834002 से प्रकाशित,संपादकः सुमन कुमार। संपर्क नं. 9470578773,संपर्क नं. (का.) 0651-7960613,फैक्स नं. 0651- 7960613, ईमेलः purvanchalsurya@yahoo.co.in / purvanchalsurya0@gmail.com लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय से संबंधित सभी मामले रांची से ही निबटाये जाएंगे। ( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)